RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 276
लखनऊ, सोमवार, 29 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

विकलांगता के प्रति दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव
राष्ट्रीय-10

आईएएस प्रतिभागियों की दर्दनाक मौत से सदमे में दिल्ली

संजय राय। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज आईएएस स्टडी सेंटर के बेसमेंट में शनिवार को हुई बारिश के बाद पानी भरने से पानी में डूबने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही श्रेया यादव, नवीन दलविन की मौत हो गई थी। इसके बाद छात्रों के फोन पर व्हाट्स ऐप ग्रुप पर मदद के लिए संदेश आने शुरू हो गए। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके दोस्त कहां हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन ने केवल तीन छात्रों की मौत की पुष्टि की है लेकिन जिन छात्रों ने अपनी आंखों के सामने इस दुखद घटना को देखा, उनका दावा है कि मरने वालों की संख्या इससे अधिक है। इस दुःखत हादसे में जान गंवाने सभी छात्र सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके थे। जिसके परिणाम कुछ दिन पहले ही घोषित किए गए थे और वे अक्टूबर-नवंबर में होने वाली मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए रात दिन मेहनत कर रहे थे।

यहां हर तबके युवा अपने सुनहरे भविष्य को लेकर राष्ट्रीय राजधानी आते हैं। लेकिन इनमें से कई छात्र बेहद गरीबी और अभाव के बीच दिल्ली में तैयारी करते हैं। ताकि वे देश की सबसे प्रतिष्ठित सरकारी नौकरी में चयनित हो सकें। एक छात्र ने बताया कि यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों का एक व्हाट्स ऐप ग्रुप हैं। इस ग्रुप से बड़ी संख्या में छात्र एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। शनिवार को हुए हादसे के बाद वे अपने दोस्तों का हालत जानने के लिए परेशान है। प्रशासन की तरफ से उन्हें सही जनकारी नहीं दी जा रही है। अब भी उनके कई प्रियजन लापता है लेकिन अधिकारी सही तस्वीर नहीं बता रहे हैं। एक छात्र अंकित का आरोप है कि जब वे घटना के बाद देर रात विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तभी कुछ पुलिस कर्मियों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए उन पर सड़क पर जमा गंदा पानी भी फेंका।

ओल्ड राजिंदर नगर, आमतौर पर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से भरा रहता है, जो अपनी कक्षाओं में जाने की जल्दी में होते हैं। उनके पास विरोध प्रदर्शन का समय नहीं होता है। लेकिन इस घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जो अपने साथियों के बारे में चिंतित हैं। घटना के चौबीस घंटे बाद भी उनका पता नहीं चल सका है।

आयुष ने बताया कि पुलिस ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है जबकि उनके सामने बेसमेंट से पांच छह लोगों से ज्यादा लोगों को निकालकर ले जाया गया था। जब एंबुलेंस आई तो आसपास के लिए बिजली काट दी गई थी और एंबुलेंस के कपड़े से ढक दिया था ताकि सही स्थिति का पता न चले।

इस बीच, राम मनोहर लोहिया की मोर्चरी में मृतक के रिश्तेदारों में जबरदस्त गुस्सा था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें शवों को देखने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जबकि वे सुबह से इंतजार कर रहे हैं। हादसे में उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर की रहने वाली श्रेया यादव, तेलंगाना की रहने वाली तान्या सोनी और केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले नवीन दलविन की मौत हो गई। तान्या सोनी बिहार के औरंगाबाद की मूल निवासी थीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा थीं। उनके मित्र ने बताया कि वह डीयू के महाराजा अग्रसेन कॉलेज के महिला छात्रावास में रह रही थीं और डेढ़ महीने पहले ही उन्होंने कोचिंग संस्थान में दाखिला लिया था। वहीं केरल के एर्णाकुलम के रहने वाले नवीन दलविन जेएनयू से पीएचडी कर रहे थे। उन्होंने आठ महीने पहले ही कोचिंग संस्थान में दाखिला लिया था। वह वसंत कुंज इलाके में विश्वविद्यालय के पास ही किराए के मकान में रह रहे थे। तीनों मृतक अभ्यर्थियों के शव आरएमएल शवगृह में रखे हुए हैं और उनके परिजन इन्हें देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। जान गंवाने वाले तीनों अभ्यर्थियों के दोस्त भी अस्पताल पहुंचे और शनिवार को हुई घटना पर गुस्सा जाहिर किया। श्रेया यादव के चाचा धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी न्यूज चैनलों से मिली। उन्होंने श्रेया से फोन पर बात करने की कोशिश की लेकिन उसका फोन स्वीच ऑफ था। यहां तक कि कोचिंग सेंटर से भी (शेष पेज 9)

नई दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर इलाके में रविवार को राउज के. आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में तीन आईएएस अभ्यर्थियों की मौत के बाद करोल बाग मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में ले जाती पुलिस। फोटो : रंजन डिमरी/पायनियर

गैर कानूनी रूप से चल रही थी कोचिंग

राजेश कुमार। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज आईएएस स्टडी सर्किल सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई, जहां अवैध रूप से लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा था। ज्ञात रहे कि कोचिंग संस्थान को इस हादसे से ठीक 18 दिन पहले (9 जुलाई) अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी किया गया था। वहीं रविवार देर शाम एमसीडी प्रशासन ने बेसमेंट को सील कर दिया है। (शेष पेज 9)

दो लोग किए गए गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर में पानी भर जाने की घटना की जांच करने के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की है और कई दल गठित किए हैं। साथ ही राउज आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से अदालत ने दोनों को 14 दिन की न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।

पूरी घटना की जांच के लिए कई टीम गठित की गई हैं। हमने दिल्ली दमकल सेवा से उस इमारत और बेसमेंट के बारे में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा है, जिसका उपयोग एक पुस्तकालय के रूप में किया जा रहा था, लेकिन उसे भंडार कक्ष बताया गया था। बेसमेंट जमीन के स्तर से आठ फुट नीचे था और शनिवार शाम को उसमें 18 से ज्यादा छात्र मौजूद थे, जब भारी बारिश के बाद उसमें पानी भर गया था। पुलिस विभाग में सूत्रों के अनुसार, बेसमेंट का प्रवेश द्वार बंद था, लेकिन बारिश के पानी के अत्यधिक बहाव के कारण यह क्षतिग्रस्त हो गया और पानी उसमें घुस गया। अधिकारी ने कहा, हम घटनाक्रम का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद हम उन लोगों की पहचान करेंगे, जो घटना के दौरान संस्थान के करीब खड़े थे और उनके बयान दर्ज करेंगे। पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि राजेंद्र नगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 106 (1) (जल्दबाजी या लापरवाही में किए कार्य से किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनना, जो आपराधिक मानव वध की श्रेणी में नहीं आता), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा), 290 (इमारतों को गिराने, मरम्मत करने या बनाने के संबंध में लापरवाही) और धारा 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अब तक हमने दो लोगों- कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को हिरासत में लिया है। बचाव अभियान के दौरान बेसमेंट से दो छात्राओं और एक छात्र का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में मारे गए छात्रों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल में एर्नाकुलम के रहने वाले नवीन दलविन के रूप में की गई है।

विदेश यात्रा के लिए सभी के लिए टैक्स क्लियरेंस सर्टिफिकेट जरूरी नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विदेश जाने के लिए कर चुकता प्रमाणपत्र को अनिवार्य करने के बजट प्रस्ताव पर सोशल मीडिया में आक्रोश के बाद सरकार ने रविवार को स्पष्ट किया कि प्रस्तावित संशोधन सभी के लिए नहीं है। सरकार ने कहा कि ए प्रस्ताव केवल वित्तीय अनियमितताओं के आरोपियों या बड़े बकायदारों के लिए है और उन्हें ही इस तरह की मंजूरी लेनी होगी। वित्त मंत्रालय ने वित्त विधेयक, 2024 में काला धन अधिनियम, 2015 का संदर्भ उन अधिनियमों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को कर चुकता प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए अपनी देनदारियों को चुकाना होगा। मंत्रालय ने बयान में कहा, प्रस्तावित संशोधन में सभी निवासियों को कर चुकता प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230 के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति को कर चुकता प्रमाणपत्र हासिल करने की जरूरत नहीं है। केवल कुछ व्यक्तियों के मामले में ही ऐसा करना जरूरी है। मंत्रालय ने कहा कि आयकर विभाग ने 2004 की अधिसूचना के जरिए स्पष्ट किया है कि कर चुकता प्रमाणपत्र केवल कुछ परिस्थितियों में भारत में रहने वाले व्यक्तियों को लेना होगा। ऐसे मामलों में, जहां व्यक्ति गंभीर वित्तीय अनियमितताओं में शामिल है और आयकर अधिनियम या संपत्ति कर अधिनियम के तहत मामलों की जांच में उसकी (शेष पेज 9)

मनु ने बढ़ाया भारत का मान, पेरिस में जीता पहला पदक

भाषा। शेटराउ (फ्रांस)

स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को यहां महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक के भारत के 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। लंदन में विजय कुमार ने पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रजत जबकि गगन नारंग ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की एजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। किम की हमवतन ए जिन ओह ने 243.2 अंक से फाइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा ले रही मनु तोक्यो ओलंपिक से खाली हाथ लौटीं थीं। मनु ने कहा, तोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा। सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं। मनु का तोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान थी। उन्होंने कहा, मैं अपनी पूरी ऊर्जा के साथ लड़ रही थी। मैं आभारी हूं कि कांस्य पदक जीत सकी। मैंने भगवद गीता पढ़ी है और हमेशा वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए, बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया। पच्चीस मीटर पिस्टल स्पर्धा की विश्व चैंपियन निशानेबाज ने कहा, हम भाग्य से नहीं लड़ सकते। नौ बार की विश्व कप पदक विजेता ने कहा, मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं, आपको नहीं बता सकती। उन्होंने 580 अंक हासिल करने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भाकर ने कहा, जैसे ही क्वालीफिकेशन खत्म हुआ। मुझे नहीं पता था कि आगे कैसा रहेगा। हमने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने कहा, सभी दोस्तो, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का मेरे साथ डटे रहने के लिए धन्यवाद। उन्हीं की बदौलत मैं यहां खडी हूं। आप सभी ने मेरी जिंदगी को इतना आसान बना दिया। मैं अपने कोच जसपाल सर, मेरे प्रायोजकों ओजीक्यू और मेरे कोचों का धन्यवाद देना चाहूंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा कि यह और भी खास है क्योंकि वह निशानेबाजी में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला है। मोदी ने एक्स पर लिखा, ऐतिहासिक पदक। भारत के एकमात्र निशानेबाजी स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने कहा कि इस 22 साल की निशानेबाज के अथक समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून ने सचमुच रंग दिखाया।

ओलंपिक में रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल महिला में कांस्य पदक के साथ मनु भाकर। मनु भाकर ने फाइनल राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया। फोटो पीटीआई

विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडेय

पायनियरस समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष विधान सभा उत्तर प्रदेश तथा इन्द्रजीत सरोज को उपनेता, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक, राकेश कुमार वर्मा को उप सचेतक तथा आजमगढ़ के संग्राम सिंह यादव को सचेतक मनोनीत किया है। इस सम्बन्ध में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विधानसभा में समाजवादी पार्टी के निम्न विधायकों को जिम्मेदारी के पदों पर मनोनयन के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजा है। अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष विधान सभा उत्तर प्रदेश तथा इन्द्रजीत सरोज को उपनेता, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक, राकेश कुमार वर्मा को उप सचेतक तथा आजमगढ़ के संग्राम सिंह यादव को सचेतक मनोनीत किया है। राज्य विधानसभा के अधिष्ठातामण्डल के लिए इंद्रजीत सरोज, महबूब अली तथा ओम प्रकाश सिंह मनोनीत किए गए हैं।

अखिलेश यादव ने अति वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद पांडेय के उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उत्तरप्रदेश विधान सभा में वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि यह एक सार्थक, सकारात्मक और सुखद निर्णय है, इससे समाजवादी विचारधारा को गुणात्मक बल मिलेगा। माताप्रसाद पांडेय लोकबंधु राजनारायण और छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की परंपरा के समाजवादी हैं जिनके पास एक लंबा अनुभव और सशक्त विरासत है को मिलेगा । दीपक ने उम्मीद व्यक्त की कि प्रतिपक्ष जनता से जुड़े व्यवहारिक और सैद्धांतिक सवालों पर सरकार को घेरने और लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य पूर्ण प्रतिबद्धता से साथ करने में सफल होगा । दीपक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रथम नेता प्रतिपक्ष लोहिया के शिष्य लोकबंधु राजनारायण थे। चौधरी चरण सिंह, चंद्रभानु गुप्ता, नारायण दत्त तिवारी, कमला पति त्रिपाठी, मुलायम सिंह, कुंवर रेवती रमण सिंह, शिवपाल सिंह, अखिलेश यादव सदृश समाजवादी इस पद पर रह चुके हैं।

केरल के कॉलेज में नमाज के लिए विशेष स्थान मांगने पर विवाद

कुमार चेल्लप्पन। कोच्चि

केरल के मुवत्तुपुझा में वर्ष 1953 में स्थापित निर्मला कॉलेज एक नए विवाद का विषय बन गया है। कालेज में पढ़ने वाले सैकड़ों मुस्लिम छात्र कॉलेज प्रबंधन के साथ टकराव की स्थिति में हैं। गत शुक्रवार को एसएफआई (सीपीआई-एम की छात्र शाखा) और मुस्लिम लीग के नेतृत्व में मुस्लिम छात्रों ने प्रिंसिपल फादर जेस्टिन के कुरियाकोस का लगभग दो घंटे तक घेराव किया और नमाज अदा करने के लिए विशेष स्थान की मांग की। कैथोलिक चर्च ने राज्य के अव्वल छात्रों के लिए हायर एजुकेशन मुहैया कराने के लिए स्थापित करीब 71 साल पुराने कॉलेज के इतिहास में यह नई घटना है। फादर जेस्टिन कुरियाकोस ने रविवार को द पायनियर से बातचीत में कहा कि छात्रों की इस कार्रवाई से वह हैरान हैं, क्योंकि प्रिंसिपल, शिक्षकों या प्रबंधन का घेराव करना एक नई घटना है। अब तक मुस्लिम छात्र जुमे की नमाज अदा करने के लिए पास की मस्जिदों का इस्तेमाल करते थे। उन्हें विशेष कक्षा या सभागार की मांग क्यों करनी पड़ी, यह रहस्य बना हुआ है।

छात्रों की मांगों को कॉलेज प्रबंधन के समक्ष रखा गया जो इस पर विचार कर रहा है। प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संप्रदायों में विश्वास करने वाले छात्रों के लिए अलग से प्रार्थना कक्ष स्थापित करना आसान काम नहीं है। हालांकि उनका संस्थान ईसाई अल्पसंख्यक संस्थान है, लेकिन वह विश्वविद्यालय और सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हैं। हालांकि चर्च मामले को शांत करने और सौहार्दपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान करने के लिए उत्सुक है, लेकिन राज्य में हाल ही में हुए घटनाक्रम को ऐसे कारकों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिनके कारण यह तनाव का कारण बन रहा है।

सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका की सरकारों के साथ बातचीत और समन्वय करने के लिए एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को राज्य का विदेश सचिव नियुक्त करके भारत संघ से अलग होने का मिशन शुरू किया है। सरकारी सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि यह कदम लाइलाज बीमारी से भी बदतर साबित हुआ है क्योंकि विदेश मामला एक ऐसा क्षेत्र है जो केंद्र के विशेष अधिकार क्षेत्र में आता है। राज्य में मीडिया द्वारा नजरअंदाज की गई एक और मांग है मुवत्तुपुझा के लिए अलग जिले का निर्माण और राज्य को केरल और मालाबार के रूप में विभाजित करना। केरल की धार्मिक जनसांख्यिकी में बदलाव और मुवत्तुपुझा का धार्मिक उग्रवाद के केंद्र के रूप में उभरना लोगों के रवैये में बदलाव के लिए योगदान देने वाले कारकों के रूप में देखा जाता है।

क्रिश्चियन एसोसिएशन और अलायंस फॉर सोशल एक्शन ने छात्रों द्वारा कॉलेज के प्रिंसिपल को एक ऐसे मुद्दे पर धरना देने की निंदा की है जिसका शैक्षणिक प्रासंगिकता से कोई लेना-देना नहीं है। सीएएसए के संस्थापक केविन पीटर ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, उन्होंने ऐसे लोगों के बारे में सुना है जो धार्मिक समागम और नमाज के बहाने सार्वजनिक स्थानों पर जबरन कब्जा करके सामान्य जीवन और यातायात को बाधित करते हैं। कॉलेजों और स्कूलों को उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कॉलेज के आसपास तीन बड़ी मस्जिदें हैं और छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे इस सुविधा का उपयोग करें। केविन ने कहा, राज्य में कॉलेज और स्कूल का समय इस तरह से तय किया गया है कि दूसरे समुदाय के छात्र दूसरों को कोई असुविधा पहुँचाए बिना हर दिन नमाज पढ़ सकते हैं। सीपीआई(एम) और कांग्रेस जैसी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने अभी तक छात्र समुदाय के बीच अशांति पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

एनटीए ने सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणामों की रविवार को घोषणा की, जिससे स्नातक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया। दाखिला प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हो गया है। एनटीए ने सात जुलाई को सीयूईटी-यूजी 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी थी, जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। लगभग एक हजार अभ्यर्थियों की शिकायत सही पाए जाने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) (नीट-यूजी) और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के (शेष पेज 9)

राष्ट्रीय चेतना का सशक्त माध्यम है 'मन की बात'

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय भारत को प्रदान कर रहे नई दिशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से 'मन की बात' की। पीएम ने रविवार को अनेक मुद्दों पर अपनी राय रखी। मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखकर 'मन की बात' की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %मन की बात% में उनके उद्बोधन को प्रेरणादायी बताया। सीएम योगी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के जज्बे का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़े हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की भी चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश समेत समूचे देशवासियों से इस जनआह्वान से जुड़ने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना और जन-जागरण का एक अद्वितीय एवं सशक्त माध्यम है। यह न केवल देशवासियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करता है, बल्कि हम सभी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। सीएम ने लिखा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा उठाए गए विषय आज जन-आंदोलन का रूप लेकर समूचे भारत को नई-नई दिशाएं प्रदान कर रहे हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान', 'वोकल फॉर लोकल', 'हर घर तिरंगा' और 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे अनेक अभियान इसके सशक्त प्रमाण हैं। आज उन्होंने कार्यक्रम में बढ़ते भारत और यहां विरासतों के संरक्षण की दिशा में हो रहे कार्यों पर प्रमुख रूप से चर्चा की है। इस विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम और उनके जज्बे व प्रतिभा का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि चार स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल करते हुए ओवरऑल टैली में शीर्ष पांच में पहुंचकर समूचे विश्व में भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम का हार्दिक अभिनंदन! इस उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि टीम के सदस्य कनव तलवार ग्रेटर नोएडा, आदित्य वेंकट गणेश पुणे, सिद्धार्थ चोपरा पुणे, अर्जुन गुप्ता दिल्ली, रुशील माथुर मुंबई और आनंदो भादुरी गुवाहाटी के नेतृत्व में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि असंख्य युवाओं के लिए अथाह प्रेरणा प्रदान करने वाली है। टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार जताया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की सिद्धि की दिशा में स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली एक अभिनव पहल का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों को के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया है। यह पहल लघु उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देकर लाखों-करोड़ों भारतीयों के जीवन में समृद्धि लाएगी। सीएम ने आमजन से अपील की कि 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अंगीकार करते हुए अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों की तस्वीरें के साथ पोस्ट कर प्रधानमंत्री के इस पहल को सफल बनाएं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि इस प्रेरक पहल के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर हर घर तिरंगा अभियान की भी चर्चा की। इससे जुड़ने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखकर राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करने की अपील की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में 15 अगस्त 'स्वतंत्रता दिवस' के साथ जुड़े 'हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी से देश की शान तिरंगे के साथ पूर्व की भांति इस वर्ष भी अपनी सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करने का आह्वान किया है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों से अपील करते हुए लिखा कि आइए, भारत माता के सभी वीर सपूतों, ज्ञात/अज्ञात अमर बलिदानियों और राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए इस जन-आह्वान से हम सब जुड़ें।

सीएम योगी के 'बाघ मित्र' की पीएम मोदी ने की तारीफ

● पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आठ वर्ष में ही तीन गुना से अधिक हुए बाघ ● अक्टूबर 2023 में पीलीभीत में किया था बाघ मित्र ऐप का शुभारंभ

लखनऊ। सोमवार को विश्व बाघ दिवस है। इसके पूर्व रविवार को 'मन की बात' के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की चर्चा और तारीफ की। पीलीभीत में पहले आए दिन मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। इस पर काफी हद तक अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं पिछले वर्ष अक्टूबर 2023 में सीएम योगी ने पीलीभीत में ही बाघ मित्र ऐप का शुभारंभ किया। वर्तमान में पीलीभीत में 120 से अधिक बाघ मित्र बनाए जा चुके हैं। इनमें चार महिलाओं समेत कई युवा, बुजुर्ग भी शामिल हैं। जो व्हाट्स ग्रुप पर बाघ या अन्य जानवरों की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। इस पर तत्काल वन विभाग की टीम मुश्तैद होकर बाघ की लोकेशन लेते हुए आमजन की सुरक्षा में जुट जाती है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पहले पीलीभीत में आए दिन मानव वन्यजीव संघर्ष की अप्रिय घटनाएं होती थीं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। उद्देश्य ऐसी अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाना था। यह कार्यक्रम काफी प्रभावी रहा। इसके बाद 2023 अक्टूबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत पहुंचकर बाघ मित्र ऐप की लॉंचिंग भी की।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की स्थापना 2014 में की गई थी। उस समय यहां 24 टाइगर थे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर टाइगर के संरक्षण व संवर्धन पर कार्यक्रम शुरू किए गए। दुनिया भर में जितने भी बाघ हैं, उसके 70 फीसदी भारत में पाए जा रहे हैं। इसमें उत्तर प्रदेश का भी अमूल्य योगदान है। 2022 में पीलीभीत में टाइगर की गणना की गई थी। महज आठ वर्ष में यहां तीन गुना बाघ बढ़ गए। उस समय हुई गणना के मुताबिक अभी भी यहां 72 बाघ हैं। सरकार के सार्थक प्रयास के परिणाम भी दिखे हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि बाघ मित्रों का व्हाट्सग्रुप बनाया गया है। इसमें 120 बाघ मित्र जुड़े हैं। यह आसपास के गांवों के रहने वाले लोग हैं। इन्हें वॉलंटियर्स के रूप में जोड़ा गया है। इसमें चार महिलाएं समेत अन्य युवा, बुजुर्ग भी शामिल हैं। बाघ मित्र होने के लिए आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। बाघ मित्र के बारे में श्री सिंह ने बताया कि जंगल की समीप के पांच कमी. दूर के गांवों के ग्रामीणों को बाघ मित्र बनाया गया। उन्हें वन विभाग की तरफ से प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि जंगल से बाहर बाघ या कोई अन्य जानवर दिखे तो तुरंत बाघ मित्र ग्रुप में इसकी सूचना दें, साथ ही फोन कर विभाग को भी जानकारी दें। इससे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल अलर्ट हो जाते हैं और टीम को रवाना कर देते हैं। इसके जरिए समय रहते हमारी टीम एक्शन में आ जाती थी। वहीं बाघ मित्र ऐप में जानवर की फोटो खींचकर ग्रामीण अपडेट कर सकते हैं। कई बार वे जानवर की सही पहचान नहीं कर पाते थे। इससे दिक्कत होती थी। फोटो अपडेट होने पर विभागीय लोग जानवर को पहचान लेते हैं। इससे लोकेशन भी मिल जाती है कि जंगल से बाघ की दूरी कितनी है। यदि बाघ खेत के पास है तो पहले मॉनीटरिंग टीम भेजते हैं। बाघ मित्र कार्यक्रम निरंतर चलाकर लोगों को सजग, सुरक्षित रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में रविवार को बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना की। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में जनपद पीलीभीत में संचालित बाघ मित्र कार्यक्रम का विशेष उल्लेख किया है। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा बाघ मित्र कार्यक्रम पहल की सराहना निश्चित रूप से सभी बाघ मित्रों में नवीन उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी।

संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना होगा: अजय राय

● 'सोशल आउटरीच कांग्रेस' प्रदेश के समस्त विभागी कार्यालयों के बाहर लगाएगी न्याय पेटिका

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल आउटरीच विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के संयोजक विक्रम पाण्डेय जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्रदेश की जनता समस्याओं से पीड़ित है, जनता की कही भी सुनवाई नहीं हो रही है वह त्राहि त्राहि कर रही है। शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण पात्र व्यक्ति को उसका हक नही मिल पा रहा है। उक्त सभी जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ''सोशल आउटरीच कांग्रेस'' की बैठक में विचार विमर्श कर इस संदर्भ में निर्णय लिया गया है।

बैठक के दौरान प्रदेश की पीड़ित जनता की समस्याओं के निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जैसे प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर मुख्य कार्यालयों के बाहर जैसे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रोडवेज अधिकारी कार्यालयों के बाहर ''सोशल आउटरीच कांग्रेस'' द्वारा एक न्याय पेटिका लगाई जायेगी जिसमे कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं का प्रार्थना पत्र डाल सकता है उक्त पेटिका पर हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्स एप नंबर तथा ईमेल आईडी भी लिखी होगी जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लिख के भेज सकता है उस पेटिका के सुचारू संचालन व क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ''सोशल आउटरीच कांग्रेस'' के जिला अध्यक्ष व जिला न्याय समिति की होगी।

बैठक में उपस्थित सोशल आउटरीच विभाग के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से यह बात सिद्ध हो चुकी है कि अब देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस की ओर देख रही है। ऐसे में हमें एक साथ मिलकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना होगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस पुनीत कार्य में जहां भी आपको मेरी आवश्यकता होगी वहां आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके संघर्ष में साथ रहूंगा।

सोशल आउटरीच विभाग के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय जी ने कहा कि हम इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक पूरी मजबूती के साथ लोगों की आवाज उठाकर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करेंगे तथा इस संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम करेंगे। बैठक में सोशल आउटरीच विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद बंसल, कुलदीप अत्रेय, आफताब हैदर, दीप्ति सिंह, नमिता नमन, सरिता चौधरी, सरफराज, आजेन्द्र पाण्डेय, इंतजार नकवी, इमरान नकवी, सुधीर दुबे, गुरमीत सिंह सहित भारी संख्या में विभाग के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रिश्वत लेने-देने वाले चकबंदी लेखपाल व कनिष्ठ सहायक पर एफआईआर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत रविवार को हमीरपुर में रिश्वत लेने व देने के मामले में चकबंदी लेखपाल और कनिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। इसके अलावा दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध करते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि हमीरपुर में तैनात चकबंदी लेखपाल प्रखर चौधरी एवं कनिष्ठ सहायक प्रशांत पांडेय द्वारा रिश्वत लेने और देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसका संज्ञान लेते हुए मामले की जांच सहायक चकबंदी अधिकारी खालिद अंजुम से करायी गयी। उन्होंने प्रथम दृष्टया दोनों को दोषी पाया और अपनी रिपोर्ट बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी हमीरपुर को सौंपी। जिसके बाद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने दोनों को निलंबित करते हुए विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की। साथ ही दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध कर दिया। चकबंदी अधिकारी विमल कुमार एवं जेके पुष्कर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर चकबंदी आयुक्त अनुराग पटेल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं।

● बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय से किया गया संबद्ध

महाकुंभ की तैयारियों को लेकर मिशन मोड में सरकार

● डेढ़ लाख अस्थाई शौचालयों की होगी व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर मिशन मोड में जुटी हुई है। 12 साल में एक बार होने वाले सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती। महाकुंभ के दौरान विशेष अवसरों पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पुण्य की डुबकी लगाने प्रयागराज में संगम तट पर उमड़ेंगे। आस्थावानों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन को स्वच्छ बनाने पर भी विशेष जोर दे रही है।

महाकुंभ के दौरान 10 हजार से अधिक कर्मचारी स्वच्छता की जिम्मेदारी उठाएंगे। स्वच्छ कुंभ को समर्पित योगी सरकार पूरे मेला क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख अस्थाई सामुदायिक एवं शिविर शौचालयों और मूत्रालयों को स्थापित करेगी। इसके लिए 300 से अधिक सक्शन गाड़ियां और जेट स्प्रे सफाई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। शौचालयों की सफाई के लिए क्यूआर कोड के जरिए सेवा स्तर की निगरानी की जाएगी।

कुंभ नगरी को स्वच्छ रखने के लिए 120 टिपर-हॉपर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक को लगाया जाएगा। इन वाहनों की जीपीएस से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा 25 हजार से अधिक लाइनर बैग युक्त डस्टबिन भी कुंभ मेला क्षेत्र में रखी जाएंगी। इन्हें प्रतिदिन तीन बार बदला जाएगा। बात सफाई कर्मचारियों की करें तो कुंभ के दौरान 10 हजार 200 कर्मियों की तैनाती होगी। ये 850 समूहों में काम करेंगे। योगी सरकार सभी सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का भी निर्माण कराएगी। सफाई कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा।

योगी सरकार की योजना ने यूपी की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

● अब तक बीसी सखियों ने 27 हजार करोड़ की धनराशि का किया ट्रांसजेक्शन

लखनऊ। योगी सरकार की बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि वह देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान भी दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना काल के दौरान मई 2020 में बीसी सखी योजना की घोषणा कर महिलाओं को रोजगार देने और आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल की थी। सीएम योगी की दूरदर्शी पहल का असर भी दिखायी दे रहा है। योजना से जुड़ी महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर करने के साथ ग्राम समाज की रीढ़ बनकर उभरी हैं। दरअसल, योजना के बाद से ग्रामीणों को अपना पैसे जमा और निकालने के लिए बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, अब उन्हें लोन के लिए भटकना भी नहीं पड़ता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को देने एवं हर गांव में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए वन जीपी-वन बीसी का लक्ष्य रखा गया है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता के तहत एक ग्राम पंचायत एक बीसी कार्यक्रम के तहत अब तक 37 हजार से अधिक बीसी सखी द्वारा लगभग 27 हजार करोड़ की धनराशि का ट्रांजेक्शन किया गया है। इसके जरिये बीसी सखियों ने अब तक 72.31 करोड़ की धनराशि कमीशन के रूप में अर्जित की है। अब तक बीसी सखियों द्वारा 10.58 करोड़ बार बैंकिंग ट्रांसजेक्शन किया गया है। वर्तमान में सीएम योगी की बीसी सखी योजना से ग्रामीण क्षेत्र की हर महिला जुड़ना चाहती है। इसका अंदाजा हम इससे लगा सकते हैं कि प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी के लिए सात राउंड में 7,71,967 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। वहीं बीसी सखी के प्री-सलेक्टेड स्टैंडबाई अभ्यर्थियों की संख्या 2,91,146 है। योजना के तहत 51 हजार बीसी सखी को प्रशिक्षित करने के साथ आईआईबीएफ द्वारा सर्टिफाइड किया गया है। वर्तमान में बीसी ऑपरेशंस द्वारा 39,014 ग्राम पंचायतों में योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में बीसी सखी योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन सुल्तानपुर की बीसी सखी प्रियंका मौर्य का रहा है। वह 31 अगस्त 2021 को योजना से जुड़ी थीं। 929 बैंकिंग कार्य दिवस में 926 दिन में 60 करोड़ से अधिक धनराशि का ट्रांसजेक्शन किया। बीसी सखी प्रियंका मौर्य ने 1,32,393 ट्रांसजेक्शन कर 15,84,033 रुपये कमीशन अर्जित किया है। बीसी सखी प्रियंका मौर्य ने सीएम योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सीएम योगी का सपना बीसी सखी योजना साकार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं इससे जुड़ना चाहती हैं। वह इससे जुड़ने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हैं। वहीं इसका सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। उन्हे बैंक से पैसे निकालने और जमा करने के लिए बैंक जाने के साथ लाइन में लगने से छूटकारा मिल गया है। साथ ही आने-जाने में खर्च होने वाले पैसे भी बच रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I, 15812738X Hav Debasish Tripathy, COD Kanpur residing at Qtr No- B/284, Sector-2, Rourkela-6, Dist- Sundergarh, PIN-769006, ODISHA has changed my mother's Name & D.O.B Premalata Tripathy (05 Oct 1959) instead of Premlata Tripathy (05 Mar 1959) vide Affidavit No 94AE659444 dated 24 Jul 2024 for correct documentation

NOTICE

I, 15825935Y Nk Kuljeet Singh, COD Kanpur residing at Vill-Isharheri, Post Massingan, Teh - Patiala, Distt- Patiala, PIN-147111, State-Punjab has changed name & D.O.B of my father Ranjit Singh (29 Aug 1968) instead of Ranjeet Singh (01 Jan 1973) & my mother Nirmla Devi (23 Apr 1974) instead of Nirmala Devi (01 Jan 1973) vide Affidavit No 94AE659455 dated 25 Jul 2024 for correct documentation.

आवश्यकता है

विशेश्वर दयाल महाविद्यालय
कोन्सर चौराहा, बिसवां, सीतापुर-261201
आवश्यकता
बी.ए. (चित्रकला एवं भूगोल)
एम.ए. (गृहविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र)
विषय हेतु शिक्षक की।
योग्यता एवं वेतनमानः यूजीसी/राज्य सरकार/लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाणपत्र एवं नवीनतम 4 फोटोग्राफ महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर डाक द्वारा अविलम्ब 15 दिनों के अन्दर भेज सकते है।
प्रबन्धक-7084852752

काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का होगा श्रृंगार

● आज भक्त करेंगे बाबा के विशेष स्वरूप का दर्शन



लखनऊ/वाराणसी। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के शंकर पार्वती स्वरूप का दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के हर सोमवार को विशेश्वर के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रावण मास का आज दूसरा सोमवार है। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। बाबा हर सोमवार को अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शनं दे रहे हैं। बाबा के भक्त श्री विश्वेश्वर के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंच कर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी और सुधार करती जा रही है। इसके तहत सावन के दूसरे सोमवार से दर्शनार्थियों को भीड़ से बचाने के लिए एक लाइन लगाई जाएगी और धाम की क्षमता के अनुसार ही बैरिकेडिंग कर भक्तों को धाम में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भी बाबा विश्वनाथ के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। शिव भक्त सावन के दूसरे सोमवार को अपने बाबा के विशेष स्वरूप शंकर पार्वती के रूप में दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव के गौरी शंकर (शंकर पार्वती) स्वरूप का श्रृंगार होगा। श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे।

सावन के दूसरे सोमवार को सभी प्रवेश मार्गों से कतार व्यवस्था को एकीकृत करते हुए सिंगल लाइन की व्यवस्था रखी गई है, जिससे दर्शनार्थियों को लाइन व्यवस्था में भीड़ का सामना न करना पड़े। प्रत्येक 50 मीटर पर लाइन व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए बैरियर लगाया गया है। धाम में लगे बैरिकेडिंग की क्षमता के अनुसार ही दर्शनार्थियों को छोड़ा जाएगा। सावन के पहले सोमवार की भांति दूसरे सोमवार को भी नंदूफेरिया, सिल्को गली, ढुंढिराज गणेश, ललिता घाट, सरस्वती फाटक प्रवेश मार्ग से श्रद्धालु बाबा के चौखट तक पहुंच पाएंगे। सीएम योगी पहले सोमवार को बाबा के दर्शन करने पहुंचे थे। सीएम ने सभी अधिकारियों को आस्था के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी विशेष जोर देने का निर्देश दिया था।

मोहिनी बी0 मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज
(अल्पसंख्यक संस्थान)
सम्बद्ध – छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं0-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर-208017
प्रवेश एम0एड0 2024-26
एम0एड0 सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं, अर्हता एन0सी0टी0ई0 के मानकानुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी एम0एड0 2024-26 में प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म महाविद्यालय के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिये हमारी वेबसाइट www.mbmgdc.in पर जायें। प्रबन्धक

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

अनु. क्र.	कर्जदाता (ओं) का नाम (ए)	गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी)	एन.पी.ए की तारीख (सी)	बकाया राशि (रू.) (डी)
1.	कर्ज खाता क्र. HLLALKN00356182 1. मां वैष्णो देवी एजुकेशनल ट्रस्ट (इसके ट्रस्टी के माध्यम से) 2. अजय राज अग्रवाल 3. अभय राज अग्रवाल 4. साधना अग्रवाल 5. हर्षित धवन 6. भारतीय मुक्त विद्यापीठ लिमिटेड 7. साधना सिटी होम्स प्राइवेट लिमिटेड	कमर्शियल प्रॉपर्टी बेअरिंग प्लॉट नंबर सी. पी. 02 के सभी भाग और खंड, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर है, विराज खंड में स्थित, गोमती नगर, योजना, लखनऊ - 226301, उत्तर प्रदेश	04.07.2024	रु. 81,50,744.32/- (रुपए इक्यासी लाख पचास हजार सात सौ चौवालीस और बत्तीस पैसे मात्र) 19.07.2024 के अनुसार

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं
इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड
स्थान : लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी

चार मंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक मॉडल हाउस में चार मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग ने चंद मिंटो में देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल टीम को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। शहर की सबसे व्यस्त रहने वाली मार्केट अमीनाबाद में आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अमीनाबाद के चार मंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से अचानक आग फैल गयी।

देखते ही देखते आग का धुआं पूरी बिल्डिंग में पहुंच गया। सीएफ ओ मंगेश कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर मॉडल हाउस के चौथे फ्लोर पर एक ऐसी में आग लगने की सूचना पाकर हजरतगंज स्थित फायर स्टेशन से दमकल की चार गाड़ियों को रवाना किया गया। चार मंजिला इमारत में जहां कुछ लोग किराए पर रहते थे। उसी में कई दुकानें भी थी जिसमें एक दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगने से पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया था। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर सकुशल निकालकर आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया की आग लगने के बाद एकदम से काला धुंआ दिखाई दिया। बिल्डिंग में धुआ भरने से लोग दम घुटने के कारण छत की तरफभागने लगे। फिर सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग को बुझाया। दमकल कर्मी सुजीत सिंह ने बताया की वह और उसके दो अन्य साथी प्रवेश कुमार और आशीष पांडेय ने सीढ़ी लगाकर चारों युवाओं को सकुशल बाहर निकाला। बिल्डिंग में कई दुकाने जिम और कुछ कमरा किराए पर भी चल रहे हैं। इसके बावजूद भी कोई इमरजेंसी एग्जिट नहीं है और ना ही अग्निशमन यंत्र मौजूद है।

सीएम योगी ने कोचिंग सेंटर की घटना पर व्यक्त किया गहरा दुख

● लिखा, मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ, प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना की

लखनऊ। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने के बाद जान गंवाने वाले 3 छात्रों में एक छात्रा यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। उसने लगभग एक माह पहले ही कोचिंग सेंटर में एडमिशन लिया था। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना पर दुख जातते हुए प्रशासन को पीड़ित परिवार की मदद करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद अंबेडकरनगर जिलाधिकारी, एसपी, एडीएम एफआर और एसडीएम छात्रा के घर पहुंचे। साथ ही परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान जिला प्रशासन छात्रा के परिजनों की हर संभव मदद को आगे आया।

मुख्यमंत्री ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की और प्रशासन को हर संभव मदद के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिल्ली कोचिंग सेंटर की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली स्थित कोचिंग सेंटर में एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में हुई विद्यार्थियों की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस दुर्घटना में असमय काल-कवलित हुए जनपद अबंडेकरनगर की छात्रा के शोकाकुल परिजनों से मिलने और दिल्ली के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी हर संभव मदद करने का निर्देश अधिकारियों के देने की बात लिखी। अंत में सीएम योगी ने प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति प्रदान करें। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर की घटना में जान गंवाने वाली अंबेडकरनगर के हाशिमपुर बरसांवा गांव की छात्रा श्रेया यादव के घर जिला प्रशासन को भेजने के निर्देश दिये। साथ ही इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी अंबेडकरनगर अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एडीएम एफआर सदानंद गुप्ता और एसडीएम सौरभ शुक्ला छात्रा श्रेया के घर पहुंचे। यहां पर उनकी मुलाकात छात्रा के पिता राजेंद्र यादव, माता और दो भाइयों के साथ अन्य परिजनों से हुई। जिला प्रशासन ने सभी को सांत्वना दी। साथ ही हर संभव मदद देने की बात कही। डीएम अविनाश सिंह के मुताबिक छात्रा श्रेया के पिता राजेंद्र यादव ने बताया कि उनके छोटे भाई धर्मेंद यादव दिल्ली में ही रहते हैं। वह छात्रा के लोकल पैरेंट्स थे। इस पर एडीएम एफआर सदानंद गुप्ता ने छात्रा के चाचा धर्मेंद्र यादव से बातचीत की। उन्होंने बताया कि छात्रा का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। इस पर एडीएम एफआर ने राजेंद्र नगर के इंस्पेक्टर से बात कर तत्काल पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इसके बाद राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली में छात्रा का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं मंत्री गिरीश चंद्र यादव और सतीश शर्मा भी छात्रा के घर मौजूद रहे। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा के शव को दिल्ली से अंबेडकरनगर से लाया जा रहा है।

दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद

● मोहनलालगंज पुलिस टीम को डीसीपी तेजस्वरूप सिंह ने दी शाबाशी दस हजार के ईनाम की घोषणा

मोहनलालगंज। राजधानी समेत आसपास के जिलों से वाहन चोरी कर नेपाल ले जाकर बेचने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की हुई दस मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। डीसीपी ने गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम के लिए दस हजार के ईनाम की घोषणा की है।

मोहनलालगंज में हरिकंश गढ़ी नहर पटरी के निकट किसान पथ अंडर पास पर पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर अलर्ट पुलिस टीम ने वहां से गुजर रहे बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार दो लोगों को रोककर पूछताछ शुरू की तो दोनों सकपका गए। सख्ती से पूछताछ के बाद दोनों ने बाइक चोरी की होने की बात कबूल कर ली। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने मोहनलालगंज के खुझौली और कस्बे से तीन बाइक चोरी करने की बात भी स्वीकार कर ली। डीसीपी तेजस्वरूप सिंह ने बताया दोनों आरोपी शातिर वाहन चोर हैं जिनकी काफी लंबी हिस्ट्रीशीट है। दोनों की पहचान उन्नाव जिले के छूलामऊ निवासी जयप्रकाश उर्फ प्रकाश उर्फ बाबादीन और नागेंद्र गौतम के रूप में हुई है।डीसीपी ने बताया दोनों शातिर चोर रेकी कर मोहनलालगंज कृष्णानगर आशियाना सरोजनीनगर तेलीबाग और पीजीआई समेत आसपास के अन्य जिलों में भी वाहन चोरी की वारदातें अंजाम देते हैं। एसएचओ आलोक राव की अगुवाई वाली पुलिस टीम ने दोनों शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर जंगल से दस मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जबकि आरोपी कुछ अन्य मोटरसाइकिलें चोरी छिपे बिक्री कर चुके हैं। जिनके बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

साथी की मदद से नेपाल ले जाकर बेंचते थे चोरी की बाइक

डीसीपी तेजस्वरूप सिंह ने बताया पूछताछ में पता चला दोनों आरोपी अपने साथी आरिफ उर्फ शरीफ की मदद से नेपाल में ग्राहक खोजकर चोरी की बाइक अच्छे दामों में बिक्री करते हैं। फिर रुपए आपस में बांट लेते हैं। डीसीपी ने बताया वाहन चोरी गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटाई गई है। जिनकी तलाश की जा रही है। अन्य आरोपियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

युवा डॉक्टरों के प्रशिक्षण से 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस खत्म करना संभव

● एसजीपीजीआई में मनाया गया विश्व हेपेटाइटिस दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जनसमुदाय और स्वास्थ्यकर्मियों के बीच वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। रविवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर, संजय गांधी पीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग ने वायरल हेपेटाइटिस पर स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय मास्टर क्लास का आयोजन किया। हेपेटोलॉजी विभाग उत्तर प्रदेश राज्य का पहला ऐसा विभाग है जो गंभीर यकृत रोगों से पीड़ित रोगियों को समर्पित सेवाएं प्रदान कर रहा है।

विभाग राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वायरल हेपेटाइटिस के निदान और उपचार के लिए एक नि:शुल्क उपचार केंद्र चला रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हेपेटाइटिस बी और सी पर विशेष ध्यान देने के साथ विभिन्न प्रकार के वायरल हेपेटाइटिस पर व्याख्यान और चर्चा की व्यापक श्रृंखला शामिल थी। चूंकि वायरल हेपेटाइटिस घातक हो सकता है और सालाना लाखों लोगों की जान ले रहा है, इस नवगठित विभाग की पहल चिकित्सा कर्मियों और समाज के लिए गेम चेंजर हो सकती है। इस मौके पर डॉ. आर के धीमन ने बताया कि वायरल हेपेटाइटिस को 2030 तक तभी खत्म किया जा सकता है, अगर हम अपने युवा डॉक्टरों और प्रैक्टिसिंग चिकित्सकों को वायरल हेपेटाइटिस के महत्व के बारे में प्रशिक्षित कर सकें। हेपेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अमित गोयल पाठ्यक्रम निदेशक थे और उन्होंने वायरल हेपेटाइटिस के निदान और प्रबंधन पर व्याख्यान दिया और पूरे

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. अमित, वायरल हेपेटाइटिस के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोगी केंद्र के प्रमुख भी हैं और डब्ल्यूएचओ में वायरल हेपेटाइटिस के विषय विशेषज्ञ के रूप में भी काम करते हैं। कार्यशाला विशेष रूप से हेपेटाइटिस ए से ई सहित वायरल हेपेटाइटिस बी पर केंद्रित थी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आर के धीमन उपस्थित थे और उन्होंने वायरल हेपेटाइटिस की जांच और शीघ्र उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार ने जोर देकर कहा कि वायरल हेपेटाइटिस एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। डॉ. अमित गोयल ने टीकाकरण रणनीतियों और नैदानिक तौर-तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। हेपेटोलॉजी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा और डॉ. सुरेंद्र सिंह ने भी छात्रों को शिक्षित किया और इंटरैक्टिव सत्र सुनिश्चित किए। इस गतिविधि में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और मेदांता अस्पताल के कई प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने संकाय के रूप में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखनऊ और आसपास के कई जिलों के 150 से अधिक मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों ने भाग लिया। छात्रों को वायरल हेपेटाइटिस पर अपना शोध कार्य दिखाने का भी अवसर दिया गया और इसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया।

मुख्यमंत्री ने मनु भाकर को दीं शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पेरिस ओलंपिक-2024 में मनु भाकर ने भारत को पहला पदक दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा 221.7 स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि पेरिस ओलंपिक-2024 में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर मां भारती को गौरवभूषित करने वाली प्रख्यात निशानेबाज मनु भाकर जी को हार्दिक बधाई! उनकी यह जीत असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि विजय का यह क्रम अनवरत जारी रहे, स्वर्णिम भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।

नगर निगम ने ड्रोन से एंटी लार्वा का किया छिड़काव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एंटी लार्वा के छिड़काव पर नगर निगम द्वारा ड्रोन तकनीकि का उपयोग किया गया। शहर में ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू हो गया है। घंटाघर के पास स्थित तालाब में ड्रोन से एंटीलार्वा श्मॉस्क्युटो लारविसाइडल ऑयल का छिड़काव किया गया। इसके पहले प्रयोग के तौर पर पिछले चार दिनों से कुछ स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा है। अब शहर के जलाशयों और घनी बस्तियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने के लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी।

शनिवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र के 500 तालाबों में भी ड्रोन से एंटी लार्वा छिड़का जाएगा। चौक घंटाघर के पास शाम को 10 हजार लोगों की भीड़ होती है। ऐसे में मच्छरों के काटने से डेंगू.मलेरिया बढ़ने का खतरा रहता है। इसलिए ड्रोन की मदद ली जा रही है ताकि झटपट कम समय में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। इसके लिए बैटरी चालित कृषि ड्रोन का प्रयोग किया जा रहा है।

एक बार चार्ज होने के बाद एक से डेढ़ घंटे तक ड्रोन एंटी लार्वा का जगह जगह छिड़काव कर सकता है। यानी एक चार्ज में यह ड्रोन सघन बस्तियों की 10 से 15 गलियों में आसानी से नालियों पर एंटी लार्वा छिड़काव कर के वापस लौट सकता है। इसी तरह झीलों, तालाबों में यह कार्य मात्र 10 से 15 मिनट में हो सकता है। कमिश्नर रोशन जैकब ने कुछ दिन पूर्व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए ड्रोन की मदद लेने का निर्देश दिया था। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि फि लहाल दो ड्रोन परीक्षण के तौर पर प्रयोग में लाए गए। इनकी मदद से पीजीआई के पासए कल्ली पश्चिम समेत कई इलाकों में तेजी से एंटी लार्वा छिड़काव हो गया। ड्रोन से समय भी कम लगता है। अब किराए पर प्रतिघंटे के आधार पर दो और ड्रोन लिए जाएंगे। इससे एंटी लार्वा का छिड़काव कम समय में व्यापक स्तर पर किया जा सकेगा।

मच्छरों के पनपने की जगह तलाशने के साथ छिड़काव

ड्रोन की मदद से सिर्फएंटी लार्वा का छिड़काव ही नहींए मच्छरों के पनपने वाले स्थान का भी आसानी से पता चल जाएगा। साथ ही बिजली की लाइनों और तंग स्थान जहां पहुंचना आसान नहीं, वहां भी ड्रोन से छिड़काव किया जा सकेगा।

लखनऊ सहित 16 जिलों को बारिस का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मॉनसून में अबकी बार बारिश यूपी के 13 जिलों में ही खूब हुई। लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, उन्नाव समेत 16 जिले बारिश को तरस गए। इन जिलों में लोग अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मॉनसून को लेकर नई जानकारी सामने आई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मॉनसून धीरे.धीरे सभी जिलों की ओर आगे बढ़ रहा है। मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, झांसी, ललितपुर, प्रतापगढ़ और इटावा सहित कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं बिजनौर, बदायूं, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, गाजियाबाद, नोएडा, सहारनपुर, बुलंदशहर और मुजफ्फ रनगर सहित कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, उन्नाव सहित 16 जिलों में 54 दिनों के दौरान कुल 12 से 13 दिन ही अच्छी बारिश हुई। एक जून से 24 जुलाई तक इन जिलों में बारिश 40 से लेकर 60 फीसदी तक कम हुई। इसकी वजह मानसूनी हवाओं की मुख्य धारा का यूपी के ऊपर से खिसकना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार मानसून की ट्रफ लाइन जहां से गुजरती है, आसपास खूब बारिश होती है। यूपी में ट्रफलाइन ऊपर से गुजर रही थी तो कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। इसके बाद यह ट्रफ लाइन खिसक कर राजस्थान, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश की ओर शिफ्ट हो गई। ऐसे में एमपी के अलावा राजस्थान और उससे सटे गुजरात के जिलों में भी खूब बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार ट्रफलाइन धीरे-धीरे यूपी की ओर बढ़ रही है। इसी वजह से पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला फिर शुरू हुआ है।

विधानसभा मानसून सत्र आज से

विधानभवन में सर्वदलीय बैठक में भाग लेते संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय व अन्य दलों के नेतागण।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव निलंबित

लखनऊ। शासन स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव एवं राजकीय पॉलीटेक्निक बांदा के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितता एवं गबन के आरोप सही जाने पर की गयी है। उन्हें संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा झांसी के कार्यालय से संबद्ध किया गया है। जबकि राजकीय पॉलीटेक्निक लखनऊ के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिहं को प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव के पद पर तैनात किया गया है। मामले की विस्तृत जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में प्राविधिक शि निदेशालय के वित्त नियंत्रक को भी सदस्य बनाया गया है।

अंगदान के प्रति जागरूकता को लेकर वॉकाथन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अंगदान के महत्वपूर्ण उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, उत्तर प्रदेश के राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) और संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के अस्पताल प्रशासन विभाग की तरफ से रविवार को एक वॉकाथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय अंगदान दिवस की स्मृति में सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारतीय अंगदान दिवस, जो हर साल मनाया जाता है, अंगदान के बारे में जागरूकता फैलाने, मिथकों और गलतफहमियों को दूर करने और नागरिकों को मृत्यु के बाद अंग और ऊतक दान करने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वर्ष इसका आयोजन 3 अगस्त को अंगदान जन जागरूकता अभियान के नाम से किया जाएगा, जो भारत में पहले मरणोपरांत अंग प्रत्यारोपण और 1994 में मानव अंग अधिनियम के प्रख्यापन के बाद देश के पहले हृदय प्रत्यारोपण को चिह्नित करेगा। वॉकाथन की शुरुआत सुबह 6.30 बजे 1090 चौराहा से हुई, जो समतामूलक चौराहा तक गई और लगभग 1.8 किलोमीटर की कुल दूरी को कवर करते हुए फिर वापस 1090 चौराहा पर

समाप्त हुई। इस कार्यक्रम को पार्थ सारथी सेन शर्मा, आईएएस, प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रोफेसर आर. के. धीमान, निदेशक, पीजीआई और रुचिता चौधरी, आईपीएस, एसपी/महिला एवं बाल सुरक्षा विंग (1090) द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर शालीन कुमार, डीन, एसजीपीजीआईएमएस, प्रोफेसर आर. हर्षवर्धन, संयुक्त निदेशक, सोटो, यूपी एवं विभागाध्यक्ष, अस्पताल प्रशासन विभाग, प्रोफेसर नारायण प्रसाद, विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी विभाग, एसजीपीजीआईएमएस और लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण बाजपेई, एग्जीक्यूटिव रजिस्ट्रार, एसजीपीजीआईएमएस की उपस्थिति भी रही। प्रतिभागियों को अंगदान के समर्थन में हरा रिबन पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम ने एक अधिक जागरूक और सहानुभूतिपूर्ण समाज की दिशा में एक आंदोलन को रेखांकित किया, जो अंगदान के महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन में 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रत्येक प्रतिभागी को अंग दान पर प्रभावशाली नारे जैसे अपने जीवन के हीरो बनें, अंगदान करें, अच्छी सोच नेक ईरादा, अंगदान से समाज को भारी फ़ायदा और अंगदान - जीवनदान, जीवनदान महादान वाली टी-शर्ट और टोपी प्रदान की गईं, साथ ही जलपान भी दिया गया। प्रतिभागियों के लिए एक सेल्फी बूथ भी उपलब्ध कराया गया ताकि वे इस कार्यक्रम की यादें संजो सकें।

एक व्यक्ति के अंगदान से आठ लोगों की जान बचाई जा सकती है

एक व्यक्ति के अंगदान से आठ लोगों की जान बचाई जा सकती है, और ऊतक दान से 75 लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किया जा सकता है। इन प्रगतियों के बावजूद, प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों और अंगों की उपलब्धता के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर है। भारत में लगभग 200,000 मरीज प्रतिवर्ष लिवर विफलता या लिवर कैंसर से मर जाते हैं, जिनमें से 10-15फीसद को समय पर लिवर प्रत्यारोपण से बचाया जा सकता है। हालांकि, प्रत्येक वर्ष केवल लगभग 1,500 यकृत प्रत्यारोपण किए जाते हैं, जबकि अनुमानित आवश्यकता 25,000 से 30,000 के बीच है। इसी प्रकार, प्रतिवर्ष लगभग 500,000 लोग हृदय विफलता से पीड़ित होते हैं, लेकिन केवल 10-15 हृदय प्रत्यारोपण ही किए जाते हैं।

लोहिया के छात्रों ने किया सामुदायिक सेवा दिवस का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सांस्कृतिक समिति ने एस.एस. संस्थान वृद्धाश्रम का दौरा कर सामुदायिक सेवा दिवस का आयोजन किया। यह दौरा विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसे विश्वविद्यालय पिछले कुछ वर्षों से निभा रहा है। इस दौरे के दौरान, उत्साही छात्रों ने वृद्धाश्रम के निवासियों को भोजन परोसा, पौधे उपहार में दिए और प्रबंधन के साथ सार्थक बातचीत की ताकि निवासियों की जरूरतों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझा जा सके। निवासियों के साथ बिताया गया समय सभी के लिए एक मार्मिक अनुभव था क्योंकि वहाँ के निवासियों द्वारा दिल को छू लेने वाली कहानियाँ साझा की गईं।

विद्युत चोरी मामलो में कर्मचारियों की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं : एके शर्मा

● ऊर्जा मंत्री ने अवर अभियंता, विजिलेंस गोपीचंद गुप्ता, उप निरीक्षक, प्रभारी प्रवर्तन दल अमित कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत विद्युत चोरी के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज न करने के लिए ग्राम व पोस्ट चंद्रावर, बलिया निवासी विवेक कुमार चौहान तथा अंकित कुमार यादव से पैसा मांगने का ऑडियो क्लिप का संज्ञान लेकर बलिया जनपद में तैनात अवर अभियंता विजिलेंस गोपीचंद गुप्ता तथा उप निरीक्षक प्रभारी प्रवर्तन दल अमित कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा बलिया के तत्कालीन मुख्य आरक्षी राजकुमार वर्तमान में फिरोजाबाद जनपद में तैनात के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को और विजिलेंस टीम के कार्मिकों को सख्त चेतावनी दी है की विभाग में भ्रष्टाचार में संलिप्त तथा कार्य दायित्वों के प्रति उदासीनता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा रविवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल में सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा यूपीपीसीएल के उच्च अधिकारियों के साथ ऊर्जा विभाग के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। विद्युत् चोरी से संबंधित उक्त प्रकरण

संज्ञान में आने पर उन्होंने 03 कार्मिकों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के मामलो में विद्युत कार्मिकों की संलिप्तता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत चोरी के मामलों में कार्मिकों की संलिप्तता सीधे-सीधे विभागीय राजस्व को नुकसान पहुंचाने के साथ ही विभाग की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। ऐसे कार्मिकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त करवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत फॉल्ट, ट्रांसफार्मर जलने या अन्य किसी कारण से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसे प्रकरणों का त्वरित संज्ञान लिया जाए। उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजर अंदाज करने वाले कार्मिकों को बहुत महंगा पड़ेगा। उन्हें अपनी लचर कार्य संस्कृति में शीघ्र सुधार लाना होगा। सभी विद्युत कार्मिक अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क में रहेंगे, विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में भी लाएंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिए कराए जा रहे कार्यों को लिए गए शटडाउन के दौरान कराया जाए, शटडाउन लेने से पहले क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी भी दें।

सरल व सारगर्भित है डॉ. पद्मजा सिंह की पुस्तक 'नाथपंथ का इतिहास'

लखनऊ/गोरखपुर। योग को लोक कल्याण का ध्येय बनाने वाले नाथपंथ पर साहित्य सम्यक ज्ञानकोष के साथ ही अब इतिहास सम्यक, तथ्यपरक शब्द-ज्ञान संसार भी समृद्ध हो रहा है। नाथपंथ की इतिहासपरक जानकारी उपलब्ध कराने वाले नाथपंथ के विशिष्ट अध्येता डॉ. प्रदीप कुमार राव के ग्रंथ 'नाथपंथ की वर्तमान उपादेयता का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य' के महत्वपूर्ण अवदान के बाद अब नाथपंथ के विशेषज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित डॉ. पद्मजा सिंह 'नाथपंथ का इतिहास' शीर्षक से एक पुस्तकीय कृति का सृजन किया है। डॉ. पद्मजा सिंह की यह पुस्तक न केवल नाथपंथ के आभिर्भाव और पुनर्गठन का ऐतिहासिक विवेचन करती है बल्कि यह इस पंथ की विशिष्टता और लोक कल्याण की इसकी स्वत: स्फूर्त प्रकृति और तत्संबंधी गतिविधियों को भी आमजन के समक्ष सरलता से प्रस्फुटित करती है। यह पुस्तक ऐतिहासिक आख्यान और तथ्यों के साथ यह विश्लेषण करती है कि महात्मा बुद्ध के बाद भारत में सामाजिक पुनर्जागरण का शंखनाद महायोगी गोरखनाथ जी ने किया। महायोगी गोरखनाथ जी ऐतिहासिक युग में भारतीय इतिहास के ऐसे पहले तपस्वी हैं जिन्होंने विशुद्ध योगी होते हुए भी सामाजिक राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व किया। वास्तव में उन्होंने नाथपंथ का पुनर्गठन ही सामाजिक पुनर्जागरण के लिए किया। पारलौकिक जीवन के साथ भौतिक जीवन का सामंजस्य बिठाने वाले महायोगी ने भारतीय समाज में सदाचार, नैतिकता, समानता और स्वतंत्रता की वह लौ प्रज्ज्वलित की जिसकी लपटें जाति-पांति, छुआछूत, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, पुरुष-स्त्री, विषमताओं और क्षेत्रीयतावाद जैसी प्रवृत्तियों को निरंतर जलाती रहीं। डॉ. पद्मजा सिंह की पुस्तक यह बताती है कि नाथपंथ के विचार-दर्शन ने एक ऐसी योगी परंपरा को जन्म दिया जिसने भारतीय संस्कृति की एकाकार सामाजिक चिंतन की प्रतिष्ठा को ही अपना उद्देश्य बना लिया।

विपक्ष का चरित्र भ्रम और धोखा देने का है: डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट और महत्वपूर्ण इसलिए है कि इस बजट में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को लेकर भारत के आम आदमी, गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति सभी को शक्ति प्रदान करने की सर्वस्पर्शी व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है।

● बजट में रोजगार परक व्यवस्था को सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई

इस बजट में कई ऐसे तत्व है जो भविष्य में भारत की मजबूत नींव स्थापित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का चरित्र भ्रम और धोखा देने का है, जबकि मोदी सरकार विश्वास और भरोसे के साथ काम करती है। त्रिवेदी ने कहा कि यह अवसर भारत के लिए परिपक्वता का है। जहां पहले भारत विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने याचक की भूमिका में रहता था आज उसकी स्थिति लीडर की है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ भारत के आर्थिक विकास को लेकर सकारात्मक हैं और उनके प्रमुख आज चीन को नहीं बल्कि भारत को वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में देख रहे हैं। मूलभूत ढांचे के लिए इस बजट में रोजगार परख व्यवस्था को सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई। इसमें दो करोड़ ऐसे लोग हैं जो लाभान्वित होंगे जो पहली बार रोज़गार पायेंगे। इतना ही नहीं ईपीएफओ के नियमों में भी संशोधन कर सरकार ने निजी क्षेत्र में रोज़गार पाने वाले लोगों के पीएफ में नियोक्ता के सहयोग का सरकार 2 साल तक भुगतान करेगी। यही नहीं दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नई सहूलियतों का सृजन भी बजट में किया गया है। श्री त्रिवेदी ने बताया की केंद्र सरकार के बजट में. वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश के विकास हेतु रूपया 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। रक्षा क्षेत्र में भी प्रदेश नये कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस के पुर्ज़े बनेंगे और इसे दुनिया के दूसरे देश भी ख़रीदने में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट में कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश को 20 लाख इकाइयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केंद्र सरकार की ओर से 1,000 आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के लगभग 100 आईटीआई कॉलेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार की इंटर्नशिप योजना प्रदेश के 2 लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी। प्रदेश में हाईवे के लिए चालू वित्त वर्ष में करीब 40 हजार करोड़ रुपये दिये गये हैं। प्रदेश को 10 नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की 2,000 नई सड़कों का निर्माण होगा। बजट में ग्रामीण सड़कों पर खास ध्यान रखा गया है। वहीं प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए 19,848 करोड़ रुपये दिए गए हैं। झांसी से दतिया तक 23 किमी की लाइन पर 3 ट्रैक बनाए जाएंगे पूर्वांचल के औड़िहार से सादात तक 19.2 किमी लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। 22 किमी रुदौली से सुहावल तक की रेलवे लाइन को डबल किया जाएगा। श्री त्रिवेदी ने बताया कि केंद्रीय बजट में 12 नए औद्योगिक पार्क बनाने की बात कही गई है। इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलने की उम्मीद है। यूपी में दो से तीन नए इंडस्ट्रियल पार्क बनने की उम्मीद है। वहीं पीएम सूर्य योजना के तहत, प्रदेश के 20 लाख परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

पूर्व सांसद एपी गौतम कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा से प्रेरित होकर जनपद बाराबंकी से सांसद रहे एपी गौतम ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौक पर राय ने पूर्व सांसद एपी गौतम के साथ आए उनके सभी समर्थकों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई तथा उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बरेली से इकबाल खान तथा जनपद मिर्जापुर से वारिश हाशिमी जी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा जी भी मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आये हुए सभी मेहमानों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा

कि आज देश में भय एवं नफरत का माहौल व्याप्त है। हिन्दू को मुस्लमान से लड़कार देश में अमन चैन तथा आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है और उसका विश्वास भाजपा से उठ चुका है, अब देश का जनमानस कांग्रेस पार्टी तथा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है और कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था दिखा रहा है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप पूर्व सांसद एपी गौतम के पुत्र जयंत गौतम एवं उनके समर्थक अरविन्द सिंह आदि शामिल रहे।

योगी सरकार ने नौ लाख से अधिक आपदा पीड़ितों को दी राहत सहायता

● 38,894 मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट, 3492.4 कुंटल से अधिक भूसे का किया वितरण

लखनऊ। प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के पीड़ितों के लिए राहत भरी खबर सामने आयी है। दरअसल, नेपाल और पहाड़ी इलाकों से पानी छोड़े जाने के बाद प्रदेश के करीब 26 जिलों में बाढ़ के हालात हो गये थे। वहीं इन इलाकों में तेजी से सुधार हो रहा है। यहां का जलस्तर लगातार घट रहा है। इसी के साथ योगी सरकार ने इन इलाकों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है ताकि कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में न आये। इसके अलावा योगी सरकार का इन इलाकों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। योगी सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पिछले 25 दिनों में 9,31,629 लोगों को राहत सहायता पहुंचायी। इसके साथ ही बाढ़ से क्षतिग्रस्त 2284 मकानों के सापेक्ष 2134 लाभार्थियों को निशुल्क आवास की सुविधा प्रदान की गयी है जबकि 150 लाभार्थियों को लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 26 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बहराइच, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया, मऊ, मुरादाबाद, रामपुर, महाराजगंज, उन्नाव, पीलीभीत और श्रावस्ती शामिल हैं। इन बाढ़ प्रभावित जिलों की 78 तहसील के 1813 गांवों, 40 वार्ड और 145 कटान गांव समेत कुल 15 लाख से अधिक जनसंख्या प्रभावित है। इनमें से 9,31,629 लोगों को राहत सहायता पहुंचाई गई है। वहीं अब तक 38,894 मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। आपदा में अब तक 17 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की सहायता धनराशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं 29 मवेशियों की बाढ़ के चपेट में आने से मौत हो चुकी है। योगी सरकार सभी पशु पालक को मुआवजा दे चुकी है। इतना ही नहीं बाढ़ की चपेट में आने से अब तक कुल 2284 मकानों क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके सापेक्ष 2134 लाभार्थियों को निशुल्क आवास की सुविधा प्रदान की गयी है जबकि 150 लाभार्थियों को लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त ने बताया कि 282 सार्वजनिक परिसंपत्तियां भी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में बाढ़ से प्रदेश की 3,12,232 हेक्टेयर जमीन प्रभावित है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए 1934 नाव और मोटरबोट का संचालन किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2,21,199 खाद्यान्न पैकेट तथा 8,02,060 लंच पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही 53 लंगर का संचालन किया जा रहा है।

सपा मुखिया ने कांस्य पदक विजेता भनु भाकर को दी बधाई

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पेरिस ओलम्पिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली विख्यात शूटर मनु भाकर को बधाई दी। भारतीय शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलम्पिक 2024 में देश के लिए पहला पदक जीतकर अच्छी शुरुआत की है। उनके साथ समस्त देशवासियों को बधाई। खेल भावना से भरे अच्छे प्रदर्शन एवं शस्त्र प्रतिस्पर्धा के साथ अन्य खेलों में पदक जीतने के लिए अनंत शुभकामनाएं।

सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली में बिल्डिंग में पानी भरने से प्रतियोगी छात्रों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग सेन्टर के बेसमेन्ट में अचानक पानी भरने से तीन छात्रों, उत्तर प्रदेश अम्बेडकरनगर की श्रेया यादव, केरल के नविन डाल्विंग और तेलंगाना की तान्या की मौत हो गयी।

नि:शुल्क शिविर में 1300 से ज्यादा आए दिव्यांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को लखनऊ के किसान बाजार, विभूति खंड स्थित एक होटल में नि.शुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी रामचंद्र प्रधान एवं गौरी शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और लखनऊ के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। ऐसे संस्थानों के योगदान से केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के कार्यों में गति मिलती है। अवश्य ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही हैं यह अनुकरणीय है। एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने दिव्यांगों के लिए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी संस्थान से शिविर करने का आग्रह करते हुए संस्थान टीम और सेवा भावना की प्रसंशा की।

विजिट के दौरान मंत्री कश्यप ने शिविर में आये दिव्यांगों के उदगार सुने और डॉक्टर टीम से उपचार और लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया भी जानी। प्रारम्भ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने संस्थान की नि:शुल्क सेवाएं ऑपरेशन,नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना,आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए नि:शुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने कहा आज शिविर में करीब 60 फीसदी दिव्यांग सड़क दुर्घटना से अपंग हुए आये। जिसमें 20 प्रतिशत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे तथा 15 फीसदी महिलाएं थी। 30 प्रतिशत ऑपरेशन के लिए आये। बाकी अन्य आयुवर्ग और दिव्यांगता वाले थे। यह शिविर सफल और ऐतिहासिक हो गया। शिविर में स्थानीय संगठन इनरव्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ, भारतीय दोसर वैश्य महासमिति, लखनऊ जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच सहित 30 से अधिक संघठन ने सेवाएं दी। संस्थान ने इनके कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चोबिसा ने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा आज शिविर में 1300 से अधिक दिव्यांग आए जिन्हें संस्थान पीएंडओ टीम ने देखा और 520 दिव्यांगों का नारायण लिंब हाथ -पैर और 170 जन का केलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया। करीब 210 दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु किया गया।

कांग्रेस सेवादल की बैठक आयोजित

लखनऊ। कांग्रेस सेवादल की बैठक रविवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय रहे। बैठक में सेवादल द्वार किये जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई और भविष्य की रणनीति तय हुई। बैठक में यूपी कांग्रेस सेवादल द्वारा जिलेवार प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू किये जाने का निर्णय लिया गया। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा जिसमें जिले/शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सेवादल प्रशिक्षण की शुरुआत प्रदेश के जनपद गाजियाबाद से करेगी जो आगामी 06 अगस्त 2024 से शुरू होकर 08 अगस्त 2024 तक चलेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सेवादल का 100 साल एक गौरवशाली इतिहास रहा है और अनुशासित सिपाही की तरह सेवादल के कार्यकर्ताओं ने हमेशा पार्टी को बल दिया है। राय ने कहा कि अब वो वक्त गया जब कार्यकर्ता पिछली पंक्ति में बैठता था, अब नई चुनौतियों को स्वीकार कर अपनी पूर्ण शक्ति से अग्रिम पंक्ति में आकर नेतृत्व करना होगा। सेवादल द्वारा शुरू किये जा रहे प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला पर बोलते हुए श्री राय ने कहा कि इनके माध्यम से पार्टीजनों को अनुशासित करते हुए हमें 2027 का रण फतेह करना होगा, तभी हमारा समाज सुरक्षित रह सकेगा। अपने सम्बोधन में सेवादल कांग्रेस के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि समय समय पर जो भी नेतृत्व द्वारा कार्य दिये जाते हैं, सेवादल अपनी पूर्ण शक्ति एवं समर्पण से उसका निर्वहन करता है। सेवादल समाज को तोड़ने वाली शक्तियों के सामने चट्टान की तरह अडिग रहकर समाज को जोड़ने का काम करता है। वर्तमान परिवेश में नई पौध को जोड़ने का काम सेवादल द्वारा पूरी शिद्दत किया जा रहा है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, सेवादल के प्रभारी दिनेश कौशिक, अरविन्द पाल, शर्मानंद मिश्रा, सतीश बिन्द, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, कनिष्का राफेल, हसीना खातून, पुष्पा गंगवार, सरिता यादव सहित सेवादल कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऋतिक हत्याकांड पर राजनीतिक घमासान तेज

● सरोजनीनगर विधायक ने सपा पर उठाया सवाल

● समाजवादी पार्टी की सरकार में पुलिस अधिकारी मुकुल द्विवेदी और जियाउल हक हत्या काण्ड ने पूरे विभाग को किया था लज्जित: डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में बहुचर्चित ऋतिक हत्याकांड के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी राजनीति थमने के नाम नहीं ले रही है, रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रतिनधि मंडल ने खुले शब्दों में मामले को जातिगत रंग देने की कोशिस की। मामले को जातिगत रंग में रंगने के प्रयासों से छुब्ध सरोजनीनगर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के काले कारनामों का काला चिट्ठा खोलते हुए तीखा हमला बोला। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा, %%काठ की हांडी कितनी बार चढ़ेगी - आज वो सुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं जिनकी सुशासन की क्लास में फीस माफ़ थी! आश्चर्य होता है! - जातिवाद, तुष्टिकरण की राजनीति की प्रश्रयदाता समाजवादी पार्टी की निकृष्ट मानसिकता की राजनीति और राम - परशुराम में भेद करने की दूषित मानसिकता का सरोजनीनगर में कोई स्थान नहीं है! आप भूल गए हों पर उत्तर प्रदेश की जनता नहीं भूली, जब स्क्क के शासनकाल में आप की सरकार की गोलियों ने 40 राम भक्तों का सीना छलनी कर दिया था!! कितनी माँओं की गोद सुनी हुई थी, कितनो का सुहाग उजड़ गया था। उनकी सिसकियाँ आज भी थमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जब सपा शासनकाल में पुलिस भी सुरक्षित नहीं थी, कर्तव्यनिष्ठ सीओ श्री राजेश साहनी जी को सपा संरक्षित 5 गुंडों ने जीप की बोनट पर लटकाकर कैसरबाग से हजरतगंज तक खींचा! कुंडा में सीओ श्री जियाउल हक जी की नृशंस हत्या की गयी, जवाहर बाग, मथुरा में एसपी सिटी श्री मुकुल द्विवेदी जी की निर्मम हत्या कर यूपी पुलिस को लज्जित किया था! तब क्या बेबसी थी आपकी?

उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की सारी हदें पार कर दी थी, जब आपकी सरकार ने 2013 में संकट मोचन मंदिर वाराणसी में हमले के दोषियों सहित 19 कुख्यात आतंकियों के मुकदमें वापस लेने का प्रयास किया! क्या मजबूरी थी आपकी? वर्ष 2014 में बदायूं में दो नाबालिक बेटियों के साथ गैंगरेप कर उनकी निर्मम हत्या की गयी, पेड़ पर लटका दिया गया, पुलिस ने ऑनर किलिंग के नाम पर परिवार को दोषी बनाया!! किसको बचा रही थी आप की सरकार?

उन्होंने कहा कि 2004 में कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ रहे वर्तमान सपा प्रमुख को भाजपा बूथ अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने बूथ कैप्चरिंग से रोका तो उनकी गला काटकर निर्मम हत्या हो गयी!! किस हद तक राजनीतिक द्वेष था? उन्होंने कहा कि क्या याद नहीं आपको - सपा शासनकाल में देश भर की एक तिहाई घटनाएं यूपी में घटती थी - हर दिन, 13 मर्डर, 24 रेप, 21 अटेम्प्ट टू रेप, 33 किडनैपिंग, 19 दंगे और 136 चोरी, एक दिन में औसतन 7650 क्राइम की घटनाएं घटती थी। अंत में सरोजनी नगर विधायक ने लिखा कि योगी आदित्यनाथ के सुशासन में अपराध और अपराधियों की कोई जगह नहीं है। विधायक ने सवाल उठाया कि आज जो सपा के हारे हुए प्रत्याशी दूसरे सिपहसलारों के साथ ढ़ाई साल बाद राजनीति की रोटियाँ सेंकने आये हैं, पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के स्थान पर जातिवाद की राजनीति को हवा देने आए हैं!! वो अब तक कहाँ थे? डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे लिखा कि बंथरा में घटी दुखद घटना से पूरा सरोजनीनगर परिवार आहत है! हम एक साथ खड़े हैं!! लापरवाही के दोषी 4 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया, घटना के सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है! श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी के शासन में कोई अपराधी न बचा है और न ही बचेगा।

उप निरीक्षक को बर्खास्त करने की मांग को लेकर रालोद के नेता मिलेंगे उच्चाधिकारियों से

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रविवार को लखनऊ के बंथरा कस्बे में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में मारे गए ऋतिक पांडे के घर पहुंचे कर परिजनों को सांत्वना दी और मृतक के पिता को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दुबे ने मृतक के पिता इंदु कुमार पाण्डे तथा परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वे सभी अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी, परिवार की पूर्ण कालिक सुरक्षा, उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व मृतक के परिजनों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर थाने से भगाने वाले पुलिस उप निरीक्षक इब्ने हसन को बर्खास्त करने के लिए उच्चाधिकारियों से मिलेंगे। दुबे के साथ सोमेंद्र नाथ शुक्ला दयाशंकर पांडे देवेश पांडे आशीष पांडे प्रवीण त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

सपा प्रतिनिधिमण्डल ने पीड़ित परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने रविवार को लखनऊ के सरोजनीनगर के बंथरा निवासी रितिक पाण्डेय (22वर्ष) की दबंगों द्वारा हत्या किये जाने की घटना पर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। घटनास्थल से लौटकर प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने बताया कि मृतक का परिवार आतंक की छाया में जी रहा है। वे चाहते हैं कि बंथरा थाने से जांच हटाई जाए। प्रतिनिधिमण्डल की सदस्य पूजा शुक्ला ने परिवार की महिलाओं से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल ने मांग की है कि अपराधियों को सख्त सजा दी जाए। परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए तथा 01 करोड़ रूपये की आर्थिक मदद की जाए। परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था हो। उन्हें शस्त्र लाइसेंस मिले। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि मृतक पाण्डेय के परिवार के चाचा की 20 साल पहले भी घर में घुसकर हत्या की गई थी और इंद्रकुमार पाण्डेय उर्फ बब्बन पाण्डेय के पुत्र की भी हत्या घर में घुसकर आरोपित परिवारवालों ने ही की। मृत रितिक पाण्डेय घर में अकेला कमाने वाला था। उसके परिवार में 4 बहने हैं। परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यगण आरके चौधरी सांसद, लोकसभा क्षेत्र, मोहनलालगंज, सनातन पाण्डेय सांसद, लोकसभा क्षेत्र बलिया, सन्तोष पाण्डेय पूर्व विधायक समाजवादी पार्टी, अभिषेक मिश्रा पूर्व मंत्री, मो. शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, विजय बहादुर यादव पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत, लखनऊ, अभिषेक यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, सुश्री पूजा शुक्ला पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, श्याम किशोर यादव पूर्व विधायक, जय सिंह 'जयन्त' जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, श्री सोनू कनौजिया पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, फखरूल हसन चांद पैनलिस्ट समाजवादी पार्टी, नवीन धवन बंटी पूर्व महानगर उपाध्यक्ष, ज्वाला शर्मा आदि है।

● परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही एक करोड़ रूपये की आर्थिक मदद देने की उठाई मांग

बैंक के जरिए बांट रहे बच्चों-युवाओं में गीता का ज्ञान

स्कूल- कालेजों के माध्यम से बच्चों को किया जा रहा जागरूकः अशोक पाठक -प्रयागराज में सनातन एकता मिशन का लक्ष्य, सिलेबस में गीता लाने की मांग



प्रयागराज। सनातन धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीमद भागवद गीता को लाखों घरों तक पहुंचाने के लिए सनातन एकता मिशन प्रयागराज ने गीता के कर्म योग से राष्ट्र निर्माण मुहिम की शुरुआत की है। गीता के कर्म योग से राष्ट्र निर्माण अभियान के तहत अब तक हजारों घरों में श्रीमद भागवत गीता को निशुल्क वितरित किया गया है। सनातन एकता मिशन उप्र प्रयागराज के संस्थापक अशोक कुमार पाठक की ओर से पिछले डेढ़ वर्षों से यह मुहिम चलायी जा रही है। इसके साथ ही स्कूलों में भी बच्चों को श्रीमद भागवत गीता के मर्म को बताया जा रहा है। ताकि बच्चे भी गीता के कर्म योग से ज्ञान प्राप्त कर राष्ट्र की निर्माण की मुहिम से जुड़ सकें। सनातन एकता मिशन के संस्थापक अशोक कुमार पाठक ने अब तक प्रयागराज मंडल के 50 से ज्यादा स्कूलों में गीता पर व्याख्यान दिया है और निरूशुल्क श्रीमद भागवद गीता वितरित की है। उनका लक्ष्य है कि श्रीमद भागवत गीता की पांच लाख पुस्तक लोगों के बीच वितरित करेंगे। इसके साथ ही जो लोग भी गीता के ग्रंथ को पढ़ें। वह कम से कम दो लोगों को खुद श्रीमद् भागवद गीता की पुस्तक वितरित करें। इससे श्रीमद् भगवद् गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कर्म योग का जो संदेश दिया है वह संदेश जन जन तक पहुंचाया जा सकता है। सनातन एकता मिशन के संस्थापक अशोक कुमार पाठक का कहना है कि गीता न केवल हिंदुओं के लिए बल्कि एक पवित्र धार्मिक ग्रंथ है। यह कर्म योग के साथ ही साथ मैनेजमेंट का भी शास्त्र है। व्यक्ति कैसे अपने जीवन को सुव्यवस्थित ढंग से सफलतापूर्वक आगे ले जा सकता है। समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इन विषयों के बारे में श्रीमद् भागवद गीता में विस्तार से बताया गया है। अशोक कुमार पाठक ने बताया कि व्यक्ति के निर्माण से समाज का समाज से प्रदेश और प्रदेश से राष्ट्र का निर्माण होता है। इसके साथ ही राष्ट्र से विश्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा है कि हमारी संस्कृति भी वसुधैव कुटुंबकम की रही है। श्रीमद् भागवद् गीता में ही सभी के सुखी होने सभी के निरोगी और लोक कल्याण की कामना की गई है। यह भी कहा गया है कि राज की विद्या सबसे पवित्र है सबसे गूढ़ और सबसे श्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि वास्तव में राष्ट्र निर्माण के लिए लोगों को जागृत करने वाला ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता है। इसके अध्ययन से बच्चों में समयबद्धता स्वास्थ्य के प्रति उनमें जागरूकता और राष्ट्र के प्रति उनकी सकारात्मक सोच तय होती है। सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार पाठक ने बताया कि 12 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों का मन कोमल होता है और उनमें भरपूर ऊर्जा होती है। ऐसे में अगर उनके मन मस्तिष्क में श्रीमद् भागवद गीता के संदेश को पहुंचाया जाए तो निश्चित तौर पर वह गीता के कर्म योग के ज्ञान से अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। श्रीमद् भागवत गीता के संस्कारों से बच्चों में नई चेतना जागृत होती है। ऐसे बच्चे राष्ट्र के निर्माण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सनातन एकता मिशन की ओर से अशोक कुमार पाठक लगातार अपनी इस मुहिम को स्कूलों में बच्चों के बीच जाकर चला रहे हैं। सनातन एकता मिशन के संस्थापक अशोक कुमार पाठक ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार से भी श्रीमद् भागवद गीता के श्लोकों को पाठ्यक्रम में भी शामिल किए जाने की मांग की हैए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस मांग को लेकर वह पीएम मोदी और सीएम योगी को पत्र भी लिखेंगे। उन्होंने कहा है कि जल्द ही गीता के अलग.अलग श्लोकों को लेकर वीडियो क्लिप भी तैयार करेंगे और ऑनलाइन डिजिटल माध्यम से गीता बैंक भी तैयार किया जाएगा। जिसमें श्रीमद् भागवत गीता के किसी श्लोक को लेकर किसी के मन में कोई सवाल हैं तो उसका समाधान भी किया जाएगा। अशोक कुमार पाठक ने बताया कि श्रीमद् भागवत गीता को और लोकप्रिय बनाने के लिए 700 श्लोकों में से करीब सवा सौ श्लोकों को अलग कर एक संक्षिप्त पुस्तक भी तैयार कराई जा रही है। जिसे बड़ी संख्या में लोगों के बीच वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ के मेले में श्रीमद् भागवद गीता की पांच लाख प्रतियों को निरूशुल्क वितरित किए जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

मण्डल के राजकीय इण्टर कालेजों की पढ़ाई पर रहेगी आनलाइन नजर

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा महेंद्र देव, जेडी दिब्यकान्त शुक्ल ने किया शुभारंभ सभी जीआईसी की मानीटरिंग शीघ्र प्रदेश मुख्यालय से होगीरू डा महेंद्र देव बेहतर शिक्षण पर दिया जा रहा है जोररू दिब्यकान्त शुक्ल

प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद परिषद यूपी बोर्ड से जुड़े राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और शैक्षिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए प्रयागराज मंडल के राजकीय इण्टर कालेजों जीआईसी की आनलाइन मानीटरिंग के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत हो गई है। ऑनलाइन मॉनिटरिंग के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव और संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल दिब्यकांत शुक्ल ने शनिवार को संयुक्त रूप से किया। प्रयागराज मंडल के 150 राजकीय इंटर कॉलेज की शैक्षिक गतिविधियों की आनलाइन मॉनिटरिंग के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल के कार्यालय में मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से मंडल के चार जिलों प्रयागराज प्रतापगढ़ फतेहपुर और कौशांबी के 150 राजकीय इंटर कॉलेज की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की शुरुआत की गई है। इसमें प्रयागराज के 35 कौशांबी के 25 फतेहपुर के 47 और प्रतापगढ़ के 43 राजकीय इंटर कॉलेज की मॉनिटरिंग की जा रही है। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक प्रयागराज के कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से सीधे इन स्कूलों के क्लासरूम की मॉनिटरिंग हो रही है। इससे यह पता चलेगा कि स्कूलों में शिक्षक पढ़ाई करा रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही स्कूलों में चल रही अन्य गतिविधियों का भी पता चल सकेगा।शिक्षाधिकारी अब तकनीक का प्रयोग कर बगैर फिजिकल विजिट किए स्कूलों की मॉनिटरिंग कर सकेंगे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने कहा है कि राजकीय इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चे मेधावी हैं। इन्हें बस सही गाइडेंस की जरूरत है।

किसी कौशल की कमी न हो इसका प्रयास हो रहा है। इसी उद्देश्य से यह ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। इसमें अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि रिटायर्ड शिक्षकों से भी आह्वान करेंगे कि वह हमारे स्कूलों में आकर पढाएं। उन्होंने कहा है कि प्रयागराज मंडल में जो प्रयास किया गया है यह सराहनीय है। इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी होगी। कहा है कि इसका फीड बैक भी लेंगे। प्रयास यह है कि हमारे सभी विद्यालय कैमरे के सामने हों। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में 2300 राजकीय इंटर कालेज हैं। दिसंबर तक सभी राजकीय इंटर कॉलेजों को ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज मंडल दिब्यकांत शुक्ल ने कहा कि दूसरे चरण में मंडल के ऐडेड स्कूलों और वित्त विहीन स्कूलों को भी इस अभियान में शीघ्र शामिल किया जाएगा जिससे मंडल के 360 ऐडेड स्कूल भी इससे जुड़ जाएंगे। इससे क्लासेज में पढ़ाई की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

संयुक्त शिक्षा निदेशक दिब्यकान्त शुक्ल ने शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए ही क्लासेज की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। यूपी बोर्ड के सचिव रहे दिब्यकान्त शुक्ल ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इस अभियान में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आया है। यूपी बोर्ड की तरफ से बोर्ड की परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। उन्हीं कैमरों की मदद से परीक्षा के दौरान क्लासेज की निगरानी की जाती थी। अब उन्हीं कैमरों की मदद से कक्षाओं में हो रही पढ़ाई की भी ऑनलाइन निगरानी की जा रही। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसके प्रयोग से माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में निश्चित तौर पर और सुधार आएगा।

विशेष संचारी, दस्तक अभियान की समीक्षा

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक चल रहे विशेष संचारी, दस्तक अभियान की तृतीय जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने मंडल और राज्य स्तर पर जनपद के प्रदर्शन की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सभी विभागो से उनके द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।डेंगूए मलेरियाए चिकनगुनियाएफाइलेरियाएदिमागी बुखार तथा अन्य संचारी रोग यथा क्षय रोगएकुष्ठरोगएडायरिया;स्टॉप डायरियाद्ध प्रभावी नियंत्रण तथा इनकी जांच तथा त्वरित इलाज को सर्वोच्य प्राथमिकताओं पर रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के कार्यो की अलग .2 समीक्षा ब्लॉकवार की ए कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी सभी विभाग इसी मनोयोग से कार्य करते रहेंएजिससे की जनपद को स्वस्थ और स्वच्छ रखा जा सके।10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हैएजिसमें 10 अगस्त को 2 वर्ष से 19 वर्ष के बीच सभी बच्चो और किशोरों को आयुनुसार दवा खिलाई जायेगी।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारीएमुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में चिकित्सक समय से आए और मरीज का इलाज गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें।मरीज के प्रति अच्छा व्यवहार करें।दूर.दूर से आने वाले मरीज तथा उनके अभिभावक के प्रति अच्छा व्यवहार करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण्राजकुमारए जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारीएअपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला बेसिक अधिकारीए जिला मलेरिया अधिकारीए समस्त केन्द्र अधिक्षक ए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफए जिला उद्यान अधिकारीए समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

जीवन में माता-पिता का अमूल्य योगदानः रोहित

प्रयागराज। नेशनल पेरेंटस डे एक खास मौका है जो हमारी जिंदगी को आकार देने में हमारे मां बाप की अमूल्य भूमिका का महत्व बताता है। यह कार्यक्रम जी टीवी की ओर से आयोजित होता है। यह उन्हें सम्मानित करने और उनके होने का जश्न मनाने का दिन है। यह जुलाई के चौथे रविवार को पड़ता है। जो इस साल 28 जुलाई को है। यह हमारे पेरेंटस के निस्वार्थ प्यार उनके त्याग और मार्गदर्शन के नाम एक श्रद्धांजलि है। हमारे पहले शिक्षक होने से लेकर एक मार्गदर्शक और एक आदर्श होने तक हमारे मां बाप हमारे मूल्यों को आकार देने और शुरू से ही हमारे चरित्र को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस खास दिन पर उन्हें सम्मानित करने के लिए भाग्य लक्ष्मी के रोहित सुचंती मैं हूं साथ तेरे की उल्का गुप्ता प्यार का पहला नाम राधा मोहन के मनित जौरा रब से है दुआ की येशा रुघानी और कुंडली भाग्य की अद्रिजा रॉय जैसे जी टीवी के कलाकारों ने अपने माता पिता के साथ अपने खूबसूरत रिश्तों पर चर्चा की और बताया कि वह उनसे कितना प्यार करते हैं। कहा मां बाप मेरे सबसे बड़े समर्थक और शिक्षक हैं।

शिविर में 47 लोगों ने किया रक्तदान

प्रयागराज। प्रयागराज लायंस का पहला रक्तदान शिविर अन्ना ब्लड बैंक प्रयागराज में रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसका शुभारंभ डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गुप्ता ने किया। जिसमें कुल 47 यूनिट रक्तदान किया गया। क्लब के सदस्यों ने रक्त दान टीम का सहयोग किया। इस कार्य के लिए धर्मेंद्र मिश्रा माला मिश्रा उमेश कक्कर सत्य रत्न यादव हिमांशु दीपक सोनी अंजिला पीटर पियूष गोयल सुनील गुप्ता ममता बंसल डॉ आनंद श्रीवास्तव नीरज अग्रवाल अजय अग्रवाल रोहित जायसवाल संत लाल वर्मा रवि भूषण गुप्ता ऋषि सेठी राजकुमार जायसवाल अर्चना जायसवाल रितेश सक्सेना अमित गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे। लायन भरत हिरानी द्वारा आज अपना 64 वां रक्तदान किया गया। नौजवान चेतन हर्ष शिखर प्रखर अमन अंतरा तृषा आकर्ष द्वारा भी रक्तदान किया गया। मंडल की तरफसे सभी रक्त दनियों को सैक्स बॉक्स अप्रिशिएशन सर्टिफिकेट और रक्त डोनर पिन द्वारा सम्मानित किया गया।

युवाओं को सही दिशा में लाने का प्रयास करे समाजः श्याम विहारी यादव

सोनभद्र। यादव महासभा जिला कार्यकारिणी की बैठक शिवाजी पब्लिक स्कूलए छपका रावर्ट्सगंज में शिव शंकर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ.साथ नगरों में भी यादव महासभा के गठन पर सहमति जताई। समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं समाज सेवा में कार्य कर चुके उम्र दराज व्यक्तियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए वर्ष में एक बार प्रतियोगिता कर प्रतिभाशाली प्रतिभाओं को चयनित करके उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रोत्साहन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने कहा की अपने समाज में जो लोग गलत रास्ते पर चल रहे हैं एनशे का सेवन कर रहे हैं या किसी भी अन्य कारण से दीगभ्रमित हैं उनको ऊपर उठाने के लिए महासभा गांव.गांव में प्रयास करेगाए साथ ही जिन सरकारी सुविधाओं से समाज के लोग वंचित रह रहे हैं उनकी समुचित जानकारी कराकर उन्हें लाभान्वित करवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अशोक कुमार यादव ने किया। बैठक में दुर्गेश यादव सतीश यादव राम बदन यादव जिगर यादव शिव शंकर यादव पवन कुमार यादव अरविंद कुमार यादव

पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

सोनभद्र। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को बूथ संख्या 14 पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा0 धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में सुना गया । जिसमें प्रधानमंत्री नेओलंपिक को लेकर कहा कि हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता हैए देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढाईये। पिछले ष्मन की बातष् कार्यक्रम में आपसे ष्एक पेड़ माँ के नामष् कार्यक्रम की चर्चा की थी। मुझे खुशी है कि देश के अलग.अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले स्वच्छता के लिए प्रसिद्धए इंदौर मेंए एक शानदार कार्यक्रम हुआ। यहाँ ष्एक पेड़ माँ के नामष् कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में 2 लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए। अपनी माँ के नाम पर पेड़ लगाने के इस अभियान से आप भी जरूर जुड़ें। 15 अगस्त का दिन अब दूर नहीं है। 15 अगस्त के साथ एक और अभियान जुड़ गया हैए ष्हर घर तिरंगा अभियानष् हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है। तिरंगे को लेकर ये उल्लासए ये उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है। इस दौरान बूथ के सभी कार्यकर्ता सभासद विनोद सोनी अजीत सिंह राहुल सूरज संदेश पटेल कृष्णा डब्लू तिवारी ओम प्रकाश बजरंगी सोनी नीरज भुत समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने मिलकर मन की बातों को सुनने के साथ ही यह प्रण लिया कि एक पेड़ मां के नाम पर लगाना है।

तीसरे बजट को लेकर प्रभारी मंत्री ने भाजपा कार्यालय पर किया प्रेसवार्ता

वायरल हेपेटाइटिस दिवस पर कार्यशाला

मिर्जापुर। वायरल हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मेडिकल कालेज की ओर मंडलीय चिकित्सालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉक्टर विश्वजीत दास ने दी। उन्होने बताया कि इस अवसर पर मंडलीय चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में सभी को हेपेटाइटिस बी एवं सी के विषय में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी डॉक्टरो ने दी और बताया कि हेपेटाइटिस बी तथा सी की समस्त जांच एवं उपचार मंडलीय चिकित्सालय में निशुल्क उपलब्ध है। इसके लिए विभाग के द्वारा एक नम्बर जो टोल फ्री 1800116666 जारी की गई है। जिस पर जानकारी आसानी से लिया जा सकता है। इस अवसर पर डॉक्टर ए0के0 सिन्हाए डॉक्टर सुनील कुमार के अलावा तमाम डॉक्टर और नर्स मौजूद रहे।

हेपेटाइटिस फैलने के कारण: असुरक्षित इंजेक्शन उपरोग किये गये इंजेक्शन अथवा सिरिज का पुन: उपयोग

संक्रमित सुई एवं स्याही टैटू एवं शारीरिक अंग यथा नाकए कान इत्यादि को भेदने के लिये संक्रमित सुई अथवा स्याही का उपयोग, इंजेक्शन की सुइयों का साझा करना, असुरक्षित यौन सम्बन्ध असुरक्षित समलैगिक एवं विशमलैगिक यौन सम्बन्ध, व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं का मसाझा किया जाना: रेजरए ब्लेडए नेल कटरए टूथ ब्रश आदि। संक्रमित रक्त एवं रक्त उत्पाद का संचारए डायलिसिस आदि

दो वाहनों से लाखों का गांजा बरामद

चकिया चंदौली । पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्ति व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण और वांछितएवारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान व मादक पदार्थ के तस्करी की रोकथाम के क्रम में क्षेत्राधिकार चकिया आशुतोष के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अतुल कुमार और उनके सहयोगियों तथा स्वाटध्सर्विलांस टीम प्रभारी हरि नारायण पटेल और उनकी टीम को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के शिकारगंज स्थित राजा साहब के पोखरे के पास से दो स्कॉर्पियो वाहन से कुल 48 बंडलों में 49ण्200 किलोग्राम गांजे के साथ पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।बरामद गांजे की कीमत लगभग 10 लाख रूपए आंकी गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पकड़े गए लोगों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 126ध्2024 धारा 8ध्20ध्60 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया है कि वे सभी संगठित गिरोह के सदस्य हैं।और बराबर बराबर पैसा लगाकर राउरकेला उड़ीसा से गांजा खरीद कर अपने वाहनों में बॉक्स बनाकर गेट और डिग्गी में उसे छिपाकर बिहार ले जाते थे।बाद में उसे पुड़िया बनाकर ऊंचे दामों पर आसपास के बाजारों में बेंचते और बिचवाते थे।

मौसम की बेरुखी से मुरझाए किसानों के चेहरे

सोनभद्र। सूखे की आशंका को लेकर जनपद मे किसानों के चेहरे मुरझाने लगें है। मई जून माह में अत्यधिक गर्मी पडने के चलते किसानों का मानना था कि इस वर्ष बरसात भी अच्छी होगी जिससे किसानों को खेती के कार्य में लाभ मिलेगा पर जिले मे अब तक सन्तोषजनक बरसात नही हुई है मौसम की बेरुखी के चलते किसानों को धान के बीज को बचाने के लिए सिचाई करना पड रहा है। अधिकतर किसानों की बरसात न होने के कारण रोपाई तक नही हो पाई है। जिन कुछ किसानों ने कुछ धान की रोपाई का कार्य किया है उनके लिए उसे बचाना भी गंभीर संकट बन गया है। जनपद मे अधिकतर किसानों का कृषि कार्य बरसात के पानी पर ही निर्भर होता है। अधिकतर किसानों के पास सिचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। जिले के कई ऐसे क्षेत्र भी है जहां जमीन का पानी अत्यधिक नीचें चले जाने के कारण निकाल पाना कठिन होता हैए स्थितियों की गंभीरता को देखते हुए कुछ सामाजिक व राजनैतिक संगठन जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की भी मांग करने लगें है।

बजट, आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए एक व्यापक योजना

प्रभारी मंत्री ने बजट 2024.25 पर की चर्चा

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से बजट.2024.25 पर वार्ता कीए इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा हैए भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष.2014 में जहां 2ण्03 ट्रिलियन डालर थीए वहीं आज वर्ष 2024 में करीब दो गुना होकर 3ण्94 ट्रिलियन डालर हो चुकी हैए उन्होंने कहा कि 2024.25 में रक्षा बजट 14ए54ए773 करोड़ रूपये सड़क एवं परिवहन का बजट 2ए78ए000 करोड़ स्वास्थ्य विभाग का बजट 87ए657 करोड़ उच्च शिक्षा का बजट 47ए620 करोड़ रूपये महिला एवं बाल विकास विभाग का बजट 26ए092 करोड़ रूपये आदिवासी कल्याण हेतु भी बजट में बढ़ोत्तरी की गयीएयुवा कल्याण मंत्रालय का बजट 3ए442 करोड़ रूपये हो गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट.2024.25 में आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गयी हैए जिसमें अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर दिया गया है। उत्पादकता में सुधारए बाजार दक्षता बढ़ाने और औद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करकेए सरकार का लक्ष्य एक मजबूत और समावेशी आर्थिक ढांचा बनाना हैए भूमिए श्रमए वित्त और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में प्रस्तावित सुधारों को सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गएए आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शामिल किया जाएगाए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत 80 करोड़ से अधिक परिवारों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा हैए उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए स्टाम्प ड्यूटी पहले से ही कम हैए इसको और कम किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 14 मार्चए2024 तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैंए जिसके माध्यम से 6ण्50 करोड़ से अधिक मरीजों को 81ए979 करोड़ मूल्य के चिकित्सा सेवा की सुविधा दी गयी है। उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर क्लस्टर किए जाएंगेंए संग्रहणए भंडारण एवं विपणन हेतु सब्जी आपूर्ति श्रृंखला के लिए किसान उत्पादक संगठनों एफ0पी0ओ0 सहकारी समितियों और स्टार्ट अप्स को बढ़ावा दिया जाएगाए कृषि से आधुनिकरण को बढ़ावा और मौसम की मार से होने वाले नुकसान को कम किया जाएगाए एम0एस0पी0 में बढ़ोत्तरी की गयी हैए 15 हजार महिलाओं को कृषि उद्देश्यों जैसे फसल में उर्वरक डालनाए फसल की वृद्धि की निगरानी करना और बीज बोने आदि के लिए ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगाए जिससे महिलाओं को मिलने वाले रोजगार में वृद्धि हो सके। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंहए अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादवए उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद तिवारीए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता उपस्थित रहें।

प्रेसवार्ता के दौरान बजट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया

मीरजापुर। तीसरे बजट को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री यऔद्योगिक विकासए निर्यात प्रोत्साहनए एन0 आर0 आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग प्रभारी मंत्रीए मीरजापुरए मा0 नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जीए केन्द्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम केन्द्रीय बजट 2024ण्25 के विषय पर रविवार को भाजपा पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौराना बताया कि 2014 में जनता के प्रचंड जनादेश और आशीर्वाद से इस देश की बागडोर यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सम्भाली! उन्होंने एक साथ कई मोर्चों पर कार्य करना शुरू किया ! उन्होने बताया कि भारत की संस्कृतिक अस्मिता के स्थलों का विकासए सैन्य क्षमताओं का विकासए नये ोगों की स्थापनाए इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट सुविधाओं का अभूतपूर्व विकासए अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुँच ने देश की दिशा और दशा दोनों बदल दी है। प्रधानमंत्री जी के लिए इन सभी में जो सबसे महत्वपूर्ण और प्राथमिकता का मोर्चा हैए वह है आर्थिक मोर्चा! आज दुनिया की डिप्लोमेसी भी इकोनॉमी आधारित हो गयी है! समय की इस आवश्यकता को भांपते हुए इस ओर ध्यान केंद्रित किया और भारत को फाइव ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प को लेकर आर्थिक नीतियों का क्रियान्वयन शुरू किया ! इसी का परिणाम है कि भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनकर उभरा है।

कारगिल विजय दिवस

सशस्त्र बलों की क्षमता

कारगिल विजय दिवस विरोधियों पर भारत की विजय तथा भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता का प्रतीक है। 25 साल पहले भारत ने जो युद्ध जीता था, वह उस पर थोपा गया था। पाकिस्तान से युद्ध में विजय असाधारण वीरता और साहस से लड़ने वाले सैनिकों का योगदान था जिनमें से अनेक ने देश के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए थे। 'कारगिल विजय दिवस' 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध में विजय का उत्सव है जिसे हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय दिवस पर कारगिल स्मारक में शहीदों को भावभीनी श्रृद्धांजलि दी। यह वर्ष विशेष है क्योंकि राष्ट्र विजय की रजत जयंती मना रहा है। प्रधानमंत्री जम्मू कश्मीर के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में वीर सैनिकों को श्रृद्धांजलि देने पहुंचे। लेकिन अभी भारतीय सीमायें पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। आतंकी गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि आज हमारी क्या स्थिति है? क्या हमने कोई सबक सीखे हैं? कारगिल युद्ध 1999 में मई से जुलाई तक लड़ा गया था। इसका कारण नियंत्रण रेखा-एलओसी पर भारत की ओर पाकिस्तानी सैनिकों की घुसपैठ थी। उग्रवादियों के वेश में पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। इस अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण 'आपरेशन विजय' चलाया गया। यह कब्जा किए क्षेत्रों को वापस लेने का भारत का अभियान था। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण वीरता और रणनीतिक समझदारी का परिचय दिया। यह टकराव 26 जुलाई, 1999 को समाप्त हुआ और भारत ने

सफलतापूर्वक कब्जा किए क्षेत्रों पर पुनः अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया। कारगिल में पाकिस्तान की घुसपैठ आंखें खोलने वाली थी। भारत को इसका पता बहुत बाद में और वह भी स्थानीय लोगों से पहाड़ियों में संदिग्ध गतिविधियों की खबरों से चला। यह निश्चित रूप से खुफिया विफलता थी जिसके कारण 500 से अधिक सैनिक शहीद हुए। इस युद्ध ने बेहतर खुफिया सुविधाओं व निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद से भारत ने अपना खुफिया नेटवर्क मजबूत किया है तथा सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई है ताकि ऐसी घुसपैठों को रोका जा सके। कारगिल युद्ध ने आधुनिक हथियारों व उपकरणों का महत्व भी रेखांकित किया। इसकी प्रतिक्रिया में भारत ने अपनी सैनिक क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए काफी निवेश किया है। लेकिन सबसे बड़े सबक के रूप में भारतीय सेना ने स्वयं को ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध के लिए तैयार किया। इस टकराव ने ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता रेखांकित की। भारतीय सेना ने इसके बाद ऐसे चुनौतीपूर्ण परिवेशों में युद्ध के लिए प्रतिबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा ढांचागत संरचना की तैयारी की है। युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय राजनय का महत्व भी रेखांकित किया। भारत ने पाकिस्तानी कार्रवाइयों के खिलाफ व्यापक रूप से अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त किया जिससे इस्लामबाद पर भारी राजनयिक दबाव पड़ा। इस टकराव से सीखे सबकों के कारण सैनिक रणनीति, तकनीक तथा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में व्यापक सुधार आया। लेकिन अभी हमें लंबी यात्रा करनी है क्योंकि दो पड़ोसियों-पाकिस्तान और चीन से तनावपूर्ण संबंध किसी भी समय युद्ध भड़का सकते हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कारगिल युद्ध स्मारक पर संबोधन अपने सशस्त्र बलों के प्रति राष्ट्र के सम्मान और आभार को याद दिलाता है। इसमें देश की एकता और अखंडता तथा संप्रभुता की सुरक्षा मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी निहित है।

शहरों में हिंसा के निहितार्थ

शहरों में हिंसा और अपराध एक वैश्विक परिघटना है जिसका दोष अक्सर पुलिस व सामाजिक-आर्थिक आयामों पर डाल दिया जाता है। लेकिन इसकी गहरी समीक्षा होनी चाहिए।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

शहरों में हिंसा और अपराध एक वैश्विक परिघटना है जिसका दोष अक्सर पुलिस व सामाजिक-आर्थिक आयामों पर डाल दिया जाता है। लेकिन इसकी गहरी समीक्षा होनी चाहिए। शहरी हिंसा का विश्लेषण करने से पता चलता है कि इस टकराव का संबंध शहरी जीवन तथा मानव प्रकृति के बीच द्वंद्व है। शहरों में बढ़ती हिंसा और अपराध लगातार पूरी दुनिया की चिन्ता का विषय रहे हैं। हालांकि, 'पुलिसिंग' की गुणवत्ता तथा उपयुक्तता तथा अन्य सामाजिक व आर्थिक आयोमों पर इस संदर्भ में चर्चा होती है। लेकिन इस संपूर्ण परिघटना के अंतर्निहित कारणों पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया है। मूल रूप से इस टकराव का कारण शहरी जीवन के अपने चरित्र तथा इस परिवेश में विकसित होते मनुष्यों की सोच का उन्मुखीकरण भी है। इस परिघटना पर समग्र रूप से विद्वान डेसमंड मोरिस ने अपनी पुस्तक 'द ह्यूमन ज़ू' में विश्लेषण किया है।

डेसमंड ने शहरों में हिंसा और अपराधों की वृद्धि का संबंध केवल अपराधों से जोड़ने के बजाय इसे व्यापक संदर्भों में देखने का प्रयास किया है। उन्होंने इस पूरी समस्या को मनुष्यों के भविष्य के आधार पर भी देखा है। डेसमंड मोरिस द्वारा शहरी हिंसा और अपराधों में वृद्धि के बारे में निकाले गए परिणाम बहुत महत्वपूर्ण हैं। मानव जीवन पर इनके कारण पड़ने वाला प्रभाव बहु-आयामी तथा व्यापक है। इसे देखते हुए दुनिया भर के गंभीर शोधकर्ताओं को शहरों में हिंसा तथा अपराध पर डेसमंड मोरिस की 'द ह्यूमन ज़ू' में निकाले परिणामों का गंभीर विश्लेषण अवश्य करना चाहिए। इससे इस परिघटना के मूल कारणों का पता लगाने में आसानी होगी।

मोरिस के अनुसार, शहरी जीवन तथा मनुष्यों की सोच के बीच टकराव का मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि के कारण पैदा बहुत अधिक भीड़ है। उन्होंने अपनी पुस्तक के प्रारंभ में ही दो व्यापक रूप से अलग-अलग परिदृश्यों का वर्णन किया है। पहले परिदृश्य में लोग एक कबीले के सदस्य हैं जिसमें लगभग 60 लोगों का एक 'सुगठित समूह' है जो 20 मील लंबे और 20 मील चौड़े भूमि के एक क्षेत्र में रहता है। इस क्षेत्र में जंगल है जहां 'छोटे और बड़े जानवर' रहते हैं। दूसरे परिदृश्य में, वे इतने ही क्षेत्रफल वाले इलाके में रहते हैं, लेकिन वह 'सभ्य है जहां मशीनें और इमारते हैं' और इस क्षेत्र में '6 मिलियन मनुष्यों का एक सुगठित समूह रहता' है। इस प्रकार 'पहले परिदृश्य में हर व्यक्ति का संबंध 100 मिलियन लोगों से है।'

यह परिवर्तन पिछले कुछ हजार सालों में आया है। मोरिस के अनुसार, मानव विकास के दृष्टिकोण से देखें तो यह परिवर्तन 'लगभग अचानक' आया है। मनुष्यों ने स्वयं को अपने नए परिवेश के अनुकूल बहुत तेजी से ढाला है। उनको विश्वास हो गया है कि यह सतत प्रक्रिया जारी रहेगी और वे जैव-वैज्ञानिक रूप से इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है।

जैव-वैज्ञानिक रूप से मनुष्य सरल और ग्रामीण जानवर बने हुए हैं जिनका वर्णन उपरोक्त पहले परिदृश्य में किया गया है। मोरिस के अनुसार, मनुष्य 'न केवल कुछ शताब्दियों तक इन स्थितियों में रहे हैं, बल्कि उन्होंने लगभग एक लाख साल इन कठोर परिस्थितियों में बिताए हैं।' इस कालखंड में वे 'जैव-वैज्ञानिक रूप से बदले' तथा 'खासकर विकसित' हुए हैं जब जीवित रहने के लिए दबाव बहुत अधिक था और उन्होंने स्वयं को इन परिस्थितियों के अनुकूल ढाला था।

मोरिस के अनुसार, समस्या यह है कि मनुष्यों का विकास कबीलाई जानवरों के रूप में हुआ है। उन्होंने अपनी पुस्तक में कहा, 'कबीले का मूल चरित्र यह है कि वह स्थानीय परिवेश में अंतर-वैयक्तिक आधार पर काम करता है। इस मूल सामाजिक पैटर्न को छोड़ने का विचार और प्रयास प्राचीन मानवीय स्थितियों के एकदम विपरीत था।' लेकिन विडंबना है कि बाद में कस्बों के विकास के कारण मनुष्यों को ठीक यही करना पड़ा। कृषि और व्यापार के विकास के साथ अंतर-शहर समन्वय विकसित हुआ। इस प्रकार मनुष्य 'नागरिक, सुपर कबीलाई मनुष्य बन गए। लेकिन इस सुपर-कबीलाई मनुष्यों के साथ समस्या यह थी कि वे एक दूसरे को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते थे।' इस प्रकार समुदाय के अनेक सदस्य उनके लिए अपरिचित थे। इस परिवर्तन के कारण वैयक्तिक के बजाय गैर-वैयक्तिक समाज का विकास हुआ। डेसमंड मोरिस के अनुसार, 'इसके कारण बाद के हजारों वर्षों में मानव जानवरों को सबसे बड़ी पीड़ा का सामना करना पड़ा। एक प्रजाति के रूप में हम जैव-वैज्ञानिक रूप से बड़ी संख्या में अजनबियों से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं, जबकि वे स्वयं को हमारे कबीले के सदस्यों की तरह पेश कर रहे हैं। आदिम कबीलाई समाज से नए समाज में आने वाले मनुष्यों को यह सीखना था। लेकिन यह आसान नहीं था और इस कारण इसके खिलाफ प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से संघर्ष जारी रहा। इनमें से अनेक चीजें अब इतनी छिपी नहीं हैं।' लोगों ने अपनी इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए सहयोगी व्यक्तिगत संबंधों हेतु कबीलों के आकार वाले 'उप-समूहों या छद्म कबीलों का गठन किया जो सुपर-कबीलों की मुख्य संस्था के भीतर काम करते थे।' इससे सामाजिक या पेशेवर साथियों का अस्तित्व सामने आया। लेकिन इसका अर्थ अन्य उप-समूहों को अपने दायरे से बाहर समझना तथा उनके सदस्यों के साथ एक अवैयक्ति भीड़ के सदस्यों के रूप में बुरा व्यवहार करना था, भले ही वे हमारे परिचित ही क्यों न हों।

इस लेखक का विचार है कि 'अपराधी गैंग' ऐसे उप-समूहों या छद्म-कबीलों का गठन करते हैं। ये कम सदस्यों वाले समूह होते हैं जिनकी तुलना कबीलाई शिकारियों से की जा सकती है जो शिकार की तलाश करते थे। लेकिन वर्तमान अपराधी गैंग जानवरों के बजाय अपने अपराधों के लिए मनुष्यों की तलाश करते हैं। यह बात खासकर सशस्त्र डकैतियों या लक्षित भीड़ हिंसा के मामले में सही है। आदिम शिकारियों के समूहों के नेताओं की तरह आज के 'अपराधी गैंग नेता' गैंग के सदस्यों को निर्देशित करते और उनको सुरक्षा देते हैं। लेकिन इसके बदले वे गैंग के सदस्यों से अपने प्रति असंदिग्ध निष्ठा की मांग करते हैं और ऐसे किसी सदस्य के साथ अत्यधिक निर्मम व्यवहार करते हैं जो उनकी नजर में उनसे अलग हो गया है या उसने गैंग लीडर को धोखा दिया है। भीड़ एकदम शुरुआत से ही शहरी जीवन का हिस्सा रही है। इसके साथ ही उसकी गतिशीलता में हिंसा और आपराधिक गतिविधि की प्रवृत्ति भी अंतर्निहित रूप से पाई गई है। ऐसे अपराधी गैंग अपने सदस्यों की पहचान छिपाने की प्रवृत्ति रखते हैं ताकि सामूहिक हिंसा की स्थिति में उनकी पहचान प्रकट न हो।

इसके साथ ही समूह के नेता पद के लिए लड़ाई में भी हिंसा के प्रबंधन की क्षमता शामिल होती है। इसी प्रकार अपराधी भीड़ के सदस्य भी एक भीड़ का हिस्सा बनना पसंद करते हैं ताकि उनको व्यक्तिगत रूप से हिंसक गतिविधियों के लिए जिम्मेदार न ठहराया जा सके। इसके अलावा अपराधी गैंगों और अपराधी भीड़ के बिना भी अत्यधिक भीड़ के कारण तनाव बढ़ने पर कोई व्यक्ति अपना संतुलन खो सकता है। 'रोड रेज' या सड़कों पर हिंसा इस प्रकार की व्यक्तिगत हिंसा का एक उदाहरण है। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान, बादल फटने, अचानक बाढ़, समुद्री तूफान व विशाल समुद्री लहरों जैसी घटनायें आज शहरों और कस्बों को ज्यादा प्रभावित करने लगी हैं।

ऐसे में कानून-व्यवस्था समेत शहरी जीवन के सभी आयामों पर गंभीर वैश्विक विमर्श होना चाहिए। असंदिग्ध रूप से अब इतिहास की धारा उलटने और कबीलाई जीवन की ओर लौटने का सवाल नहीं उठता है। लेकिन इसके बावजूद समुदाय के अस्तित्व पैटर्नों पर विचार जरूरी है जहां इस समस्या को सचेतन ढंग से संबोधित किया जा सके। इसके लिए अंतर-वैयक्तिक संबंध मजबूत करने तथा उप-समूह टकराव घटाने के प्रयास होने चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं।

भारत के युवाओं का सशक्तीकरण

> लक्षित पहलकदमियों के द्वारा कौशल के अभाव को दूर करके न केवल रोजगार बल्कि आर्थिक संवृद्धि व सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।

पर्ल तिवारी
(लेखिका अंबुजा फाउंडेशन की सीईओ हैं)

बहुत कम लोग इस बात पर यकीन करेंगे कि तटीय गुजरात के 26 वर्षीय युवा, सफल उद्यमी केविन दहिमा कभी बेरोजगार थे। आज वे खुद ही अपने काम में लगे हुए हैं। 2021 में अपना व्यवसाय शुरू करने और 24 घंटे सेवा प्रदान करने वाले केल्विन हर महीने 55,000 रुपये से ज़्यादा कमाते हैं। उन्होंने अस्पताल सहायक के रूप में प्रशिक्षण लिया है। यह सब एक अस्पताल से शुरू हुआ, जहाँ उन्होंने ऐसे मरीज़ देखे जो अस्पताल से छुट्टी पा चुके थे, लेकिन उन्हें अभी भी कई तरह की देखभाल की ज़रूरत थी - बुजुर्ग मरीज़ जिन्हें ड्रेसिंग की ज़रूरत थी; पूर्व आईसीयू मरीज़ जिन्हें रोज़ाना ऑक्सीजन की ज़रूरत थी; और कैंसर और सर्जरी के बाद के मरीज़ - क्या होगा अगर वे उन्हें अपने घर में आराम से नर्सिंग देखभाल प्रदान कर सकें? न केवल वे जीवन में उत्पादक बन रहे हैं, बल्कि वे जरूरत के समय लोगों की मदद कर रहे हैं, साथ ही भविष्य के लिए कुछ बना रहे हैं। और सफलता की उनकी यात्रा तब शुरू हुई जब उन्होंने कौशल प्रशिक्षण के लिए साइन अप किया। युवा बेरोजगारी के उच्च स्तर के सामाजिक प्रभाव को देखने के लिए बहुत दूर देखने की ज़रूरत नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में, जहां युवा बेरोज़गारी 59.7 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, बेरोज़गारी को आज देश की कई समस्याओं का मूल कारण माना जाता है - जिसमें अपराध, गरीबी और आत्महत्या शामिल हैं।

घर के नज़दीक, पंजाब में नशीली दवाओं के उपयोग की महामारी उच्च बेरोज़गारी और अल्परोज़गार सहित सामाजिक और आर्थिक कारकों से प्रेरित है; और युवा आत्महत्या जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को युवा बेरोज़गारी ने और भी जटिल बना दिया है। हमारे युवाओं के लिए उज्ज्वल और उत्पादक भविष्य के लिए अवसर प्राप्त करना पहले कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा है।

दुनिया भर में, युवा बेरोज़गारी और अल्परोज़गार कई समाजों में महत्वपूर्ण समस्याएं हैं, जो निराशा और हताशा की भावनाओं को जन्म दे सकती हैं - जो अक्सर सामाजिक अशांति को बढ़ावा दे सकती हैं। अगले दशक में, विश्व बैंक का अनुमान है कि एक अरब युवा नौकरी के बाजार में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे, लेकिन उनमें से आधे से भी कम को औपचारिक नौकरी मिल पाएगी। इससे अधिकांश युवा, जिनमें से कई अल्पसंख्यक और हाशिए के समूहों में हैं, बेरोज़गार हो जाएंगे या कामकाजी गरीबी का सामना करेंगे। दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी (कुल आबादी का 66 प्रतिशत 35 वर्ष से कम आयु का है) और एक थिंक टैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार युवा बेरोज़गारी 45.5 प्रतिशत तक हो सकती है - जो दुनिया में सबसे ज़्यादा है, इसलिए यह ज़रूरी है कि भारत इस पर ध्यान दे। हम अपने कई युवाओं के लिए उत्पादक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन मुद्दों पर निवारक दृष्टिकोण अपनाने के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। कौशल की भारी कमी वाले देश में, यह एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है - युवाओं और उद्योग दोनों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कौशल में सहयोगात्मक रूप से निवेश करना। हाल के अध्ययनों के अनुसार, भारत की रोजगार योग्य आबादी कुशल श्रम बाज़ार की मांगों को पूरा करने के लिए बहुत कम है।

देश के दो-तिहाई कर्मचारी मौजूदा नौकरी के अवसरों के लिए योग्य नहीं हैं। योग्य श्रमिकों की इतनी कमी के साथ, व्यवसाय पदों को भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। यह केवल कुशल श्रमिकों की मात्रा की कमी नहीं है। उपलब्ध प्रतिभा की गुणवत्ता भी कम है। हाल के शोध से पता चलता है कि भारत में केवल 33 प्रतिशत श्रमिकों के पास ही वे कौशल हैं जिनकी नियोक्ता सबसे ज़्यादा तलाश करते हैं। स्पेक्ट्रम के दोनों छोर पर मुद्दों से निपटने के लिए समय की मांग कौशल प्रशिक्षण है। जबकि भारत कौशल मिशन ने 2022 तक 500 मिलियन युवाओं को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को छोड़ दिया है, फिर भी कॉर्पोरेट्स, कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं और नागरिक समाज को इस कमी को पूरा करने के लिए आगे आने की स्पष्ट आवश्यकता है।

विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं तक अधिक पहुंच की आवश्यकता है जो प्लेसमेंट का भी समर्थन करते हैं, साथ ही परिवारों को यह समझाने में भी मदद की आवश्यकता होती है कि कौशल ही वास्तव में आगे बढ़ने का रास्ता है - एक ऐसा रास्ता जो अक्सर युवाओं और उनके परिवारों दोनों की सफेदपोश आकांक्षाओं के साथ संघर्ष करता है। दुख की बात है कि भारत में सभी स्नातकों में से आधे उद्योग-संबंधित कौशल की कमी के कारण बेरोजगार हैं।आज दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें से कई हमारे युवाओं को प्रभावित करती हैं। संघर्ष जो शिक्षा और स्थिरता को बाधित करते हैं, एक ध्रुवीकृत ऑनलाइन वातावरण जो नकारात्मकता को बढ़ावा देता है, और आर्थिक असमानता जो अवसरों को सीमित करती है। ये मुद्दे न केवल व्यक्तिगत भविष्य बल्कि समुदायों की समग्र स्थिरता को भी खतरे में डालते हैं। इसलिए युवाओं को उत्पादक नागरिक बनने और सभी के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है।

आप की बात

पेरिस ओलम्पिक

पेरिस में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से पूर्व बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की घटनाएं हुई है। यह निश्चित रूप से आतंकवादी नेटवर्क की ही कारस्तानी है। पहले भी ओलंपिक खेलों के दौरान इन तत्वों ने हमले किए हैं। युद्ध और तनावों को झेल रही इस दुनिया में सिर्फखेल ही मानवीय सोहार्द और भाईचारे को कायम रखे हुए हैं। ऐसे में दुनिया के इस सबसे बड़े खेल आयोजन के समय हिंसा निश्चित रूप से अत्यधिक चिन्ताजनक है। दुनिया की वर्तमान तनावपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए इस बार ओलंपिक में कड़ी सुरक्षा की गई थी। लेकिन इसके बावजूद ऐसी घटना होना सुरक्षा व्यवस्था मे चूक का ही परिणाम है। हालांकि, इस घटना के बावजूद अब खेल शुरू हो चुके हैं। मानवता के दुश्मन इन खेलों में फिर से कोई बाधा खड़ी नहीं कर पाए इसके पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। दुनिया भर के सभी देशों को की एकजुट होकर ऐसी आतंकी घटनाओं की निंदा करने के साथ ही आतंकवाद को समाप्त करने के मजबूत कदम उठाने चाहिए। विडंबना है कि आज तक संयुक्त राष्ट्रसंघ आतंकवाद की ऐसी परिभाषा तक नहीं तय कर सका है जिस पर सभी देश सहमत हों। पेरिस की घटना पूरी दुनिया के समक्ष चुनौती है कि वह आतंकवाद के प्रति पूर्ण असहिष्णुता की नीति अपनाए।

-सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

उत्तर प्रदेश की राजनीति

उत्तर प्रदेश की राजनीति बेहद पेचीदा होती जा रही है। भाजपा की कथित अंदरूनी कलह मीडिया में सुर्खियां बन रही है। भाजपा अध्यक्ष भले ही किसी मतभेद या प्रदेश में संभावित परिवर्तन से इनकार करें, लेकिन एक उप-मुख्यमंत्री दिल्ली में बड़े नेताओं से चर्चा कर रहे हैं और संगठन को सरकार से सर्वोच्च बता रहे हैं तो दूसरे उप-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक से गायब रहते हैं। हाल ही में केशव मौर्य ने आरक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री के आधीन कार्मिक विभाग को पत्र लिखा जो मीडिया में सार्वजनिक हो गया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का भी ऐसा ही पत्र सार्वजनिक हुआ था। योगी आदित्यनाथ की पल्लवी पटेल से मुलाकात से अफवाहों का बाजार और गर्म हुआ। इन्हीं पल्लवी पटेल ने केशव मौर्य को विधानसभा चुनाव में हराया था। जनता देख रही है कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाले दोनों उप-मुख्यमंत्री अपने प्रभार वाली सीटों पर भाजपा को वह विजय नहीं दिला पाये जो योगी आदित्यनाथ ने पूरे गोरखपुर क्षेत्र में दिलाई। कट्टर भाजपा-विरोधी अफजाल अंसारी भी उत्तर प्रदेश में भाजपा की विजय का श्रेय योगी आदित्यनाथ को दे चुके हैं। अखिलेश यादव फिलहाल सबसे ज्यादा खुश हैं।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

संसद की गरिमा

संसद की गरिमा को कुछ सांसदो द्वारा कई बार धूमिल किया गया। अनर्गल टीका-टिप्पणी तथा असंसदीय शब्दों का प्रयोग अब विपक्ष तथा खासकर उसके कुछ सांसदों की आदत बनती जा रही है। बजट पर चर्चा के बीच हंगामा समझ से परे है। संसद को अपने संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए अखाड़ा बनाकर आखिर सांसद जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं? संसदीय कार्यवाही में व्यवधान से लाखों रुपयों की बर्बादी होती है। ऐसे में संसदीय कार्यवाही में व्यवधान डालने, शोर शराबा मचाने तथा बार-बार आसन के आदेशों की अवहेलना करने वाले सांसदों के खिलाफ उसी प्रकार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जैसी खेलों में अंपायरों द्वारा की जाती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने का कारण बनने वाले दोषी सांसदों का वेतन और भत्ता काटने का निर्णय उसी प्रकार किया जाना चाहिए जिस प्रकार अनेक विभागों में हड़ताली कर्मचारियों का वेतन स्वतः कट जाता है। ऐसे कठोर कदमों को भले ही विपक्षी लोकतंत्र की हत्या कहें, लेकिन यदि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बोलने न दिया जाए तो ऐसी कठोर कार्रवाई भारत में संसदीय लोकतंत्र और संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए जरूरी हो जाती है।

- योगेश जोशी, बड़वाह

वन्यजीवों की सुरक्षा

असम के कई अभयारण्यों में बाढ़ का गंभीर प्रकोप है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में इस महीने के प्रारम्भ में ही 31 जानवर डूबकर मर चुके थे जिनकी संख्या बाद में और बढ़ी है। हर साल देश भर में कई हजार वन्यजीव बाढ़ के कारण मारे जाते हैं। उत्तर-पूर्व के करीब सभी राज्यों में बारिश के दिनों में जबरदस्त बाढ़ आती है और इंसानों की तरह वन्यजीव भी बड़ी तादाद में प्रभावित होते हैं। लेकिन अंतर यह है कि इंसानों के लिए जहां प्रशासन चिंता जताता है और उनके बचाव के प्रयास करता है, वहीं वन्यजीवों को आमतौर पर उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा से शुरू होकर गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा केरल से होते हुए कन्याकुमारी तक फैले पश्चिमी घाट में भी हर साल हजारों जानवर जानलेवा बाढ़ के शिकार होते हैं। शेर जैसी पूंछ वाले मैकाक, नीलगिरि ताहर व लंगूर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों के भी दर्जनों जानवर पश्चिम घाट में आने वाली बाढ़ में हर साल मारे जाते हैं। हालांकि, वन्यजीवों की देखभाल में लगे कर्मचारी उनको बचाने का भरसक प्रयास करते हैं, लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाई जानी चाहिए।

- गोपाल सोनी, धार

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

आम बजट समावेशी, समाज के प्रत्येक वर्ग का दिया गया है ध्यानः स्वतंत्र देव

संवाददाता। अयोध्या

प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कहना है कि इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी है। बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया है। सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट सरकार के संकल्पों को दिखाता है। महिला, युवा, किसान व गरीब के लिए बजट में सम्भावनाएं है। उक्त बातें उन्होंने रविवार को सर्किट हाउस में कही। बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को वह सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश में विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग व उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बैंक कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश की 20 लाख इकाईयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के 100 आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा होगा। इंटर्नशिप योजना उत्तर प्रदेश में दो लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक कारीडोर विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत 12 औद्योगिक पार्को को मंजूरी दी जाएगी। देश के 100 बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति सीवेज ट्रीटमेंट और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। एक लाख करोड़ के वित्तीय कोष से निजी क्षेत्र में वार्णिजिक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को 10 लाख रुपये तक ऋण के लिए वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नयी टैक्स व्यवस्था में वेतन भोगी कर्मचारियों को आयकर में 17 हजार 500 रुपये तक का टैक्स लाभ देने का प्राविधान बजट में दिया गया है। खरीफ फसलों का डिजटल सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी। जिसके तहत 25 हजार ग्रामीणों बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़के उपलब्ध करायी जाएगी। मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, मौजूद रहे।

जिले की सभी नहरों में पानी पहुंचाने का मेरा लक्ष्यः राकेश प्रताप सिंह

गौरीगंज, अमेठी। रविवार को गौरीगंज गेस्ट हाउस में नहर विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने नहरों में पानी की समस्याओं को लेकर एक प्रेसवार्ता की। राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अभी तक कुछ नहरों में पानी नहीं आ रहा है कुछ समस्या है जिसको लेकर हम मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, जेई के साथ नहरों का दौरा किया गया अभी तक 30 प्रतिशत से अधिक किसानों के खेत तक पानी पहुंच गया है जबकि दो दिन में काफी प्रयास के बाद 50 प्रतिशत नहरों में पानी पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास जारी हैं एक सप्ताह में विधानसभा के साथ जनपद की सभी नहरों में पानी पहुंचाने का मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में पहली बार इतना सूखा पड़ा है और किसान इससे प्रभावित हैं।

मुख्यमंत्री ने नहरों में पानी छोड़ जाने के निर्देश दिया था लेकिन कुछ समस्याओं के कारण नहरों को दस दिन के लिए बंद कर दिया गया था। विधायक ने कहा कि पार्टी नीति पर अधिकारियों की नियति सही होनी चाहिए तभी सरकार इस पर कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि जहां भी नहरों में समस्या है उसे जल्द दूर किया जायेगा।

सर्वस्पर्शी, विकासोन्मुखी व सर्व समावेशी है केंद्रीय बजटः सुशील त्रिपाठी

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी

गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा के के अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर आधारित बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी रहे संगोष्ठी को मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला यह बजट विकसित भारत का विजन अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है भारतीय जनता पार्टी अमेठी परिवार नए भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करते वाले इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त करती है आगे अपने संबोधन में मुख्य वक्ता ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए बहुत ही उपयुक्त बजट है। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बजट संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी गोविंद सिंह चौहान केशव सिंह भवानी दत्त दीक्षित गिरीश चंद्र शुक्ला सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तकनीक के बेहतर प्रयोग से करें ज्ञान को समृद्धः विधायक

अमेठी। अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ अपना एक लक्ष्य बनाकर शिक्षा के प्रति गंभीर होते हुए तकनीक के बेहतर प्रयोग से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह बातें श्री बजरंग सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मऊ गौरीगंज जनपद अमेठी में सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहीं। महाविद्यालय में परास्नातक स्तर पर संचालित भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, हिंदी, शिक्षाशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र में अध्यनरत 347 विद्यार्थियो को टैबलेट का वितरण माननीय विधायक जी के कर कमलों से संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा हुआ परीक्षण

गोंडा। चरक हार्ट इंस्टीट्यूट एवं नीमा एसोसिएशन गोंडा के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हरि नारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक लखनऊ रोड गोंडा में किया गया। शिविर में 150 मरीजो को स्वास्थ्य संबंधित परामर्श के साथ-साथ ई सी जी एवं ब्लड शुगर की जांच निःशुल्क कराई गई। मुख्य अतिथि के रूप में आए देवीपाटन मंडल के अपर आयुक्त राम प्रकाश ने अपने संबोधन में चरक हॉस्पिटल से आए डॉ. पंकज श्रीवास्तव एवं पूरी टीम तथा नीमा एसोसिएशन गोंडा की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन्होंने जरूरत मंद लोगों के लिए शिविर लगाया,जो सराहनीय कार्य हैं। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में लोग स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते हैं, इससे आगे चलकर कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ-साथ आम जन में रोगों के प्रति जागरूकता का अभाव है। अगर सही समय पर व्यक्ति का उपचार हो जाए तो उस व्यक्ति को किसी भी गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। चरक हॉस्पिटल लखनऊ से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव अपने संबोधन में कहा कि हृदय रोग से बचने के लिए कम से कम 45 मिनट व्यायाम एवं मॉर्निंग वॉक करना चाहिए। खाने में नमक व तेल का सेवन कम करें। घी, मक्खन, तले हुए पदार्थ, मांस का सेवन बहुत ही सीमित एवं वसायुक्त मसालेदार व्यंजन से बचना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने कहा कि आज हमारे देश में मधुमेह व हृदय रोग की बीमारी बड़ी तेजी से फैल रही है

उदया इंटरनेशनल स्कूल सीनियर सेकेंडरी लेवल पर हुआ अपग्रेड

संतकबीरनगर। उदया इंटरनेशनल स्कूल को आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 से सीनियर सेकेंडरी लेवल पर अपने विस्तार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह अपग्रेड स्कूल को ग्रेड 12 तक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा, जिससे छात्रों को एक विस्तारित और व्यापक शैक्षणिक यात्रा मिलेगी। नए सीनियर सेकेंडरी प्रोग्राम में विषयों और विशेष धाराओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी, जिससे छात्रों को अपनी व्यक्तिगत रुचियों और शैक्षणिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह पहल उदया इंटरनेशनल स्कूल की कठोर और गतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जो छात्रों को उच्च शिक्षा और भविष्य के कैरियर के अवसरों के लिए तैयार करती है। प्रबन्धक उदय राज तिवारी ने अपग्रेड के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, सीनियर सेकेंडरी लेवल पर विस्तार उदया इंटरनेशनल स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

डॉक्टर किरण सिंह को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मानित

रायबरेली। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की प्रतिष्ठित सदस्य डाक्टर श्रीमती किरण सिंह को राजनीति विज्ञान एवं समाज कल्याण में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह मानद डॉक्टरेट उपाधि श्रीमती किरण सिंह को राजनीति विज्ञान और सामाजिक कल्याण के साथ-साथ बतौर गवर्नर व चेयरपरसन परिवार कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण, लायन्स इन्टरनेशनल में उल्लेखनीय योगदान, भारतीय जनता पार्टी, जोकि एक राजनैतिक पार्टी में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हुए सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक विकास के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। उनके अथक प्रयासों ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित किया है और कई लोगों के जीवन को समृद्ध बनाया है।सोरबन अंतर्राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह, एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम, दुनिया भर में उत्कृष्ट व्यक्तियों को उनकी उपलब्धियों और सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करता है।डॉक्टर श्रीमती किरण सिंह की उपलब्धि समाज की भलाई के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और हम इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं।

सरकार लगवा रही पेड़ लकडकट्टे रहे उजाड़

लालगंज, रायबरेली। जहां एक ओर प्रदेश सरकार बरसात ऋतु में करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण पर जोर दे रही है और इसके लिए जिलाधिकारी वृक्षारोपण कार्य में तेजी लाने को लेकर दिन रात एक किए हुए हैं। वहीं हरे पेड़ों के कटान को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सरेनी क्षेत्र में तैनात वन कर्मियों द्वारा जिला अधिकारी व प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए लगातार लड़कियों की कटान कराने से बाज नहीं आ रहे है। ताजा मामला गेगासों पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गेगासों क्रॉसिंग का है। जहां पर सड़क के किनारे ही एक स्थानीय ठेकेदार द्वारा हरा महुआ का पेड़ कटाया जा रहा था जिस पर स्थानीय लोगों ने वन विभाग व पुलिस के आलाधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद स्थानीय ठेकेदार द्वारा मौके से काफी लड़कियां गायब कर फरार हो गया। इस संबंध में लालगंज रेंजर का कहना है कि मौके पर देखने के लिए वन कर्मियों को भेजा गया है।

पति समेत संपूर्ण ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का व जानलेवा हमले का मामला दर्ज

नसीराबाद, रायबरेली। पांच माह पहले बियाही एक विवाहिता ने अपने ही पति, सास, ससुर, देवर, नन्द पर दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला का आरोप लगाया है, पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद पीड़िता से मिली तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपीयों की तलाश शुरु कर दी है। मोहनगंज थाना क्षेत्र जनपद अमेठी के गांव भिलाई निवासी गुड़िया पुत्री सरवर की शादी पांच माह पहले 11 फरवरी 2024 को मुबीन पुत्र मोहम्दी निवासी पूरे कलंदर का पुरवा मजरे थौरी से हुआ था। गुडिया के पिता ने उसे हैसियत भर दान दहेज दिया था।

गुडिया का कहना है कि शादी उपरांन्त कुछ समय तक तो सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था फ़िर दहेज लोभी उसका पति, सास, ससुर, देवर तथा दो ननदे बुलेट बाइक, सोने, चांदी के जेवर, फ्रिज, वाशिंग मशीन की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे इसी क्रम में 18 जुलाई को घर का दरवाज़ा बंद कर ससुराली जनों ने दहेज की मांग को लेकर उसे मारा पीटा और जबर दस्ती ज़हर पिला दिया साथ ही उसका गला घोटने लगा चीख पुकार सुन पड़ोसी दौड़ पड़े और घर का दरवाज़ा तोड उसे बेहोशी के हालत में सी एच सी नसीराबाद पहुंचाया साथ ही उसके भाई और पिता को भी घटना की सूचना दे दी सूचना पाते ही पीड़िता के भाई व पिता अस्पताल पहुंचे जहां उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर किया गया था।

लेकिन उसके परिजनों ने उसे नसीराबाद कस्बे के शिफा अस्पताल में भर्ती कराया साथ ही घटना की तहरीर थाने पर दी लेकिन तब पुलिस ने कोई कारवाई नहीं की जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक रायबरेली से की गई पुलिस अधीक्षक से मिली फटकार के बाद पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद पीड़िता से मिली तहरीर पर आरोपी पति मोबिन, ससुर मोहमदी, सांस फातिमा, देवर रियाज, नन्द रोशनी,व रजिया के खिलाफ दहेज उत्पीडन, जानलेवा हमला सहित संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।

जिले की गौशालाओं में विविध प्रकार के पौधों का हुआ रोपण, गौवंशों को मिलेगी छाया

संवाददाता। उरई, जालौन

मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे की सराहनीय पहल एवं अभिनव प्रयास से मंडल के तीनों जनपदों के गौशालाओं में बृहद वृक्षारोपण का कार्य किया गया, गौ माता को भीषण गर्मी, सर्दी एवं बारिश से बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं गौशालाओं में पर्याप्त हरियाली की चादर बिछाने के उद्देश्य से राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव ने कान्हा गौशाला सरसौखी व चमारी गौशाला परिसर में अभियान के तहत पौधरोपण किया।

रोपे गए पौधे जब वृक्ष के रूप में परिवर्तित होंगे तब गौवंशों के लिए पर्याप्त छाया होगी, भीषण गर्मी में गौवंशों के लिए बेहतर छाया मिलेगी। इस दौरान पूरे परिसर में बरगद, नीम, पीपल, मौलश्री, कदम जैसे लंबी आयु वाले वृक्षों और औषधीय गुणों वाले वृक्षों को भी लगाया गया।

अपने संबोधन में मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे के इस अभनिव प्रयास से सराहना की गौशालाओं में बृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा एवं गौशालाओं में सरंक्षित गौवंशों के लिए आने वाले समय में पर्याप्त हरियाली भी होगी। उन्होंने गौशाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरूआत की थी तो किसी को अंदाजा नहीं था कि यह अभियान एक जनआंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देशवासी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़, पौधे लगाकर अपनी मां के साथ-साथ धरती माता को प्रणाम कर रहे हैं।

भाजपा नेता की शिकायत पर डीएम ने दिए जांच के आदेश

उरई, जालौन। कदौरा बीडीओ द्वारा बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में फर्जी भुगतान करने और गोशाला संचालन में लापरवाही बरतने,फरियादियों को कार्यालय से भगा देने का आरोप लगा कर विगत दिनों भाजपा नेता और ग्रामीण ने डीएम से शिकायत की थी। डीएम ने मामले को संज्ञान लेकर जांच सीडीओ को सौंपी है। गौरतलब है कि 23 जुलाई को कदौरा क्षेत्र के ग्राम चंदरसी निवासी भाजपा नेता सोनू राजपूत ने बीडीओ पर बारिश में मनरेगा के कार्यों में फर्जी मजदूर दिखा कर फोटो अपलोड कर भुगतान करने के साथ गोशालाओ के संचालन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर डीएम को शिकायती पत्र दिया था। भाजपा नेता ने कहा था कि भीषण बारिश में एक तरफ खेत जलमग्न है। रास्तों में पानी भरा है, उसके बाद वहां जलरोक बांध और समतलीकरण आदि के कार्यों में फर्जी फोटो अपलोड कर एमएमएस किया जा रहा है। भुगतान कर बंदर बांट कर शासन द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।

नगर के प्रवेश द्वार का चौराहा अवैध अतिक्रमण का शिकार

● एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

जालौन, उरई। नगर का प्रवेश द्वार कहे जाना वाला देवनगर चौराहा अतिक्रमण की चपेट में है। फोरलेन के चौराहे पर ठेले ठिलियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उरई-जालौन फोरलेन पर देवनगर चौराहे से बंगरा भिंड, औरैया, कोंच, बाबई, लौना, हरदोई गूजर आदि मार्ग निकले हुए हैं। इसके साथ ही नगर में प्रवेश के लिए सड़क निकली है। पूरे दिन बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनों का निकलना होता है।

इसके ही वाहनों का नगर में अंदर आने व जाने का क्रम लगा रहता है। नगर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए यातायात पुलिस को लगाया गया है। इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधी सड़क पर अतिक्रमण कर फल की दुकान, ऑटो, वाहन, आइसक्रीम आदि की गाड़ियां खड़ी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण वाहनों को निकलने में दिक्कत होती रही है।

विपुल, वैभव, महेंद्र आदि ने बताया कि मुख्य सड़क पर अतिक्रमण होने की शिकायत समय समय पर की जाती है। इसके बाद कुछ समय के लिए इन्हें हटवा दिया जाता है।

लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है। उन्होंने इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग एसडीएम से की है। इस बाबत एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि पूर्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इसके बाद भी यदि दुकानदार पुनः अतिक्रमण कर रहे हैं तो पुलिस से कहकर कार्रवाई कराई जाएगी।

बाजार में पौने दो किमी निर्माणाधीन सीसी सड़क के दोनों ओर इंटरलाकिंग का कार्य शुरू

कालपी, जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने कालपी नगर के मुख्य बाजार टरननगंज से आलमपुर में नवनिर्मित पौने दो किमी लम्बी सीसी सड़क तथा साइडों के इंटरलॉकिंग के कार्यों का निरीक्षण किया। विदित हो कि क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की पहल पर साढ़े चार करोड़ रुपये के बजट से कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग खण्ड तृतीय के अधिशाषी अधिकारी महेंद्र सिंह, अवर अभियंता ब्रजेन्द्र सिंह की देखरेख में ठेकेदार आरएन अग्रवाल कम्पनी के द्वारा कराया जा रहा है। दरअसल प्रथम चरण में 14 सेमी मोटी ऊँचाई दो लेयर मोटाई की सीसी सड़क का निर्माण प्रथम चरण में पूरा हो गया है। अमलतास तिराहे से फुलपावर चौराहे तक बनी नवनिर्मित सड़क के दोनों साइड पटरियों में इंटरलॉकिंग बिछाने का कार्य कार्यदायी संस्था के द्वारा किया जा रहा है। कम्पमी के साइड इंचार्ज रत्नेश कुमार राजपूत ने बताया कि निर्माण कार्य बहुत ही गतिशीलता से मानक के मुताबिक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसके पहले जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। रविवार को इंजीनियरों की टीम ने निरीक्षण करके साइट इंचार्ज को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

देवनगर चौराहे को टैंपो और बस संचालकों ने बना दिया अवैध स्टैंड

संवाददाता। जालौन, उरई

प्रदेश सरकार ने अवैध बस व टैंपो स्टैंड पर रोक लगा रखी है। नगर के देवनगर चौराहे पर बसों और टैंपो का अवैध स्टैंड बना हुआ है। चौराहे पर बसों और टैंपो को लगातार खड़ा देखा जा सकता है। इसके बाद भी जिम्मेदार दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन के साथ परिवहन विभाग को सख्त आदेश दिए थे कि प्रदेश में किसी भी स्थान पर अवैध बस व टैंपो स्टैंड संचालित न हो। अवैध स्टैंड संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी देवनगर चौराहे पास टैंपो व लग्जरी प्राइवेट टूरिस्ट बसों का स्टैंड संचालित हो रहा है। दिन भर देवनगर चौराहे के आसपास टैंपो खड़े नजर आते हैं। शाकिर हसन बताते हैं कि टैंपो को लाइसेंस सिर्फ18 किलोमीटर के एरिया में चलने के लिए दिया जाता है। लेकिन टैंपो चालक औरैया 42 किमी, ईंटो, गोहन 35 किमी आदि स्थानों के लिए सुबह से ही चलते हुए देखे जा सकते हैं।

अवैध रूप से टैंपो चलने से आए दिन बस वालों से भी टैंपो वालों से विवाद होता रहता है। इसके साथ ही नगर से दिल्ली, जयपुर, राजस्थान के लिए लग्जरी बसें निकलती हैं। इनके रुकने का यहां स्टैंड न होने के बाद भी इनके बुकिंग काउंटर चल रहे और सवारियों को बैठा व उतार रहे हैं। अवैध बुकिंग काउंटर व टैंपो स्टैंड के कारण सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस बाबत एआरटीओ विनय कुमार ने कहा कि समय समय पर चेकिंग अभियान चला कर कार्रवाई की जाती है।

सिकरी राजा में ब्लाक प्रमुख ने रोपित किये सात सैकड़ा पौधे

जालौन, उरई। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन की अध्यक्षता में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में 700 छायादार एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस दौरान पौधों की देखभाल की भी शपथ ली गई। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत गांव में 700 फलदार व छायादार पौधे नीम, गूलर, अशोक, गुलमोहर, पीपल, बरगद आदि के वृक्षों का रोपण किया गया। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने और पर्यावरण की सुंदरता और संतुलन को बढ़ाने के लिए है। पेड़ हानिकारक गैसों को सोख लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। अभियान के बाद उपस्थितजनों ने संकल्प किया कि वह उनकी देखभाल करेंगे और ज्यादा से ज्यादा पौधों को संरक्षित किया जाएगा। इस मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार, एडीओ पंचायत देवेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी वर्षा सिंह, तकनीकी सहायक रामहेतु लोधी, एमके खान दरोगा, ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, आदि मौजूद रहे।

विद्युत विभाग की अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता। कुठौंद, जालौन

विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते विद्युत उपकेंद्र कुठौंद के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के ग्रामीण विद्युत कटौती के दंश को झेल-झेलकर परेशान हो चुके हैं। आए दिन दिवाली की तरह जलने वाली फुलझडियों की तरह फेस का उड़ना लोगों की इस चिपचिपाहट भरी गर्मी में परेशानी बढ़ा रहा है। सुदूरवर्ती ग्रामों के नलकूपों के कनेक्शन पर रात में विद्युत सप्लाई बंद करना भी किसानों के लिए मुसीबत बन चुका है।

आलम यह है कि आए दिन विद्युत ट्रांसफार्मर का फुंकना कुठौद केंद्र की नई पहचान बन गई है। समीपवर्ती ग्राम सलेमपुर में बीते एक माह से अंधकार पसरा हुआ हैं! वहां 25 एमबी का ट्रांसफार्मर रखकर लोगों के साथ आंख मिचौली का खेल खेला जा रहा हैं! जबकि उस ट्रांसफार्मर से 56 संयोजन अच्छा दित हैं। फिर भी कम पावर का ट्रांसफार्मर रखकर लोगों के लिए परेशानी का सबव बना दिया गया है। यहां पर एक माह से गांव में अंधेरा पड़ा हुआ है नया ट्रांसफार्मर बल्ब जलने के पूर्व ही जांच के दौरान ही फुक जाता है। इस विषय में अधिशाषी अभियंता से लेकर विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ तथा अवर अभियंता को कई बार अवगत कराया गया लेकिन उनके सर पर जूं तक रेंगता नजर नहीं आया।

विद्युत विभाग की अकर्मण्यता का दंश ग्रामीण भुगतने के लिए मजबूर हो चुके हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी प्रदेश सरकार की मनसा पर मटकों पानी उलेड़कर अपनी मनमर्जी से विद्युत केन्द्र को संचालित कर सरकार के प्रति लोगों की नाराजगी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

तो वहीं दूसरी तरफ वावली क्षेत्र में नलकूपों के संयोजन पर सप्लाई बंद कर दी गई है जिससे किसानों की धान की फसल भी अव प्रभावित होने लगी हैं। रात में किसान जाग जाग कर अपनी फसलों की एक तरफ जहां रखवाली कर रहा है वहीं दूसरी तरफ अंधकार में पशुओं की रखवाली करने के लिए किसान विवश हो रहा है। कुठौंद क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही हैं। यहां पर अंधे और गूंगे की तरह शासन चलाकर केंद्र को संचालित किया जा रहा है संविदा कर्मियों की मनमाने तरीके से धन दोहन प्रथा का हावी होना अधिकारियों का निरंकुश होना सरकार की मंशा सबका साथ सबका विकास के ऊपर भारी पड़ता नजर आ रहा है।

बरसों पूर्व डाली गई विद्युत लाइन जो अब जर्जर हो चुकी है वहां पर आये दिन फाल्ट होना विद्युत आपूर्ति बाधित होने में सहायक बना हुआ है।

जिला अस्पताल में ही निःशुल्क होगी हेपेटाइटिस बी व सी की एलीज़ा जांच

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी जैसी जानलेवा बीमारी की जांच और इलाज के लिए अब आपको लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सीएमएस डॉ आरके कोली के प्रयासों के बाद अब न सिर्फ जांच बल्कि दवाएं भी जिला चिकित्सालय में निशुल्क उपलब्ध होंगी। जिसकी शुरुआत शनिवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस से हो गई है। पहले दिन ही 120 से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई है।

सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि उनके चार्ज संभालने के बाद से कई ऐसे मामले प्रकाश में आए जिसमें हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के मरीजों को जिला अस्पताल से दवाएं नहीं मिल पा रही थीं। वहीं नए मरीजों की पहचान के लिए भी एलीज़ा जांच की व्यवस्था नहीं थी। मरीजों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की और फिर पत्राचार किया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है की उच्च अधिकारियों ने बहुत जल्दी उनकी बात सुनी और किए गए पत्राचार का सकारात्मक जवाब दिया।

मिले आदेशों के बाद विश्व हेपेटाइटिस दिवस से न सिर्फ हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी जैसी जानलेवा बीमारी की जांच शुरू हो गई है बल्कि दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि पहली रैपिड किट जांच पॉजिटिव आने के बाद दूसरी एलीज़ा (वाइरल लोड) जांच भी जिला चिकित्सालय में की जाएगी। वहीं दूसरी जांच पॉजिटिव आने के बाद मरीज को जिला अस्पताल से ही चिकित्सकीय देखरेख में दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे उनका बेहतर उपचार हो पाएगा और उन्हें लखनऊ के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। शनिवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन भी किया गया।

सीएमओ पहुंचे पचनेरा गांव, ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से की मुलाकात

लखीमपुर खीरी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की निगरानी के लिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा सीएचसी बेहजम के गांव पचनेरा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा व पाथ सलाहकार अमरेश कुमार भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। जिससे संचारी रोगों को फैलने से रोका जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम में भी गांव-गांव जाकर विजिट कर रही है। ग्राम प्रधानों से मिलकर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं विभाग द्वारा एंटी लारवा का छिड़काव भी कराया जा रहा है। जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण बना रहे। अभियान की स्थलीय निगरानी के लिए उनके द्वारा बेहजम ब्लॉक के पचनेरा गांव का औचक निरीक्षण शनिवार दोपहर किया गया, जहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान व गांव वालों से मुलाकात कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के बारे में उनसे जानकारी की। साथ ही विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दे दिया कि क्षेत्र के सभी गांव में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत किया जा रहे कार्यों पर भी विजिट कर निगरानी बनाए रहे।

कार डिवाइडर से टकराई, एक व्यक्ति की मौत, आधा दर्जन घायल

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेजी गति से जा रही चार पहिया गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद ट्रैक्टर से टकरा गई, जिसमें सवार सात लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं पांच लोगो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर सभी को चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

चार पहिया सवार सभी लोग उरई से कर्वी चित्रकूट की ओर जा रहे थे जिसमें ठेकेदार देवेंद्र निरंजन पुत्र खेमराज अपने पुत्र के साथ में मजदूरों को लेकर चित्रकूट कर्वी गल्ला मंडी में निर्माण कार्य के लिए जा रहा था तभी अनियंत्रित गति से गाड़ी चला रहे इकबाल पुत्र इमामी खन्ना के निकट बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे में चार पहिया गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराने के बाद बगल में खड़े ट्रैक्टर से टकरा गयी। वहा मौजूद एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए और ब्रेजा गाड़ी लुढ़कते हुए सड़क पर गिर गई जिससे गाड़ी सवार नसीम(56) पुत्र वहीद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

ठेकेदार व ऋषभ पटेल पुत्र देवेंद्र निरंजन की हालत बहुत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया साथ में सवार कल्लू पुत्र तापर अली, अनस, इकबाल पुत्र इमामी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के उपरांत सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

साथ में सवार सैफ अली पुत्र कासिम ने बताया कि हम सभी उरई विवेकानंद कॉलोनी के आसपास के रहने वाले हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि एक्सप्रेसवे में हुए एक्सीडेंट में एक की मौत मौके पर हो गई जिसका पंचनामा भर पीएम के लिए भेज और सभी घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये तत्पर रहें जिम्मेदार कर्मी: पुलिस अधीक्षक

कन्नौज। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के स्नान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रभारी निरीक्षक सहित दलबल के साथ मेंहदी घाट का निरीक्षण कर अधीनस्थ कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार दृष्टिगत मेंहदी घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मेहंदी घाट पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगायी गयीं हैं। एवं साथ ही खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरवाइज बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया है। स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गो तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पीएसी को तैनात किया गया है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो की सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाएगी।

केन्द्रीय बजट बहुयामी, यूपी को सर्वाधिक लाभ: मानवेंद्र सिंह

संवाददाता। कानपुर देहात

भारतीय जनता पार्टी कानपुर देहात की केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी भाजपा पार्टी कार्यालय माती में संपन्न हुई इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के बजट के लिए चर्चा की गई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने बजट पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अबकी बार का केंद्रीय बजट बहुआयामी है।

इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए कई योजनाओं को आवंटित किया गया है 20 लाख इकाइयों को जीवनदान एवं 22 लाख नए उद्यमी तैयार किए जाएंगे उत्तर प्रदेश के लिए 100 आईआईटी कॉलेज को अपग्रेड किया जाएगा जिससे 3:30 लाख युवाओं को फायदा होगा।

उत्तर प्रदेश को नए 10 राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे 2000 नई सड़कों का निर्माण होगा बजट में ग्रामीण सड़कों का खास ध्यान रखा गया है उत्तर प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए केंद्र सरकार ने काफी बजट रखा है झांसी से दतिया तक 23 किलोमीटर के लाइन पर तीन ट्रैक बनाए जाएंगे पूर्वांचल के औड़िहार से सादात तक 19 किलोमीटर लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा 22 किलोमीटर रुदौली से सोहावल तक रेल लाइन को डबल किया जाएगा केंद्रीय बजट में 12 नए औद्योगिक पार्क बनाए जाएंगे जिसमें उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलने वाला है यूपी में तीन नई इंडस्ट्रियल पार्क बनाने का प्रस्ताव है उत्तर प्रदेश में 20 लाख परिवारों को पीएम सूर्य योजना को लाभ दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में कुल 20 लाख शहरी प्रधानमंत्री आवास और 25 लाख ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास मिलेंगे मुक्त राशन योजना 15 करोड लोगों को उत्तर प्रदेश में 5 साल तक मिलता रहेगा नई कर प्रणाली में 11 लाख राज्य कर्मचारियों का लाभ होगा।

कुल मिलाकर विपक्ष द्वारा बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ नहीं मिलने पर सरकार को घेरा जा रहा है लेकिन बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अंश मिला है उत्तर प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए दी गई राशि यूपीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के तुलना में 18 गुना है बेरोजगारी के मुद्दे पर लोगों में भ्रम फैला रही विपक्षी पार्टियों के लिए या बजट मुद्दा बिन बनाने का काम करेगा।

यह बजट गरीबों किसानों महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नींव रखने का काम किया गया है संगोष्ठी के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश के बजट पर विस्तार से चर्चा की इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला राजेश तिवारी श्याम सिंह सिसोदिया मदन पांडे बंशलाल कटियार राजेंद्र सिंह चौहान राम जी मिश्रा श्याम मोहन दुबे रामजी गुप्ता सौरभ मिश्रा इस्लाम कुरैशी रेणुका सचान प्रवेश कटियार विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

पुलिस ने तलाशी के दौरान 54 लाख की नगदी पकड़ी

कुरारा, हमीरपुर। वाहन चेकिंग के दौरान कुरारा पुलिस ने बोलेरो कार से 54 लाख की नगदी पकड़ी है। जिसे सीलकर दिया गया। वही नगदी के साथ मौजूद व्यक्ति ने जालौन जिले के एक मोरंग के डंप का पैसा होना बताया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को दोपहर में पुलिस कस्बे में वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी कदौरा की तरफसे एक सफेद बोलेरो कार को रोका तलाशी के दौरान मिला कि चालक सहित विजय सिंह पुत्र राजबहादुर ग्राम अरमल थाना जाफरगंज जिला फतेहपुर बैठे थे उसमें भारी मात्रा में नोटों की गड्डियां भरी हुई थी। पुलिस सफेद बोलेरो सहित रुपयों को थाने लाकर विजय सिंह से पूछताछ की जिसपर विजय ने बताया कि रुपया कदौरा व जोल्हूपुर मोड़ के बीच मे चलने वाले एक डम्प का गई जो हमीरपुर जा रहा है। वही पुलिस ने पकड़ी गई 54 लाख की नगदी की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को देकर रुपये लीगल होने के सबूत मांगे है। जिसपर विजय ने अपने मालिक को सूचना देकर जल्द रुपया लीगल होने के साथ्य पेश करने की बात कही है। वही इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि इनकमटैक्स विभाग सहित उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। बाकी की कार्यवाही विधि अनुरूप की जाएगी।

भाजपा नेता पर जानलेवा हमला कर पत्नी को पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला महामंत्री मखमूल खान पुत्र समन्ने द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की दोपहर में अपने घर में था तभी गांव के ही शिब्बू, भूरा, जुनैद, वकार दरवाजे पर आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब वह डरकर घर के अंदर चला गया तो उक्त लोगों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुये जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। बचाव में आई उसकी पत्नी नगमा बेगम को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान का आगाज़

फतेहपुर। पी.सी.सी. के निर्देशन में रविवार से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान का आगाज हो गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. आरिफगुड्डा के नेतृत्व में सुबह दस बजे पदाधिकारियों समेत वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भारती विद्यालय ज्वालागंज पहुंचकर वृक्षारोपण कर संरक्षण का संदेश दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. निर्मल तिवारी ने वृक्षारोपण के उपरान्त कहा कि आज सभी को कम से कम एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि आज इस राजीव गांधी वृक्षारोपण की शुरुआत हो गई है। आगे सभी वार्ड में पदाधिकारियों के माध्यम से वृक्षारोपण किया जाएगा। कांग्रेस कहा कि बहुत ही बड़े पैमाने पर पूरे प्रदेश में कांग्रेस का वृक्षारोपण पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम से कर रहे हैं। इस अवसर पर देवी प्रसाद दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, औसाफअहमद, सलीम खान, अमित श्रीवास्तव, वकील खान, नरेन्द्र श्रीवास्तव, मो असलम, अब्दुल रज्जाक, रुद्र तिवारी, मो. नफीस, हम्माद हुसैन आदि मौजूद रहे।

सपा कार्यालय में आज संविधान मान स्तंभ की होगी स्थापना

फर्रुखाबाद। कल दिनांक 29 जुलाई दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय द्वारा भेजे गए संविधान मान स्तंभ की स्थापना आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पीडीए मंदिर के रूप में सुबह 11 बजे की जाएगी। इस अवसर पर मैं चंद्रपाल सिंह %पीडीए% जनपद के समस्त पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व/वर्तमान जिला पंचायत सदस्य, पूर्व/वर्तमान ब्लॉक प्रमुख, समस्त पदाधिकारीगण, नेतागण एवं हमारे सम्मानित कार्यकर्ता साथियों से अनुरोध करता हूं कि कल के कार्यक्रम में आप समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही बनकर इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराए, जिससे कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के पीडीए के सपने को पूर्ण करने में हमारी आप सब की भागीदारी हो सके।

काशीराम कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

फतेहपुर। सेवा भारती फतेहपुर के तत्वाधान में संस्कार केंद्र काशीराम कॉलोनी अस्ती में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 230 रोगियों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि भी प्रदान की गई जिसमें आयुर्वेद विधा के डॉ. ए. एस. चन्देल द्वारा 105 रोगियों को, दंत चिकित्सक विमल सेंगर के द्वारा 70 रोगियों को तथा नेत्र चिकित्सक दीपक दीक्षित द्वारा 55 रोगियों को रोग परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। सेवा भारती के द्वारा बाल संस्कार केंद्र चलाया जा रहा है जिसमें 78 बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिये जा रहे हैं तथा उनकी प्रतिभा को भी निखारा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, आरएसएस के जिला सामाजिक एवं सद्भाव प्रमुख संजय श्रीवास्तव, स्वावलंबन टीम के शिक्षा आयाम प्रमुख लाल जी श्रीवास्तव, आलोक सिंह, सुशील मौर्या आदि उपस्थित रहे।

पालिका ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

फतेहपुर। बरसात के मौसम में फैलने वाले मच्छर जनित बीमारियां संचारी रोग को देखते हुए नगर पालिका परिषद की ओर से नालियों व जल भराव की जगह पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। रविवार को नगर पालिका परिषद द्वारा संचारी रोग उन्मूलन अभियान के तहत औषधि एव खाद निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ व नगर पालिका सफाई प्रभारी मो हबीब के नेतृत्व में शहर के खेलदार व चंदियाना वार्ड के विभिन्न मार्ग पर नालों की सफाई अभियान चलाकर सिल्ट निकलवाई गयी व नालियों एवं जलभराव वाली जगहों पर मच्छरजनित रोगों संचारी रोग की रोकथाम के लिये एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। साथ ही फॉगिंग भी कारवाई गयी। वही श्रवण मास को देखते हुए शहर के तांबेश्वर मंदिर से लेकर भिटौरा घाट के कांवड़ यात्रियों के मार्ग की साफसफाई कराकर कांवड़ियों के मार्ग को सुलभ बनाया गया।

दिवंगत पत्रकार को शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र में पुराने कलमकार गिरिराज शुक्ला का विगत दिनों निधन हो जाने पर शहर के एक गेस्ट हाउस में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पत्रकार साथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। शहर के राधानगर स्थित एक गेस्ट हाउस में शोकसभा हुई। जिसमें दिवंगत पत्रकार गिरिराज शुक्ला को श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को जहां याद किया गया वहीं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर पत्रकारों में लखनऊ मुख्यालय से आए ललिता प्रसाद दुबे, संपादक नरेंद्र श्रीवास्तव, अजय प्रताप, प्रवीण कुमार, दीपचंद गुप्ता, शिव प्रकाश, सुनील कुमार, दिग्विजय सिंह, आरडी दोसर, श्रीराम दीक्षित, मौजूद रहे।

नलकूप में किसान को मारपीट कर अधमरा किया

हमीरपुर। जरिया क्षेत्र के लल्लू डेरा गांव में आज सुबह युवक को अज्ञात लोगो ने लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया डाक्टरों नें गमीर हालत मे उसे इलाज के लिये मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गांव के हरगोविंद अपने खेत में लगे नलकूप में गये ही थे वहा पर पहले से ही घात लगाये कुछ लोगो ने उन पर लाठी डंडो से हमला कर जख्मी कर दिया जिससे उनको गंभीर चोटे आयी है। परिजनों ने घायल अवस्था में सीएचसी सरीला ले गये जहां पर डाक्टरों ने उरई रिफर कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

लोजपा की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपे गये मनोनयन पत्र

संवाददाता। फतेहपुर

सांई सिटी इंटर कालेज में हुई लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक में संगठन मजबूती को लेकर जहां चर्चा की गई। वहीं कई पदों पर मनोनयन करते हुए सभी का स्वागत करते हुए मनोनयन पत्र बांटे गए। सभी का आहवान किया गया कि अगली बैठक में कमेटी का गठन करके लिस्ट लेकर आएं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजू पासवान ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव कमलाकांत तिवारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह गौर, जिला महासचिव राजेश सिंह, जिला महासचिव अनिरूद्ध दुबे, जिला सचिव मोबीन, रजोल दुबे व तहसील अध्यक्ष सदर राजकुमार सिंह, बिंदकी तहसील अध्यक्ष ओंकार गिहार, विधानसभा अध्यक्ष हुसैनगंज रमेश पासवान, बिंदकी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, भिटौरा ब्लाक अध्यक्ष अरूण कुमार अवस्थी, असोथर ब्लाक अध्यक्ष सर्वेश मौर्य, हसवा ब्लाक अध्यक्ष नीरज कुमार, बहुआ ब्लाक अध्यक्ष अवधेश भूरा पासवान, खजुहा ब्लाक अध्यक्ष धर्मवीर सिंह यादव, तेलियानी ब्लाक अध्यक्ष सुनील पासवान को बनाया गया।

युवा जिलाध्यक्ष पिंटू यादव व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे, हसवा युवा ब्लाक अध्यक्ष इकबाल शाह व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष रिसालत अली को जिम्मेदारी दी गई। मुख्य अतिथि ने सभी को मनोनयन पत्र वितरित किए। कहा कि अगली बैठक में सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी कमेटी का गठन करके ही बैठक में भाग लें। इस मौके पर सीबी. सिंह, शिवसागर लोधी, अनिल पासवान, रविशंकर, रजपाल पासवान, गुलाब सिंह, बदलू, शिवसागर, दिलशाद, शुभम शुक्ला, शुभम यादव भी मौजूद रहे।

आचार्य चिंतन शिविर में अध्यापकों को दिये टिप्स

फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में संस्थान की 10 शाखाओं के अध्यापक व अध्यापिकाओं का द्वितीय आचार्य चिंतन शिविर आज संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने किया। शिविर में विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। प्रबंधक ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को पुत्रवत भाव देते हुए अगर पढ़ाते हैं तो वह जीवन पर्यंत आपका स्मरण रखता है। पुत्रवत भाव का आशय है कि उसके दोषों को दूर करने का प्रयत्न करें, आपके दंड से बालक में परिवर्तन हो, प्रतिक्रिया ना हो तो समझे आप अध्यापन में पूर्ण सफल हो गये। इसी क्रम में रघुवंशपुरम के प्रधानाचार्य से शिवबाबू ने अध्यापन कार्य को पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि इसे व्यापार या नौकरी न मानकर केवल साधना के रुप में स्वीकार करें, तभी मन से अध्यापन कर पाएंगे।

कांग्रेस को जरूरत है कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की : वीरेंद्र

फतेहपुर। जनपद में पिछले काफी समय से पूर्व अध्यक्षों की निष्क्रियता के चलते कमजोर हुई कांग्रेस को फिर से जिले में मजबूती से खड़ा करने की कवायद के चलते आज जिले स्तर पर जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

मासिक बैठक में जिले से आए ब्लॉक एवं पंचायत के पदाधिकारियों ने अपने द्वारा संगठन की मजबूती के लिए किए गए कार्यों का विवरण रखते हुए अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जिला कमेटी से लेकर ब्लॉक कमेटी तक सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करना पड़ेगा इसके अतिरिक्त अगर कोई प्रभारी या अध्यक्ष अपने कार्य से संगठन को संतुष्ट नहीं कर पा रहा है तो उसे ससम्मान पद त्याग देना चाहिए क्योंकि आज कांग्रेस को कार्य करने वाले कार्यकर्ता की आवश्यकता है। बैठक में उन सभी कार्यकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने कम समय में ही पार्टी के लिए उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया गया। जिनमें सुधाकर अवस्थी को पार्टी फंड में एक लाख इकतीस हजार रूपए सर्वाधिक राशि देने हेतु, धाता ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पटेल को कम समय में ही कमेटी गठन हेतु, हम्माद हुसैन को प्रथम व बहुआ ब्लॉक अध्यक्ष शबनम शेख को द्वितीय व रेखा पासवान को तृतीय सर्वाधिक कांग्रेस गारंटी कार्ड वितरण हेतु प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

काली नदी में नहाने गए चार युवकों में से एक डूबा, जुटी एनडीआरएफ

गुरसहायगंज, कन्नौज। उमसभरी गर्मी से राहत पानें के उद्देश्य से तीन साथियों के साथ काली नदी में नहानें गया युवक अचानक नदी की गहराई में डूब गया। साथियों द्वारा चीख पुकार मचानें पर स्थानीय लोगों की भीड एकत्र हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे समधन चौकी प्रभारी ने ग्रामीण गोताखोरों एवं एनडीआरएफ टीम की मदद से खोजबीन करते हुये घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। रविवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी राशिद पुत्र मुन्ना कव्वाल, मोहल्ला किदवई नगर निवासी मेहताब, मोहल्ला अफसरी निवासी फारूक व तस्तीम आलम के साथ इंदुईयागंज स्थित काली नदी के पुल के निकट नहानें गया था। नहाने के दौरान राशिद नदी के गहरे पानी में डूब गया। साथियों द्वारा चीख पुकार मचानें पर ग्रामीण गोताखोरों ने खोजबीन शुरू कर दी। किसी की सूचना पर पहुंचे समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने हमराह सिपाहियों विपुल कुमार, अवधेश एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ एडीआरएफ टीम के साथ युवक की खोजबीन करनें लगे। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने बताया कि डूबे युवक की तलाश में पुलिस एवं एनडीआरफ बल को लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक युवक का नहीं मिल सका था।

रसूलाबाद पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

कानपुर देहात। रसूलाबाद पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित को शहबाजपुर नहर पुल के पास रसूलाबाद से रसूलाबाद थाने में तैनात एसआई कृपाल सिंह व उनके हमराही सिपाहियों ने पकड़ने में सफलता हासिल की। रसूलाबाद थाने में पीडिता ने सतीश यादव पुत्र हरिमोहन निवासी ग्राम रायपुर मौजा सुनासी थाना रसूलाबाद के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम व दुष्कर्म का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करवाया था। शनिवार की शाम को मुखबिर द्वारा शहबाजपुर नहर पुल रसूलाबाद के पास दुष्कर्म के आरोपी के संदिग्ध अवस्था में खडे होने की सूचना मिली थी, सूचना पर रसूलाबाद थाने में तैनात उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, सिपाहियों केशव व सूर्यसेन मौके पर पहुँचे और युवक को हिरासत में लेकर पूँछताँछ शुरू की। पहचान निश्चित होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रोजेक्ट नई किरण में आये 37 मामले

कानपुर देहात। स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 37 मामले आये, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 7 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी।

नर्सिंग होम की तर्ज पर संचालित हो रहा है राठ का सीएचसी

राठ। कस्बे के सीएचसी में आए दिन रिश्वत लेने का मामला सामने आता रहता है। रविवार को स्टाफ नर्सो द्वारा सुविधा शुल्क लेने पर महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा। आरोप लगाया कि वसूली के साथ आधे अधूरे टांके लगाए हैं।टोलारावत गांव की शोभा रानी ने बताया कि वह बहु ज्योति को लेकर आई थी। प्रसव के नाम पर 2100 सुविधा शुल्क लिए गये। काशीराम कॉलोनी की सुमित रानी ने बताया कि बहू रजनी को प्रसव पीड़ा होने पर मैटरनिटी बिंग लेकर आये। जहां उसने पुत्री को जन्म दिया और 700 रुपए स्टाफनर्स ने लिए और ढाई सौ रुपए का बाहर से सामान मंगाया था। पठानपुरा मोहल्ले की जयंती ने बताया बहू चुनकी को लेकर अस्पताल आए थे। जहां पर 1100 लेकर आधे अधूरे टांके लगाकर छोड़ दिया। मिन्नत आरजू करने के बाद जब 1000 रुपए लिए तब टांके पूरे किए। महिलाओं ने मैटरनिटी विंग के बाहर हंगामा काटा और शिकायत की। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया आरोप झूठे हैं कोई शिकायत नहीं आई शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। मरीजों का कहना है कि सीएचसी नर्सिंग होम की तर्ज पर संचालित हो रहा है वसूली के नाम पर रोजाना हंगामा होता है मगर उच्चाधिकारी ध्यान नही देते हैं।

चकरोड जाम कर किसानों का आना जाना किया बंद

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र के एक गांव में दबंगों के द्वारा चकमार्ग पर अतिक्रमण कर लेने से वहां के किसान अपने खेतों तक जुताई आदि करने नहीं जा पा रहे हैं जिससे गांव के एक दर्जन से अधिक शिकायतकर्ताओं ने थाना दिवस में पहुंच उपजिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल प्रभाव से चकमार्ग खुलवाने तथा दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी जीशान खांन, महेश कुमार, लखन, शहबाज खांन, राजबहादुर, अरमान सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने शनिवार को थाना दिवस में मौजूद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि सभी लोगों की खेती मौजा करहिया व मवइया में स्थित है।

क्या एससी-एसटी के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है: वाल्मीकि घोटाले पर सीतारमण

भाषा। बेंगलुरु

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या आदिवासी वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति निगम में 88 करोड़ रुपए के अवैध अंतरण सहित 187 करोड़ रुपए के घोटाले का जिक्र करते हुए सीतारमण ने सिद्धरमैया पर तथ्यों को छिपाने और केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया, क्योंकि इसमें एक राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक अधिकारी शामिल थे। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए क्योंकि इसमें बैंक शामिल थे।

सीतारमण ने कहा, वह ऐसा इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उन्हें इस तरह की बातें करने की आदत है...यह बहुत गैरजिम्मेदाराना है। आपके मंत्री ने इस्तीफा दिया...आपके लोग कह रहे हैं कि पैसा निजी खातों में जमा किया गया। मंत्री ने कहा कि बैंक अधिकारियों के खिलाफ पहले ही कार्वाई की जा चुकी है और आगे भी उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उन्हें कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने सवाल किया, किसकी चूक पर एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा? दोष मढ़ने का प्रयास किया गया, यह कहा गया कि कोई घोटाला नहीं हुआ है। यह एससीएसटी का पैसा है। वाल्मीकि समुदाय के पैसे से हेराफेरी की गई।

मंत्री ने कहा, वे (कांग्रेस) चुनाव प्रचार के दौरान न्याय की बात करते हैं। क्या एससीएसटी समुदायों के लिए यही न्याय है? लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दलित समुदायों के लिए न्याय करने और उनके उत्थान की नीतियां बनाने को लेकर अब होगा न्याय का नारा दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक पहले से ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई कर रहा है। उन्होंने सिद्धरमैया से पूछा कि घोटाले में शामिल मंत्री और वित्त विभाग संभाल रहे मुख्यमंत्री ने बैंक को अवैध रूप से धन अंतरित करने से क्यों नहीं रोका। सीतारमण ने कहा, आपने सारी चीजों से इनकार किया। जो पैसा निजी खातों में गया, उसके बारे में आप विधानसभा में जाकर कहते हैं कि यह 180 करोड़ या 140 करोड़ रुपए नहीं, यह केवल 80 करोड़ रुपए है। आप इसे छिपा रहे हैं। यह अपमानजनक बात है जो विशेष रूप से एससीएसटी के पैसे के साथ हो रही है। इस घोटाले में वाल्मीकि निगम के विभिन्न खातों में जमा 187.33 करोड़ रुपए, जिनमें सरकारी खजाने में 40 करोड़ रुपए भी शामिल हैं, को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमजी रोड शाखा में अंतरित कर दिया गया। कुल 187.33 करोड़ रुपए में से 88.63 करोड़ रुपए अवैध रूप से तेलंगाना में कम से कम 217 बैंक खातों में अंतरित किए गए, जिनमें 18 कंपनियां भी शामिल थीं। इस मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। यह घोटाला तब प्रकाश में आया जब वाल्मीकि निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने आत्महत्या कर ली। चंद्रशेखरन ने आत्महत्या से पहले छोड़े गए एक पत्र में विस्तार से बताया कि किस प्रकार धन अंतरित किया गया तथा घोटाले में निगम और बैंक अधिकारियों की क्या भूमिका थी। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर इस घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। विपक्षी दल ने आरोप लगाया है कि धन का अंतरण वित्त मंत्रालय के प्रमुख सिद्धरमैया की जानकारी के बिना नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

महाराष्ट्र में शपथ ली 11 विधान परिषद सदस्यों ने

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद के 11 नवनिर्वाचित सदस्यों ने रविवार को यहां विधान भवन में शपथ ली। विधान भवन में रविवार को जिन विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) ने शपथ ली उनमें भाजपा की पंकजा मुंडे, परिणय फुके, योगेश तिलेकर, अमित गोरखे और सदाभाऊ खोत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राजेश विटेकर व शिवाजीराव गरजे, शिवसेना की भावना गवली व कृपाल तुमाने, कांग्रेस के प्रज्ञा सातव और शिवसेना (यूबीटी) के मिलिंद नार्वेकर शामिल हैं। कांग्रेस की प्रज्ञा सातव और शिवसेना नेता मिलिंद नार्वेकर ने भी राज्य विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में शपथ ली। पत्रकारों से बात करते हुए एमएलसी गोरखे ने कहा, "लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने संविधान को लेकर गलत बयानबाजी करने की कोशिश की। इस गलत सूचना को दूर करने के लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करना मेरा संकल्प है"। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक ने कहा कि महाराष्ट्र में 59 अनुसूचित जातियां हैं और वह समुदाय को एकजुट करने तथा उनकी बेहतरी के लिए काम करने के वास्ते राज्य का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। दिवंगत भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे ने कहा, "मैं उन लोगों की आवाज बनूंगी जिनकी राजनीति में कोई भूमिका नहीं है। मुझे आज अपने पिता की याद आ रही है क्योंकि उन्होंने मेरा बहुत मार्गदर्शन किया है"। मुंडे से जब राज्य मंत्रिमंडल में उन्हें शामिल किए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं है।

दुनियाभर के अधिकांश छात्रों के पास न्यूनतम शारीरिक शिक्षा तक की पहुंच नहीं:संरा

नई दिल्ली। (भाषा) गुणवत्तापूर्ण शारीरिक शिक्षा पर पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के अधिकांश स्कूली बच्चों के पास अब भी न्यूनतम आवश्यक शारीरिक शिक्षा तक पहुंच नहीं है। यूनेस्को की शिक्षा टीम द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ग्लोबल स्टेट ऑफ प्ले से पता चला है कि केवल 58 प्रतिशत देशों ने लड़कियों के लिए शारीरिक शिक्षा अनिवार्य की है और दुनिया भर में केवल सात प्रतिशत विद्यालयों ने लड़कों और लड़कियों के लिए शारीरिक शिक्षा का एक समान समय निर्धारित किया है। दुनिया भर में माध्यमिक विद्यालय के दो-तिहाई छात्रों और प्राथमिक विद्यालय के आधे से अधिक छात्रों को आवश्यक न्यूनतम साप्ताहिक शारीरिक शिक्षा नहीं दी जाती है। टीम के एक विशेषज्ञ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राथमिक विद्यालय के दो में से एक से भी कम शिक्षक ने शारीरिक शिक्षा में विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त किया है। टीम ने देशों के बीच शारीरिक शिक्षा के लिए वित्त पोषण में प्रमुख अंतर का भी उल्लेख किया- दो-तिहाई देश अपने शिक्षा बजट का दो प्रतिशत से कम इसके लिए आवंटित करते हैं जबकि 10 में से एक देश सात प्रतिशत से अधिक आवंटित करता है।रिपोर्ट में कहा गया है, एक चिंताजनक मुद्दा नीति और अमल के बीच विसंगति है। उदाहरण के लिए, 54.5 प्रतिशत देश लड़कों और लड़कियों के लिए समान मात्रा में शारीरिक शिक्षा का समय प्रदान करने के लिए नीतियां, रणनीतियां, दिशानिर्देश या योजनाएं बनाते हैं। वास्तव में, केवल 7.1 प्रतिशत स्कूल ही वास्तव में लड़कों और लड़कियों के लिए समान शारीरिक शिक्षा समय लागू करते हैं। रिपोर्ट स्थानीय और राष्ट्रीय अधिकारियों को अपने देश में शारीरिक शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने और सुधार करने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करने के वास्ते अच्छे, मध्यम या खराब अंक देने सहित 10 संकेतक प्रदान करती है।

पटना के पुराने रोडरोलर के संरक्षण के बाद दरभंगा में विंटेज स्टीम रोलर को बचाने की मांग

पटना दरभंगा। ब्रिटेन में निर्मित लगभग सौ साल पुराने रोडरोलर को पटना में संरक्षित किए जाने के बाद विरासत प्रेमियों ने अब बिहार के दरभंगा में जर्जर हालत में पड़े एक विंटेज स्टीम रोलर को सुरक्षित किए जाने की मांग की है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध मिथिला क्षेत्र के केंद्र दरभंगा के स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उपेक्षित रोडरोलर पिछले कई वर्षों से शहर के गंगासागर तालाब के पास जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। इस मशीन की डिजाइन और बनावट पटना संग्रहालय से संरक्षित किए गए जॉन फाउलर रोलर से बहुत मिलती-जुलती है तथा विरासत परिवहन विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि इसे भी उसी कंपनी के द्वारा बनाया होगा और इसकी विशिष्टता भी पटना के रोडरोलर जैसी ही है। दरभंगा राज्य की राजधानी पटना से लगभग 140 किलोमीटर दूर है। इंग्लैंड के लीड्स में जॉन फाउलर एंड कंपनी द्वारा निर्मित लगभग एक सदी पुराना भाप चालित रोडरोलर लगभग दो साल पहले तक पटना जिला बोर्ड के कब्जे में था और अब ध्वस्त हो चुके पटना समाहरणालय के परिसर के एक कोने में पड़ा था। इसे 24-25 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि पटना संग्रहालय में लाया गया था। लगभग 18 महीने तक संग्रहालय के परिसर में बुरी हालत में पड़े रहने के बाद कुछ महीने पहले इस ब्रिटिशकालीन भाप चालित रोडरोलर को पटना में सड़क निर्माण अधिकारियों ने संरक्षित कर लिया था।

एआई के खतरों के बीच कर्मियों के अधिकारों को सुनिश्चित करता निजी विधेयक राज्यसभा में सूचीबद्ध

नई दिल्ली (भाषा)। कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) से नौकरियों के प्रभावित होने की वैश्विक चिंताओं के बीच तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर कर्मियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए एक निजी सदस्य विधेयक संसद में पेश करने वाली हैं। नूर ने कार्यस्थल पर एआई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में पारदर्शिता की वकालत की है ताकि भर्ती व प्रोन्नति में पक्षपात और भेदभाव को रोका जा सके। नूर इस संदर्भ में राज्यसभा में गैर सरकारी विधेयक के रूप में कार्यबल अधिकार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विधेयक, 2023 पेश करने जा रही हैं। यह सूचीबद्ध विधेयक कहता है कि जैसे-जैसे एआई कार्यस्थल पर तेजी से एकीकृत होता जा रहा है, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनों को भी उसके अनुरूप करना चाहिए।

विधेयक में किसी संगठन के द्वारा एआई का उपयोग किए जाने की स्थिति में कर्मचारी के अधिकारों के बारे में बताया गया है। यह कहता है कि सरकार को कार्यस्थल के भीतर एआई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए और कर्मचारियों को केवल एआई-जनित प्रक्रियाओं पर आधारित कार्यों या निर्णयों को मना करने का अधिकार देना चाहिए, यदि उन्हें लगता है कि यह उनके अधिकारों या नैतिक मानकों का उल्लंघन करता है।यह विधेयक एआई कार्यान्वयन से प्रभावित कर्मचारियों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और कौशल बढ़ाने के अवसर प्रदान करने और डेटा सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीय हैंडलिंग सहित कर्मचारी गोपनीयता अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करने का भी प्रयास करता है। विधेयक में कहा गया है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियोक्ता एआई को लागू करने से पहले उन कर्मचारियों से सहमति ले जिनके काम या अधिकारों को यह सीधे प्रभावित करता है। इसमें निष्पक्षता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर समानता प्रभाव मूल्यांकन की भी मांग की गई है। नूर ने डीपफेक पर एक और विधेयक सूचीबद्ध किया है, जिसमें डिजिटल रूप से छेड़छाड़ करके बनाए गए फर्जी वीडियो को सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित करने को अपराध की श्रेणी में लाने की मांग की गई है।विधेयक कहता है कि कोई भी व्यक्ति, जो परेशान करने, अपमानित करने या हिंसा या शारीरिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से डीपफेक बनाता है, वितरित करता है, प्रसारित करता है या साझा करता है, वह एक आपराधिक अपराध का दोषी होगा।

राकांपा नेता अजित पवार जनसंवाद यात्रा शुरू करेंगे

नासिक। (भाषा) हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में हार का सामना करने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की खातिर जमीन तैयार करने के लिए जन संपर्क कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने रविवार को कहा, अजित पवार के नेतृत्व में जनसंवाद यात्रा नासिक से शुरू की जाएगी। नासिक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तटकरे ने राज्य में महिलाओं, युवाओं और किसानों को कवर करने वाली एक लाख करोड़ रुपए की कल्याणकारी परियोजनाओं को शुरू करने का श्रेय अजित पवार को दिया। तटकरे ने दावा कि राकंपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री छगन भुजबल और प्रफुल्ल पटेल को आगामी विधानसभा चुनावों में बड़ी सफलता मिलेगी। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अजित दादा (महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का लोकप्रिय नाम) राजनीति में 35 वर्षों से प्रभावी रूप से काम कर रहे हैं। उनके विरोधी उन्हें और राकांपा के दूसरे नेताओं को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें इन कोशिशों को नाकाम करने के लिए काम करना होगा। अजित पवार ही थे जिन्होंने कई परियोजनाओं की घोषणा करके महाविकास आघाडी सरकार को गिरा दिया था। उन्होंने बताया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली यात्रा नासिक से शुरू होकर सभी 288 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने चार सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल एक पर ही जीत हासिल कर पाई, जबकि प्रतिद्वंद्वी राकांपा (शरदचंद्र पवार) गुट ने 10 में से आठ सीट पर कब्जा जमाया।

न्यायाधीशों को जमानत याचिकाओं पर विचार करते समय विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए

बेंगलुरु (भाषा)। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों में, संदेह की गुंजाइश रहने की स्थिति में अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश जमानत देकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने प्रत्एक मामले की बारीकियों पर गौर करने के लिए सामान्य समझ और विवेक का इस्तेमाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, जिन लोगों को निचली अदालतों से जमानत मिलनी चाहिए, उन्हें वहां जमानत नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को उच्च न्यायालयों से जमानत मिलनी चाहिए, जरूरी नहीं कि उन्हें जमानत मिल जाए और इस कारण उन्हें उच्चतम न्यायालय का रुख करना पड़ता है। यह देरी उन लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है जो मनमाने तरीके से गिरफ्तारियों का सामना कर रहे हैं।

वह तुलनात्मक समानता और भेदभाव-रोधी बर्कले केंद्र के 11वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान अपने भाषण के अंत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यह सवाल, मनमाने ढंग से की गई गिरफ्तारियों के बारे में पूछा गया था। प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति ने कहा, हम ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां पहले कृत्य किया जाता है और फिर बाद में माफी मांगी जाती है। यह बात विशेष रूप से उन लोक प्राधिकारियों के लिए सच हो गई है जो राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों और यहां तक कि विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों समेत नेताओं को हिरासत में ले रहे हैं। उनके अनुसार, ए सभी कृत्य इस पूर्ण विश्वास के साथ किए जाते हैं कि न्याय बहुत धीमी गति से मिलता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसके जवाब में कहा कि उच्चतम न्यायालय लगातार यह बताने की कोशिश कर रहा है कि इसका एक कारण देश में संस्थाओं के प्रति अंतर्निहित अविश्वास भी है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश, आज समस्या यह है कि हम अधीनस्थ अदालतों के न्यायाधीशों द्वारा दी गई किसी भी राहत को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। इसका मतलब यह है कि अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश महत्वपूर्ण मामलों में जमानत देकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधीशों को प्रत्एक मामले की बारीकियों और सूक्ष्मताओं को देखना होगा। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामले उच्चतम न्यायालय में आने ही नहीं चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम जमानत को प्राथमिकता इसलिए दे रहे हैं ताकि पूरे देश में यह संदेश जाए कि निर्णय लेने की प्रक्रिया के सबसे प्रारंभिक स्तर पर मौजूद लोगों (न्यायिक अधिकारियों) को यह विचार किए बिना अपना कर्तव्य निभाना चाहिए कि उन्हें कोई जोखिम नहीं है।

पेज 1 का शेष

आईएएस प्रतिभागियों...

संपर्क नहीं हो पा रहा था। वह गाजियाबाद से उस जगह पर पहुंचे, जहां वह रह रही थी लेकिन उसका कमरा भी बंद था। इसके बाद वह कोचिंग सेंटर गए जहां उनकी मुलाकात पुलिस उपायुक्त से हुई और उन्होंने उनसे आरएमएल अस्पताल जाने की सलाह दी। अस्पताल में उन्हें श्रेया का शव देखने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि, उन्होंने उसका शव वहां होने की पुष्टि की। श्रेया ने सुल्तानपुर से कृषि में बीएससी की पढ़ाई पूरी की थी और मई में ही कोचिंग सेंटर में दाखिला लिया था। उसके माता-पिता, रिश्तेदार और दोस्त सुबह 10 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे। श्रेया के माता-पिता और दोस्त दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर उसका शव लेकर गए। धर्मेंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के छोटे से गांव हरसावां हसनपुर से श्रेया अपने माता पिता के सपने को साकार करने के लिए दिल्ली में आईएएस की तैयारी कर रहीं थी। दो भाइयों में अकेली श्रेया मेहनत और लगन ने आईएस की तैयारी में जुटी थीं, लेकिन शनिवार रात राउज आईएएस बिल्डिंग के बेसमेंट की लाइब्रेरी में पानी भरने से श्रेया की मौत हो गई. इसके साथ माता पिता का सपना भी टूट गया। श्रेया पांडव नगर में पीजी में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्र शुभम ने कहा कि उन्होंने जून में निचले इलाके में जलभराव की समस्या के बारे में एमसीडी से शिकायत की थी। तब से कुछ नहीं बदला और एक घंटे की बारिश ने उन युवाओं की जान ले ली, जिन्होंने अपनी प्रारंभिक परीक्षा पास कर ली थी और अपने मुख्य पेपर की तैयारी कर रहे थे। स्थानीय निवासी और छात्र भी जल जमाव की स्थिति को हल करने में एमसीडी की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। साथ ही आरोप लगाया कि कैसे कोचिंग सेंटर के मालिक और अधिकारियों की मिलीभगत से केवल एक प्रवेश व निकास द्वार के साथ तहखाने में पुस्तकालयों के अवैध संचालन हो रहा है। इसके अलावा, कई छात्रों ने बताया कि इलाके लगभग सभी कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी बेसमेंट में है। कोचिंग सेंटर के बगल वाली बिल्डिंग में पढ़ने वाले अंकित ने बताया कि कैसे छात्र लेवल 2 बेसमेंट में पढ़ रहे थे और नाले का पानी 12 से 13 फुट तक भर गया था। उन्होंने यह भी बताया कि बिल्डिंग के ठीक बाहर पुलिस बूथ है, लेकिन वहां कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद नहीं रहता। अगर बूथ में कोई पुलिस कर्मी मौजूद होता तो जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सकती थी।

गैर कानूनी....

गौरतलब है कि संस्थान ने बिल्डिंग प्लान और अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के अनुसार गलत तरीके से दिखाया था कि बेसमेंट का इस्तेमाल पार्किंग और स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा था। इस त्रासदी के बाद, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को राष्ट्रीय राजधानी भर में उन कोचिंग सेंटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियाँ चला रहे हैं। तीन मंजिला कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग प्लान को संबंधित एमसीडी विभाग ने 2021 में मंजूरी दी थी। कोचिंग सेंटर को इस महीने की शुरुआत में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला था, जिसमें तीन मंजिला इमारत, इमारत के नीचे स्टिल्ट पार्किंग स्पेस और एक बेसमेंट के लिए मंजूरी दी गई थी, जिसका इस्तेमाल स्टोरेज एरिया के रूप में किया जाना था। एनओसी में उल्लेख किया गया है कि बेसमेंट का उपयोग सख्ती से बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार किया जाएगा। एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा, संस्थान के भवन निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र में साफ लिखा है कि इसका इस्तेमाल बेसमेंट में केवल पार्किंग और भंडारण के लिए किया जाएगा। इसका मतलब है कि लाइब्रेरी बेसमेंट में अवैध रूप से चल रही थी। 9 जुलाई 2024 को जारी प्रमाण पत्र में कहा गया है, प्रमाणित किया जाता है कि प्लॉट नंबर 11बी, बड़ा बाजार मार्ग, ओल्ड राजिंदर नगर, नई दिल्ली के कोचिंग सेंटर की इमारत में भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल और तृतीय है। बेसमेंट (भंडारण) स्टिल्ट (पार्किंग) ग्राउंड + 3 ऊपरी मंजिल से युक्त इमारत में दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 के नियम 33 के अनुसार अग्नि रोकथाम और अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है। अशोक नारंग ने पाया कि उक्त इमारत 'शैक्षणिक कोचिंग सेंटर' वर्ग के रहने के लिए उपयुक्त है। यह इमारत 2021 में बनी थी। इसके बेसमेंट में लाइब्रेरी या अन्य व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं थी। केवल कार लिफ्ट, पार्किंग और भंडारण की अनुमति थी। जून में कार्यभार संभालने के बाद एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार ने निगम के भवन विभाग के कई अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग के अनुसार, इमारत के पास फायर एनओसी है, लेकिन एनओसी में उन्होंने बेसमेंट को स्टोर रूम के रूप में दिखाया था। संस्थान का प्रबंधन उसी कमरे का उपयोग कक्षा या पुस्तकालय के रूप में कर रहा था जो एनओसी का उल्लंघन है।

विदेश यात्रा...

उपस्थिति जरूरी है और संभव है कि उसके खिलाफ कर की मांग उठाई जाएगी, कर चुकता प्रमाणपत्र लेना होगा। इसके अलावा जहां व्यक्ति के पास 10 लाख रुपए से अधिक का प्रत्यक्ष कर बकाया है, जिसपर किसी भी प्राधिकरण ने रोक नहीं लगाई है, वहां भी ए प्रस्ताव लागू होंगे।

एनटीए...

बीच सीयूईटी-यूजी के नतीजों में देरी हुई। शुरुआत में, सीयूईटी-यूजी परिणाम 30 जून को घोषित किए जाने थे, लेकिन एनटीए ने इसमें देरी कर दी, क्योंकि वह नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक के आरोपों से जूझ रही थी। देशभर में पहली बार हाइब्रिड मोड में आयोजित सीयूईटी-यूजी परीक्षा को तय तारीख से एक रात पहले दिल्ली में संसाधन संबंधी कारणों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में बाद में परीक्षा आयोजित की गई थी। एनटीए ने पूर्व में घोषणा की थी कि सीयूईटी-यूजी का तीसरा संस्करण सात दिन में पूरा हो जाएगा और अंकों का कोई सामान्ईकरण नहीं होगा, क्योंकि सभी परीक्षाएं एक ही पाली में आयोजित की जाएंगी। पंद्रह विषयों के लिए, परीक्षाएं पारंपरिक माध्यम में हुई थीं और अन्य 48 विषयों के लिए, परीक्षा कंप्यूटर-आधारित मोड में आयोजित की गई थीं। इस वर्ष 261 केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर 13.4 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। वर्ष 2022 में आयोजित परीक्षा के पहले संस्करण में तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से परीक्षा प्रभावित हुई थी।

भारत को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत: नीति दस्तावेज

नई दिल्ली (भाषा)। भारत को 2047 तक 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण पत्र में यह बात कही गई है। नीति आयोग ने 2047 में विकसित भारत के लिए सोच: एक दृष्टिकोण पत्र शीर्षक वाले एक पत्र में कहा कि भारत को मध्यम आय के जाल से बचने और इससे बाहर निकलने की दिशा में सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। इसके मुताबिक, एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर सालाना हो। दृष्टिकोण पत्र के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को आज के 3,360 अरब अमेरिकी डॉलर से नौ गुना और प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से आठ गुना बढ़ाना होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि मध्यम आय से उच्च आय स्तर तक प्रगति करने के लिए 20-30 साल तक 7-10 प्रतिशत की सीमा में लगातार वृद्धि की जरूरत होगी और बहुत कम देश ऐसा करने में सफल रहे हैं।

बिहार सरकार ने एम्स दरभंगा के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए

भाषा। पटना

बिहार के दरभंगा जिले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण के लिए केंद्र की मंजूरी मिलने के दो दिन बाद, राज्य सरकार ने संबंधित अधिकारियों को चिह्नित भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी करने और उसे तत्काल सौंपने का निर्देश दिया है।

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को दरभंगा में एम्स के निर्माण के लिए चिह्नित भूमि को तत्काल केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को हस्तांतरित करने सहित सभी आवश्यक कार्य पूरा करने को कहा गया है। पांडे ने कहा, केंद्र ने दरभंगा में एम्स के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। यह बिहार के लिए केंद्र की ओर से एक बड़ा उपहार है। हम दरभंगा में एम्स के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को धन्यवाद देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है और यह आगे भी जारी रहेगा। राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 25 जुलाई को इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य विभाग को केंद्र का एक पत्र मिला है। पटना में एम्स के बाद दरभंगा में बनने वाला एम्स राज्य का दूसरा सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान होगा। इससे दरभंगा शहर और उसके आसपास के जिलों का व्यापक विकास होगा और रोजगार के भी बहुत अवसर पैदा होंगे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के निदेशक ने 25 जुलाई को बिहार स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखे एक पत्र में कहा, यह सूचित किया जाता है कि केंद्रीय तकनीकी टीम की अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकारी ने दरभंगा के शोभन में एम्स की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। टीम ने दरभंगा में एम्स की स्थापना के लिए एकमी शोभन में स्थल की व्यवहार्यता और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए 18 से 19 मार्च, 2024 को दरभंगा का दौरा किया। पत्र के मुताबिक, राज्य सरकार से अनुरोध है कि भूमि मंत्रालय को हस्तांतरित किया जाए और दो वैकल्पिक स्रोतों से 20 मेगावोल्ट-एम्पीयर (एमवीए) का स्थाई बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए।

भोजपुरी को आधिकारिक दर्जा के लिए रवि किशन ने पेश किया निजी विधेयक

भाषा। नई दिल्ली

भोजपुरी सुपरस्टार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया है ताकि इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जा सके।रवि किशन ने शुक्रवार को संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया और कहा कि वह इस बात को रेखांकित करना चाहते हैं कि भोजपुरी भाषा बकवास गीतों के बारे में नहीं है, बल्कि इसका एक समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और साहित्य है जिसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भाजपा सांसद ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, इतने सारे लोग इस भाषा को बोलते और समझते हैं। यह हमारी मातृभाषा है। मैं इस भाषा को बढ़ावा देना चाहता हूं क्योंकि इस भाषा में फिल्म उद्योग भी चलाया जा रहा है और लाखों रोजगार मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह विधेयक भोजपुरी साहित्य को बढ़ावा देने के बारे में है जो बहुत समृद्ध है।उन्होंने कहा, लोग इस भाषा को गंभीरता से लेंगे। यह भाषा बकवास गीतों के बारे में नहीं

है। यह भाषा इतनी समृद्ध है, इसमें साहित्य भी है। अभिनेता से नेता बने किशन ने कहा कि भोजपुरी साहित्य को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है।उन्होंने कहा, मैं अपने समुदाय को वापस देना चाहता हूं। मैं भोजपुरी भाषा-भाषी समुदाय को कुछ देना चाहता हूं। यह भाषा मेरी पहचान है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि भोजपुरी भाषा भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में उत्पन्न हुई है, यह एक बहुत पुरानी और समृद्ध भाषा है, जिसकी उत्पत्ति संस्कृत भाषा में हुई है।भोजपुरी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों के साथ-साथ कई अन्य देशों में रहने वाले लोगों की बड़ी आबादी की मातृभाषा है।विधेयक में कहा गया है कि मॉरीशस में बड़ी संख्या में लोग यह भाषा बोलते हैं और अनुमान है कि करीब 14 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं।विधेयक में कहा गया है कि भोजपुरी फिल्में देश और विदेश में बहुत लोकप्रिय हैं और हिंदी फिल्म उद्योग पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है।रवि किशन ने विधेयक में कहा, भोजपुरी भाषा में समृद्ध साहित्य और सांस्कृतिक विरासत है। महान विद्वान महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने भोजपुरी में भी कुछ रचनाएं लिखीं हैं। विधेयक में कहा गया है कि भोजपुरी के कुछ अन्य प्रतिष्ठित लेखक भी रहे हैं जैसे विवेकी राय और भिखारी ठाकुर, जिन्हें भोजपुरी का शेक्सपियर कहा जाता है।

नेताजी के पड़पौत्र ने प्रधानमंत्री मोदी से जापान से उनके अवशेष वापस लाने की अपील की

भाषा। कोलकाता

महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के पड़पौत्र चंद्र कुमार बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 18 अगस्त तक जापान के रेंकोजी से नेताजी के अवशेष वापस लाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले पर केंद्र सरकार की ओर से एक अंतिम बयान आना चाहिए, ताकि नेताजी के बारे में झूठी कहानियों पर विराम लग सके। बोस ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक करने की पहल की। उन्होंने कहा कि सभी 10 जांच-राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय की रिपोर्ट जारी करने के बाद यह स्पष्ट है कि नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक विमान दुर्घटना में हुई थी। बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में कहा, इसलिए यह जरूरी है कि भारत सरकार की ओर से अंतिम बयान दिया जाए, ताकि भारत के मुक्तिदाता के बारे में गलत बयानबाजियों पर विराम लग सके। उन्होंने कहा, मेरी आपसे 18 अगस्त 2024 तक रेंकोजी से नेताजी के अवशेष भारत वापस लाने की अपील है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्र कुमार बोस ने पीटीआई-वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि सार्वजनिक करने की प्रक्रिया ने गोपनीय फाइलों और दस्तावेजों को उजागर कर दिया है, जो निर्णायक रूप से यह साबित करते हैं कि नेताजी की 18 अगस्त 1945 को हवाई दुर्घटना में मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि नेताजी आजादी के बाद भारत लौटना चाहते थे, लेकिन लौट नहीं सके, क्योंकि उनकी हवाई दुर्घटना में मौत हो गई थी। बोस ने कहा, यह अत्यधिक अपमानजनक है कि नेताजी के अवशेष रेंकोजी मंदिर में रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, हम पिछले साढ़े तीन साल से प्रधानमंत्री को पत्र लिखते रहे हैं कि भारत के मुक्तिदाता को सम्मान देने के लिए उनके अवशेष भारतीय सरजमीं पर लाए जाएं। नेताजी की बेटी अनिता बोस फाफ उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार करना चाहती हैं।

रिफंड पाने के लिए रिटर्न में बढ़ा-चढ़ाकर, फर्जी दावे करने से बचें करदाता

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने रिटर्न दाखिल करने वालो से कहा है कि वे खर्चों के लिए फर्जी दावे न करे और अपनी कमाई को कम कर नही दिखाएं। विभाग ने कहा कि बढ़ा-चढ़ाकर और फर्जी दावे करना दंडनीय अपराध है और इससे रिफंड जारी करने में देरी होती है। सभी करदाताओं के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है, जिसके बाद खातों का ऑडिट नही किया जाएगा।।यकर विभाग और उसके प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अनुसार, 26 जुलाई तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके है। आयकर विभाग ने हाल में बताया था कि करदाताओं से समय पर रिफंड पाने के लिए अपने रिटर्न सही ढंग से दाखिल करने चाहिए। विभाग ने कहा, रिफंड के दावो की जांच सत्यापन के अधीन होती है, जिससे देरी हो सकती है। आईटीआर सही तरीके से दाखिल करने से रिफंड की प्रक्रिया में तेजी आती है। किए गए दावो में कोई भी विसंगति होने पर संशोधित रिटर्न के लिए अनुरोध किया जाएगा। आयकर विभाग ने आईटीआर दाखिल करने वाले करदाताओं से गलत स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) राशि का दावा न करने, अपनी आय को कम न बताने या कटौती को बढ़ा-चढ़ाकर न बताने का आग्रह किया है।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नई शाखा खुली

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड उत्कर्ष एसएफबीएल ने आगरा जिले के दयालबाग में और सोनुघाट देवरिया उत्तर प्रदेश में अपने नए आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओए गोविंद सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा हमारे नए बैंकिंग आउटलेट ने स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को बल दिया है। हम आवश्यक बैंकिंग सेवाओं और जेएलजी मॉडल के माध्यम से माइक्रोबैंकिंग ऋण प्रदान करकेए वंचित समुदायों की आर्थिक लचीलापन को बढ़ावा देना और उत्तर प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में योगदान करना चाहते है।

थापर विवि ने जीता प्रतिष्ठित रिबा अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024

चंडीगढ़। थापर विश्वविद्यालय लर्निंग लेबोरेटरी को प्रतिष्ठित रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स रिबा अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। मैकुलो मुलविन आर्किटेक्ट्स और डिजाइनप्लस एसोसिएट्स सर्विसेज के सहयोग से डिजाइन की गई यह अत्याधुनिक सुविधा अपनी आकर्षक ज्यामितीय वास्तुकला और नवीन डिजाइन के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। पंजाब के पटियाला शहर में बनी लर्निंग लेबोरेटरी तीन खास आकार के लाल आगरा पत्थर से बने टावरों का एक शानदार समूह है। इसमें एक विज्ञान भवन, लाइब्रेरी और कक्षाएं हैं। ये टावर 10 मीटर ऊंचे चबूतरे पर खड़े हैं और बहुत सुंदर दिखते हैं। इमारत में कई मंजिलों वाले आंगन हैं जहां पत्थर की जाली से होकर धूप आती है। इसके अलावाए मजबूत निर्माण, छायादार डिजाइन और हवा के लिए खुली जगहें हैं। छत के नीचे तालाब बनाए गए हैं जो हवा को ठंडा रखते हैंए जिससे यहां का माहौल आरामदेह और स्थिर बना रहता है। स्थानीय पत्थर और तकनीकों का उपयोग करके निर्मित किया गया है। लाल आगरा का पत्थर धूप में बहुत खूबसूरत लगता है। थापर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान के बोर्ड के अध्यक्ष राजीव वेदेश ने अपना गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के हमारे प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रिबा अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 विश्वविद्यालय के एक विश्व स्तरीय सीखने का वातावरण बनाने के अटूट प्रयास का प्रमाण है जो अपने छात्रों को प्रेरित करता है।

केंद्र सरकार के बजट में किसी भी राज्य से कोई भेदभाव नहीं : सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हाल ही में पेश बजट को लेकर विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद करार देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि बजट में किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। कुमार ने इंदौर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हमारी सरकार सबका

साथ, सबका विकास की अवधारणा के आधार पर सबके साथ समानता का व्यवहार करती है। बजट में किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से विपक्ष के इन आरोपों पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी कि राजनीतिक कारणों से बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को अपेक्षाकृत ज्यादा उपकृत किया गया है, जबकि अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। कुमार ने कहा, विपक्षी दल हताशा, निराशा और उदासी के दौर से गुजर रहे हैं क्योंकि मतदाताओं ने उन्हें लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। वे (विपक्षी नेता) इस झुंझलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं।

पुंछ, रियासी में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया

भाषा। जम्मू

जम्मू कश्मीर के पुंछ और रियासी जिलों के सीमावर्ती और पहाड़ी इलाकों में सुरक्षा बलों ने संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर है और उन्होंने स्थानीय लोगों से उनके इलाकों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के सलोत्री-मंगनार अग्रिम क्षेत्र के पास नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे कई इलाकों में रविवार सुबह एक व्यापक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि एलओसी पर संदिग्ध गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों ने इलाके में एक गहन तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने दोपहर में बताया कि अभियान अभी भी जारी है।

टीम अरुणाचल राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही: मुख्यमंत्री पेमा खांडू

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि टीम अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक साकार करने के लिए हर क्षेत्र में बदलाव लाने और राज्य के सर्वांगीण विकास के वास्ते अथक प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने बीती रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल होने के बाद यह बात कही। खांडू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए दृष्टि और इसका खाका साझा किया। उन्होने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को अपने-अपने राज्य का तेजी से सर्वांगीण विकास करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, टीम अरुणाचल हर क्षेत्र में बदलाव लाने, राज्य के विकास की गति को बनाए रखने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दिन-रात काम कर रही है।

उच्च न्यायालय ने सूरत के सांसद को उनकी निर्विरोध जीत को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समन जारी किया

अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने सूरत लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मुकेश दलाल को उनकी निर्विरोध जीत को चुनौती देने संबंधी दो याचिकाओं पर समन जारी किया है। याचिकाकर्ताओं के वकील पी. एस. चंपानेरी ने रविवार को बताया कि न्यायमूर्ति जेसी दोशी की अदालत ने दलाल को समन जारी कर नौ अगस्त तक जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले पर 25 जुलाई को सुनवाई हुई थी। कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन खारिज होने और अन्य उम्मीदवारों के दौड़ से हटने के बाद 22 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि पर दलाल को विजेता घोषित किया गया था। गुजरात की शेष 25 लोकसभा सीट पर आम चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान हुआ था। सूरत समेत राज्य में भाजपा ने 25 सीट पर जीत दर्ज की थी जबकि कांग्रेस को एक सीट मिली थी। याचिकाकर्ताओं ने कुंभानी का नामांकन खारिज करने संबंधी सूरत के जिलाधिकारी और निर्वाचन अधिकारी के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सूरत संसदीय क्षेत्र के चार मतदाताओं द्वारा दायर की गई दो याचिकाओं में नामांकन प्रपत्रों की जांच से संबंधित जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 36 के प्रावधानों के तहत कुंभानी का पर्चा खारिज करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले पर सवाल उठाया गया है।

केरल के मुख्यमंत्री ने दिल्ली में कोचिंग सेंटर में छात्रों की मौत पर शोक व्यक्त किया

तिरुवनंतपुरम-कोच्चि। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भारी बारिश के बाद दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की मौत पर शोक व्यक्त किया। विजयन ने कहा कि इस घटना में एर्नाकुलम निवासी 23 वर्षीय नवीन दलविन की भी मौत हो गई। नवीन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शोध छात्र थे। विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नई दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में पानी भरने की घटना में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की जान चली गई। नवीन एर्नाकुलम के नीलेश्वरम के निवासी थे। नवीन पूर्व पुलिस अधिकारी डी सुरेश और कलाडी विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग की पूर्व प्रमुख टी एस लिंसलेट के पुत्र थे। पुलिस ने राव आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर गैर इरादतन हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। बचाव अभियान के दौरान दो छात्राओं और एक छात्र के शव बेसमेंट से बरामद किए गए। नवीन के अलावा उत्तर प्रदेश निवासी श्रेया यादव (25) और तेलंगाना निवासी तान्या सोनी (25) की भी इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से मौत हो गई।

अमेजन प्राइम डे अब तक का सबसे बड़ा इवेंट

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि प्राइम डे 2024 अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे शॉपिंग इवेंट था, जिसमें रिकॉर्ड बिक्री हुई और पिछले किसी भी प्राइम डे इवेंट की तुलना में इस बार के दो दिवसीय इवेंट के दौरान अधिक आइटम बेचे गए। इतना ही नहीं, इस बार के 8वें प्राइम डे पर किसी भी प्राइम डे के दौरान खरीदारी करने वाले प्राइम सदस्यों की संख्या सबसे अधिक देखी गई। प्राइम डे 2023 की तुलना में भारत में 24 प्रतिशत अधिक प्राइम सदस्यों ने खरीदारी की। जिससे इस इवेंट के दौरान अब तक का सबसे अधिक प्राइम सदस्य जुड़ाव देखा गया। प्राइम डे 2024 में प्राइम डे से पहले के ढाई सप्ताह में सबसे अधिक प्राइम मेंबरशिप साइनअप भी देखा गया है। अमेजन प्राइम के डिलीवरी और रिटर्न एक्सपीरियंस, भारत और उभरते बाजारों के प्रमुख अक्षय साही ने कहा कि हम भारत में अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे प्रदान करने में मदद करने के लिए अपने विक्रेताओं, ब्रांडों और बैंक भागीदारों का आभार मानना चाहते हैं। प्राइम सदस्यों ने पिछले किसी भी प्राइम डे शॉपिंग इवेंट की तुलना में इस बार अधिक आइटम खरीदे,और हमने सेम डे डिलीवरी की सबसे अधिक संख्या भी दर्ज की।

सीन्सिस टेक डिजिटल प्रोजेक्ट में क्रांति लाएगा

नोएडा। सीन्सिस टेक लिमिटेड जियोस्पेशियल, इंजीनियरिंग और मोबिलिटी समाधानों के अग्रणी प्रदाताए द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के साथ मिलकर बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए डिजिटल प्रोजेक्ट डिलीवरी समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सरकारी अधिकारियोंए उद्योग विशेषज्ञोंए विचार नेताओं और निर्माण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के पेशेवरों ने भाग लिया, जिन्होंने परियोजना वितरण को सुव्यवस्थित करनेए सहयोग को बढ़ावा देने और स्थायी विकास सुनिश्चित करने में डिजिटल प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर किया। सीन्सिस टेक लिमिटेड द्वारा प्रदर्शित नवाचारी समाधानों और द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा उद्योग में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता से प्रभावित हूं। इस सहयोग से बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं को डिजाइन करनेए बनाने और प्रबंधित करने के तरीके में क्रांति आ सकती है। सीन्सिस टेक लिमिटेड के उपाध्यक्ष तरुण बिष्ट ने कहा हम द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स के साथ मिलकर बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए रोमांचित हैं। हमारे समाधान पेशेवरों को परियोजनाओं को कुशलता सेए स्थायी रूप से और सटीकता के साथ वितरित करने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया यूपी स्टेट सेंटर लखनऊ के अध्यक्ष ने कहा यह आयोजन हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जिसमें हम उद्योग में डिजिटल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं।

डी-डेकोर के ब्रांड एंबेसडर बने रणवीर सिंह

मुंबई। होम डेकोर फैब्रिक्स में अग्रणी डीडेकोर ने अपने नए ब्रांड संसार के राष्ट्रीय रिटेल लॉन्च की घोषणा की। 50 मेट्रो और गैरमेट्रो शहरों के 350 स्टोर्स में उपलब्ध संसार कॉन्शस लिविंग के प्रति समर्पित है और मन से तैयार किए गए होम डेकोर फैब्रिक्स की पेशकश करता है। लॉन्च से पहल संसार ने एक नया टीवीसी लॉन्च किया, जिसमें ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड सुपरस्टार, पावरहाउस रणवीर सिंह लिव कॉन्शसली टैगलाइन के साथ दिखाई दे रहे हैं। यह विज्ञापन संसार की माइंडफुल लिविंग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मेल खाता है। यह उन घरों को दर्शाता है जहां हर चुनाव का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रणवीर सिंह का संसार के साथ जुड़ाव ब्रांड के संदेश को स्पष्ट करता है कि स्टाइल को पर्यावरणीय जागरूकता के साथ सहजता से जोड़ा जा सकता हैए जिससे उपभोक्ताओं को अपने रहने के स्थान को जिम्मेदारी से सुधारने का अवसर मिलता है ।लॉन्च के बारे में टिप्पणी करते हुए संसार की बिजनेस हेड संजना अरोड़ा ने कहा कि संसार को अपने प्रीमियम मिनिमलिस्टिक फैब्रिक्स पर गर्व है जो भारत में तैयार किए गए हैं। ये उत्पाद हमारे व्यापक एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख मेट्रोए टियर 1, 2 और 3 शहरों में उपलब्ध होंगे।

उत्तराखंड: खानपान की दुकानों पर नाम लिखने के आदेश पर रोक बढ़ने से मुस्लिम दुकानदार खुश

हरिद्वार। कांवड़ मार्ग पर होटल, ढाबा संचालकों, रेहड़ी और फड़ वालों से उनका नाम और फोन नंबर लिखने करने के आदेश पर उच्चतम न्यायालय की रोक को मुस्लिम दुकानदारों ने सही ठहराया है और अपनी दुकानों से नाम हटा दिए हैं।कांवड़ मार्ग पर खानपान की दुकानों पर नाम और फोन नंबर लिखने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के आदेश पर उच्चतम न्यायालय ने पहले अंतरिम रोक लगाई थी जो अब मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त तक जारी रहेगी। आदेश पर रोक बढ़ने से मुस्लिम दुकानदार खुश हैं। हरिद्वार में सिंहद्वार के पास पिछले 30 वर्षों से फल की रेहड़ी लगा रहे दुकानदार सन्नवर ने कहा कि उनके ज्यादातर ग्राहक हिंदू हैं और कभी कोई ऐसी बात नहीं हुई कि उन्हें हमसे सामान खरीदने में दिक्कत हुई हो। उन्होंने कहा कि नाम लिखने से ज्यादा से ज्यादा यह होगा कि सन्नवर लिखा देखकर लोग मुझसे फल नहीं खरीदेंगे। उन्होंने कहा, इससे सरकार को क्या लाभ होगा? यह समझ नहीं आता। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर अदालत मामले की सुनवाई के बाद नाम लिखने का आदेश देती है तो फिर हमें नाम लिखना पड़ेगा।हरिद्वार-रुड़की मार्ग पर बहादराबाद के पास ढाबा का संचालन करने वाले रिजवान अहमद ने कहा कि दुकान पर नाम लिखने का आदेश बिल्कुल ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि नाम लिखने से आपसी सौहार्द बिगड़ेगा तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? अदालत की रोक के बाद मुस्लिम दुकानदारों ने दुकानों से अपना नाम हटा लिया है।

विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया : सीजेआई

भाषा। बेंगलुरु,

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। बेंगलुरु में शनिवार को इंडिया एक्सेसिबिलिटी समिट एंड स्टेट डिसेबिलिटी कमीशनर्स कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह बदलाव प्रशिक्षण, सार्वजनिक बैठकों और नीति-निर्माण से आया है। सीजेआई ने कहा, विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण अकादमियों में विकलांगता के बारे में

संवेदनशीलता पैदा करने वाला समर्पित मॉड्यूल है। कुछ राज्यों में राज्य आयुक्त सेवाओं की उपलब्धता में सुधार लाने और लोगों के वास्तविक अनुभवों के आधार पर नीति-निर्माण के लिए सार्वजनिक बैठकें कर रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि निशक्त जनों के लिए पहुंच, स्वायत्तता, समान भागीदारी हासिल करने से पहले एक लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, हमें अभी भी लैंगिकता, शहरी-ग्रामीण विभाजन और विकलांगता के प्रकारों की विभिन्न अंतर्विभाजक असमानताओं के आधार पर विकलांग व्यक्तियों के सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सरकारी और निजी संस्थानों में निशक्त जनों की भर्ती तेजी से बढ़ रही है, लेकिन कार्यस्थल की स्थितियां धीरे-धीरे ही ठीक हो रही हैं। सीजेआई ने कहा कि तकनीकी समाधान कभी-कभी अत्यधिक महंगे होते हैं और उन लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

क्या बीरेन सिंह ने मणिपुर के हालात पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री से अलग से मुलाकात की : कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित दो बैठक में शामिल हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से रविवार को सवाल किया कि क्या उन्होंने मोदी से अलग से व्यक्तिगत मुलाकात कर हिंसा प्रभावित अपने राज्य के हालात पर चर्चा की और उन्हें मणिपुर आने के लिए आमंत्रित किया।कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए, जिसकी अध्यक्षता स्वयंभू नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने की। उन्होंने कहा, इसके बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री ने उसी देवता की अध्यक्षता में भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। रमेश ने कहा, मणिपुर के लोग एक सरल सा प्रश्न पूछ रहे हैं कि क्या एन बीरेन सिंह ने नरेन्द्र मोदी से अलग से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उस मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की, जो तीन मई 2023 की रात से जल रहा है? रमेश ने सवाल किया कि क्या बीरेन सिंह ने मोदी को यूक्रेन यात्रा से पहले या बाद में मणिपुर आने का निमंत्रण दिया। मणिपुर में मई 2023 में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़कने के बाद से लगभग 200 लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक के लिए शनिवार को यहां आए बीरेन सिंह ने कहा कि वह पार्टी को मजबूत करके और इसके मूल मूल्यों व विचारधारा को कायम रखते हुए राष्ट्र की सेवा करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। सिंह ने शनिवार को नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में देश की प्रगति में तेजी लाने और विभिन्न क्षेत्रों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तीन और लोग गिरफ्तार

भाषा। चेन्नई

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान एन. विजयकुमार (21), वी. मुकिलन (32) और एन. विगनेश (27) के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को रविवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 15 दिन की हिरासत में भेज दिया। इस मामले में अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मामले में एक मुख्य संदिग्ध के. थिरुवेंगदम 14 जुलाई को हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद करने के लिए पुलिस एक स्थान पर ले गई थी, जहां पर उसने पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर हमला कर भागने का प्रयास किया था। पुलिस ने कहा था कि आत्मरक्षा में उसने उस पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई थी। बसपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की एक गिरोह ने यहां पांच जुलाई को हत्या कर दी थी और इस हत्या के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया था। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सहित विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

एन बी एस राजपूत ओडिशा के राज्यपाल के प्रधान सचिव नियुक्त

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एन बी एस राजपूत को राज्यपाल रघुबर दास का प्रधान सचिव नियुक्त किया है। राज्य के सामान्य प्रशासन एवं लोक शिकायत विभाग की ओर से रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, 1999 बैच के आईएएस अधिकारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद यह भूमिका सौंपी गई है। राज्यपाल के वर्तमान प्रधान सचिव शाश्वत मिश्रा को वित्त विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि मिश्रा ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव और ओडिशा अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग (ओएसएसएससी) के अध्यक्ष के रूप में अपनी अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी निभाएंगे।

कांग्रेस पार्टी ने ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को प्रस्तावित ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को पर्यावरणीय और मानवीय आपदा करार दिया तथा संबंधित संसदीय समितियों द्वारा इसकी पूरी तरह निष्पक्ष समीक्षा किए जाने की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर मीडिया की रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति (एचपीसी) को ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए हरित मंजूरी की समीक्षा करने का काम सौंपा गया था। इस समिति ने निष्कर्ष निकाला कि प्रस्तावित

बंदरगाह द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र-आई

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने के लिए मजबूर किया गया : ट्रंप

● राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर निकलना तख्तापलट की तरह

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि जो बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने के लिए मजबूर किया गया तथा इसे डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा किया गया तख्तापलट करार दिया। पूर्व राष्ट्रपति ने शनिवार को मिनेसोटा में एक चुनावी रैली में कहा, यह वास्तव में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं द्वारा किया गया तख्तापलट था। यह एक ऐसे व्यक्ति का तख्तापलट था जिसके पास एक करोड़ 40 लाख वोट थे। वह

(बाइडन) चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने (डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने) उन्हें (बाइडन को) चुनाव नहीं लड़ने दिया। उन्होंने उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। ट्रंप ने दावा किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाइडन से कहा कि वह यह काम अच्छे तरीके से कर सकते हैं या फिर उन्हें सख्ती करनी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि यह राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट था। ट्रंप (78) ने आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाइडन को 25वें संशोधन से धमकाया। उन्होंने कहा, और उन्होंने (बाइडन ने) कहा, मैं पीछे हट जाऊंगा। और फिर फर्जी खबर में कहा गया कि वह बहुत बहादुर थे। ऐसा नहीं है, उन्हें जाने के लिए मजबूर किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या के बाद राष्ट्रपति पद का उत्तराधिकार निर्धारित करने के लिए संसद ने अमेरिकी संविधान का 25वां संशोधन पारित किया था। यह संशोधन उपराष्ट्रपति के साथ-साथ कैबिनेट को राष्ट्रपति को ऐसी स्थिति में पद से हटाने की शक्ति देता है जब उसे शारीरिक रूप से अक्षम माना गया हो।

अति उदारवादी कमला हैरिस अमेरिका में अपराध, अव्यवस्था व अशांति का कारण बनेंगी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिद्वंदी कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा उपराष्ट्रपति अमेरिका में अपराध, अव्यवस्था, अशांति और कत्लेआम का कारण बनेंगी। इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अब महज 100 दिन शेष बचे है। मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन (81) के नाम वापस लेने के बाद उपराष्ट्रपति हैरिस (59) राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की नई उम्मीदवार है। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने एक रैली के दौरान अपनी नई प्रतिद्वंद्वी हैरिस को शनिवार को मिनीसोटा में मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन से भी खराब बताया। ट्रंप के साथ इस दौरान सीनेटर जे डी वैस भी मौजूद थे। ट्रंप (78) ने कहा, अति उदारवादी कमला हैरिस हमारे देश में अपराध, अव्यवस्था, अशांति और कत्लेआम का कारण बनेंगी। मैं अमेरिका में कानून-व्यवस्था और न्याय लेकर आऊंगा। ट्रंप ने कहा कि दोबारा सत्ता में आने के बाद वह बाइडन-हैरिस प्रशासन की सीमाओं को खोलने की हर नीति को रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा, हम सीमाएं पूरी तरह से बंद कर देंगे और हमारे देश में हो रही घुसपैठ पर लगाम लगाएंगे। अमेरिका की राजनीति में कोई भी व्यक्ति खुली सीमाओं के समर्थन में नहीं है। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति के राजनीतिक रिकॉर्ड पर निशाना साधते हुए कहा कि हैरिस ने सैन फ्रांसिस्को की जिला अटॉर्नी रहते हुए पूरी काउंटी को तबाह कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया, कमला हैरिस असल में मार्क्सवादी जिला अटॉर्नी थी। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को को तबाह किया और अब हमारे देश को तबाह करेंगी। ट्रंप ने साथ ही वादा किया कि वह व्हाइट हाउस में वापसी के बाद अमेरिका को बिटकॉइन सुपरपावर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वह संपूर्ण उद्योग के लाभ के लिए पारदर्शी नियामक मार्गदर्शन तैयार करने के लिए एक सलाहकार परिषद की नियुक्ति करेंगे।

मुझे कमजोर समझा जा रहा है, लेकिन मैं जन-केंद्रित अभियान के बल पर चुनाव जीतूंगी : हैरिस

भाषा। वाशिंगटन

डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि उन्हें व्हाइट हाउस की दौड़ में भले ही कमजोर (अंडरडॉग) समझा जा रहा है, लेकिन वह जमीनी स्तर पर अपने जन-केंद्रित प्रचार अभियान के बल पर नवंबर में होने वाला चुनाव जरूर जीतेंगी। राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा के बाद निधि एकत्रित करने संबंधी पहले अभियान में हैरिस ने समर्थकों से कहा कि इस साल का चुनाव देश के लिए दो दृष्टिकोण के बीच का चुनाव है-एक, जो भविष्य की ओर देखता है और दूसरा, जो देश की प्रगति को नष्ट करना चाहता है।

उपराष्ट्रपति हैरिस ने मैसाच्युसेट्स के पिट्सफील्ड में उनके लिए निधि एकत्रित करने वाले 800 लोगों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, हमें इस दौड़ में कमजोर समझा जा रहा है। एक स्तर तय कर दिया गया है। हमें भले ही इस दौड़ में कमजोर समझा जा रहा है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर एक जन-केंद्रित प्रचार अभियान है। उन्होंने शनिवार को इस कार्यक्रम में 14 लाख डॉलर की धनराशि जुटाई। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच हैरिस (59) ने कहा कि उनके प्रचार अभियान ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामांकन हासिल करने के लिए पर्याप्त डेलीगेट का समर्थन जुटा लिया है। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए पूछा, हम कैसे देश में रहना चाहते हैं? क्या हम स्वतंत्रता, करुणा और कानून के शासन वाले देश में रहना चाहते हैं या हम अराजकता, भय और नफरत वाले देश में रहना चाहते हैं? हैरिस ने उम्मीद जताई कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (78) उनके साथ बहस करने पर राजी होंगे।

हैरिस की प्रचार टीम ने एक सप्ताह से भी कम समय में 20 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाया

वाशिंगटन। कमला हैरिस के राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल होने के एक सप्ताह से भी कम समय में उनकी प्रचार टीम ने 20 करोड़ अमरिकी डॉलर का चंदा जुटा लिया है। यह जानकारी हैरिस की प्रचार टीम ने रविवार को दी। हैरिस की प्रचार टीम ने कहा कि इतने कम समय में 20 करोड़ अमरिकी डॉलर का चंदा जुटा लेना यह दर्शाता है कि हैरिस के पक्ष में समर्थन बढ़ता जा रहा है। प्रचार टीम ने यह भी माना कि राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी और मतों का अंतर काफी कम रहेगा। राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव नही लड़ने के 20 जुलाई को ऐलान किए जाने के बाद से अब उपराष्ट्रपति हैरिस, राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार है। राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइक्ल टायलर ने कहा, पिछले रविवार को राष्ट्रपति बाइडन के अनुमोदन के बाद से हैरिस की प्रचार टीम ने 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा जुटाया है जो कि एक रिकॉर्ड है। राशि का 66 प्रतिशत ऐसे लोगो से आया है जिन्होने पहली बार चंदा दिया है। यह इस बात का एक और सबूत है कि हैरिस के लिए समर्थन मजबूत होता जा रहा है।

कांगो : संगीत कार्यक्रम में भगदड़ से सात लोगों की मौत

किन्शासा। कांगो की राजधानी किन्शासा में शनिवार रात एक संगीत कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मच गई, जिससे सात लोगो की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। किन्शासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने बताया कि मशहूर गायक माइक कलमबाई राजधानी के मध्य में स्थित स्टेड डेस मार्टियर्स स्टेडियम में आयोजित संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहे थे, तभी वहां भगदड़ मच गई। उन्होने बताया कि इस स्टेडियम में 80,000 दर्शको के बैठने की व्यवस्था है। सरकारी टेलीविजन चैनल आरटीएनसी की खबर के मुताबिक, स्टेडियम में भगदड़ मचने से सात लोगो की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियो ने यह नही बताया कि स्टेडियम में भगदड़ कैसे मची। उन्होने कहा कि घटना की जांच जारी है। हालांकि, कार्यक्रम का आयोजन करने वाली प्रबंधन कंपनी माजाबु गॉस्पेल ने कहा कि यह घटना उस समय हुई, जब सुरक्षाकर्मी कुछ उपद्रवियो को शांत कराने का प्रयास कर रहे थे। आयोजको ने बताया कि संगीत कार्यक्रम का लुत्फ उठाने के लिए लगभग 30,000 लोग स्टेडियम पहुंचे थे।

माली : विद्रोही गुटों ने बड़ी संख्या में सरकार समर्थक सैनिकों को मारने का दावा किया

बमाको। माली के तुआरेग बहुल उत्तर क्षेत्र में विद्रोही गुटो ने अल्जीरिया से लगी सीमा के पास भीषण लड़ाई में बड़ी संख्या में सरकार समर्थक सैनिको और वैगनर ग्रुप के लड़ाको को मारने का दावा किया है। वैगनर ग्रुप भाड़े पर सैनिको की भर्ती करने वाला रूस का निजी सैन्य संगठन है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में नष्ट हुए वाहनो के पास माली के कई सैनिको और श्वेत पुरुषो के शव बिखरे नजर आ रहे है। विद्रोही गुटो का यह दावा माली की सेना की ओर से शुक्रवार रात जारी एक बयान के बाद आया है, जिसमे विद्रोहियो के हमले में दो सैनिको के मारे जाने, 10 अन्य के घायल होने और दो बख्तरबंद गाड़ियो तथा दो पिकअप ट्रक के नष्ट होने की जानकारी दी गई थी। 20 विद्रोहियो को मार गिराने और उनके कई वाहनो को नष्ट करने का दावा भी किया था। हालांकि, दोनो पक्षो में से किसी के भी दावो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नही की जा सकी है। स्वतंत्रता-समर्थक सीएसपी-डीपीए गठबंधन के प्रवक्ता मोहम्मद एल्माउलौद रमादान ने एक बयान में कहा कि तिनजावातेन गांव के बाहरी इलाके में दो दिन तक चली भीषण लड़ाई में विद्रोहियो ने माली के सैनिको और रूस के निजी सैन्य संगठन के लड़ाको की पूरी टुकड़ी को करारी शिकस्त दी।

महात्मा गांधी का अहिंसा का संदेश आज भी प्रासंगिक : जयशंकर

भाषा। टोक्यो

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी का यह शाश्वत संदेश संघर्ष, धुव्रीकरण और रक्तपात देख रही दुनिया पर आज भी लागू होता है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी टोक्यो के एडोगावा स्थित फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करते समय की। जयशंकर क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए लाओस से दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जापान पहुंचे। जापान में

भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कार्यक्रम के दौरान गांधी के शाश्वत संदेशों पर बात की। उन्होंने कहा, मैं आज यह कहना चाहता हूं कि जब हम दुनिया में इतना संघर्ष, इतना तनाव, इतना ध्रुवीकरण, इतना खून-खराबा देख रहे हैं, तो गांधी जी का यह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 80 साल पहले था। जयशंकर ने कहा, उनका (गांधी का) दूसरा संदेश स्थिरता, जलवायु अनुकूलन, हरित विकास, हरित नीतियों के संदर्भ में है। गांधी जी सतत विकास के मूल पैगंबर थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीने के सबसे बड़े समर्थक थे। विदेश मंत्री ने कहा, इसलिए गांधी जी का संदेश केवल सरकारों के लिए नहीं है, बल्कि इसे हर किसी को अपने निजी जीवन में अपनाना चाहिए। यह एक ऐसी चीज है, जिसे हम (अगली पीढ़ियों को) आगे पहुंचाते हैं। गांधी जी निश्चित रूप से समावेशिता के समर्थक थे और इसी चीज को हम आज भारत और दुनिया भर में देख रहे हैं। जयशंकर नेसोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, टोक्यो की अपनी यात्रा की शुरुआत एडोगावा में गांधी जी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करके की।

चीन में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत, छह अन्य घायल

बीजिंग। चीन के हुनान में रविवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक मकान ढह गया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपातकालीन कमान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन हेंगयांग शहर के यूलिन गांव में सुबह करीब आठ बजे हुआ। उसने बताया कि भूस्खलन होने से मकान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे 18 लोग दब गए। बचावकर्मियों ने 12 शव बरामद किए हैं जबकि छह व्यक्ति घायल हैं। बताया जा रहा है कि भूस्खलन पहाड़ पर अचानक आई बाढ़ की वजह से हुआ। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इजराइल के गोलन हाइट्स पर हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत

भाषा। तेल अवीव (इजराइल)

इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में शनिवार को एक फुटबॉल मैदान पर हुए रॉकेट हमले में कम से कम 12 बच्चों और किशोरों की मौत हो गई। यह हमला इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से इजराइल की उत्तरी सीमा पर किया गया सबसे घातक हमला है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इस हमले के लिए इजराइल ने हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन चरमपंथी समूह ने इसमें अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि हिजबुल्ला को इस हमले की ऐसी भारी कीमत चुकानी होगी, जो उसने पहले कभी नहीं चुकाई है। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसे सात अक्टूबर को हुए हमास के हमले के बाद, इजराइल के नागरिकों पर हुआ सबसे घातक हमला बताया। हमाम के हमले के बाद गाजा में युद्ध छिड़ गया। उन्होंने बताया कि गोलन हाइट्स में हुए हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने चैनल 12 से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिजबुल्ला ने इस हमले से सभी हदें पार दी हैं और हमारी प्रतिक्रिया से यह बात समझ आएगी। हम उस पल के करीब पहुंच रहे हैं, जब हमें एक पूर्ण युद्ध का सामना करना पड़ेगा। हिजबुल्ला के

मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अफीफ ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि समूह इस बात से साफ इनकार करता है कि मजदल शम्स कस्बे पर उसने हमला किया। हिजबुल्ला का किसी हमले से इनकार करना असामान्य बात है। इस हमले से पहले शनिवार को सीमा पार हिंसा हुई थी, जिसमें हिजबुल्ला ने उसके तीन लड़ाकों के मारे जाने की बात कही थी। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि यह हिंसा कहां हुई। इजराइल की सेना ने कहा कि उसकी वायुसेना ने सीमावर्ती गांव कफर किला में हिजबुल्ला के हथियार डिपो को निशाना बनाया। उसने कहा कि हमले के समय वहां आतंकवादी मौजूद थे। इजराइल पर हुए घातक हमले के बाद नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री जल्द से जल्द अमेरिका से स्वदेश लौट रहे हैं, लेकिन उसने इसका समय नहीं बताया। नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। उनके कार्यालय ने कहा कि वह इजराइल पहुंचने के बाद सुरक्षा कैबिनेट की बैठक करेंगे। एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिहान सफादी ने चैनल 12 को बताया कि मृतकों में पांच छात्र शामिल हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसके विश्लेषण के अनुसार, रॉकेट दक्षिणी लेबनान के चेबा गांव के उत्तर में स्थित क्षेत्र से दागा गया था।

चीन ने छह देशों के नेताओं पर ताइवान में सम्मेलन में हिस्सा न लेने का दबाव बनाया

बीजिंग। चीन के राजनयिक कम से कम छह देशों के नेताओं पर ताइवान में प्रस्तावित चीन केंद्रित सम्मेलन में हिस्सा न लेने का दबाव बना रहे हैं। बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे नेताओं ने यह जानकारी दी। बोलिविया,कोलंबिया, स्लोवाकिया, उत्तर मैसेडोनिया, बोस्निया एवं हर्जेगोविना और एक अन्य एशियाई देश (जिसने नाम उजागर करने से इनकार कर दिया) के नेताओं ने कहा कि उनके पास (ताइवान में होने वाली) बैठकों के संबंध में संदेश और फोन कॉल आ रहे हैं, जिसमें उनसे पूछा जा रहा है कि क्या वे ताइवान की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। इन नेताओं ने चीन की इस हरकत को स्वशासित द्वीप को अलग-थलग करने का प्रयास बताया। ताइवान में चीन केंद्रित सम्मेलन सोमवार से शुरू होगा। इस सम्मेलन का आयोजन चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन कर रहा है, जो 35 देशों के सैकड़ों सांसदों का एक समूह है। यह समूह इस बात को लेकर चिंतित है कि लोकतांत्रिक देश बीजिंग के प्रति कैसा रुख रखते हैं। एसोसिएटेड प्रेस ने सम्मेलन के आयोजकों और तीन नेताओं से बात की तथा चीनी राजनयिकों द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश व ईमेल की समीक्षा की, जिसमें यह पूछा गया है कि क्या वे सम्मेलन में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। चीन अक्सर उन नेताओं और देशों के खिलाफ जवाबी कार्वाई की धमकी देता है, जो ताइवान के प्रति समर्थन दिखाते हैं। वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन और ताइवान के विदेश मंत्रालयों ने अभी इस पर टिप्पणी नहीं की है। चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन को लंबे समय से चीन सरकार के दबाव का सामना करना पड़ा है। उसका उद्देश्य बीजिंग के संभावित खतरों के जवाब में कूटनीति को समन्वित करना है। बीजिंग ने इसके कुछ सदस्यों पर प्रतिबंध लगाया है। 2021 में चीन के सरकार प्रायोजित हैकरों ने इस समूह को निशाना बनाया था।

नए शोध से पता चला है कि ग्लोबल वार्मिंग हमारी वर्षा को कैसे प्रभावित कर रही है

भाषा। सिडनी

नए शोध से पता चला है कि पिछली शताब्दी में मानवीय गतिविधियों के चलते बढ़ी गर्मी के कारण पृथ्वी के 75 प्रतिशत भू-भाग पर वर्षा की परिवर्तनशीलता बढ़ गई है, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और पूर्वोत्तर अमेरिका में यह प्रभाव अधिक है। चीनी शोधकर्ताओं और ब्रिटेन के मौसम विभाग द्वारा किए गए निष्कर्ष साइंस जर्नल में प्रकाशित किए गए हैं। वे इस बात का पहला व्यवस्थित साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक वर्षा की गतिविधियों को अधिक अस्थिर बना रहा है। जलवायु प्रारूपों ने अनुमान जताया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की यह परिवर्तनशीलता और भी बदतर हो जाएगी। लेकिन, इन नए निष्कर्षों से पता चलता है कि पिछले 100 वर्षों में वर्षा की परिवर्तनशीलता पहले ही बदतर हो चुकी है, खास तौर पर ऑस्ट्रेलिया में। प्रेक्षण संबंधी रिकॉर्ड के पिछले अध्ययनों में या तो दीर्घकालिक औसत वर्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जो वैश्विक स्तर पर व्यवस्थित रूप से नहीं बदल रही है, या वर्षा की चरम स्थितियों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जहां परिवर्तनों को सटीक रूप से मापना कठिन है। हालांकि, यह अध्ययन केवल वर्षा गतिविधियों की परिवर्तनशीलता पर ध्यान केंद्रित करता है, जो वर्षा के असमान समय और मात्रा को संदर्भित करता है। परिणाम हमारे सहित पिछले शोध के अनुरूप हैं।

एडीएचडी से प्रभावित मस्तिष्क प्रस्तुत करता है अनोखी चुनौतियां

● लेकिन यह स्थिति उपचार योग्य है

भाषा। जॉर्जिया

मुझे बहुत उलझन हो रही है मैं काम क्यों पूरा नहीं कर पाता? मैं समय का ध्यान क्यों नहीं रख पाता? मैं ध्यान क्यों नहीं दे पाता? ए सभी बातें हैं, जो कम ध्यानाअति सक्रियता विकार या एडीएचडी से प्रभावित लोग खुद से हर दिन, या हर घंटे पूछ सकते हैं। प्राथमिक देखभाल में एक पारिवारिक नर्स प्रैक्टिशनर के रूप में मैंने एडीएचडी के कई रोगियों का निदान और उपचार किया है। मुझमें भी 21 साल की उम्र में इसका पता चला था। एडीएचडी से प्रभावित मस्तिष्क में वायरिंग कैसे भिन्न होती है और किस तरह से कार्यप्रणाली में सुधार



होता है, यह समझना उन लोगों की मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपने मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण संघर्ष कर रहे हैं। शोध में एडीएचडी से प्रभावित मस्तिष्क के काम करने के तरीके में कई अंतर की पहचान की गई है। सरल शब्दों में कहें, तो एडीएचडी कार्यप्रणाली को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। कार्यकारी कार्यप्रणाली संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का एक समूह है, जिसमें नियोजन, प्राथमिकता निर्धारण, आवेग नियंत्रण, लचीलापन, समय प्रबंधन और भावनात्मक विनियमन शामिल हैं, जो लोगों को दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करते हैं। ए प्रक्रियाएं मस्तिष्क के प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स व्यक्तित्व केंद्र में होती हैं। प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स के अलावा, एडीएचडी मस्तिष्क के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करता है, जिसमें बेसल गैनग्लिया, मस्तिष्क के भीतर संचार को नियंत्रित करने वाला क्षेत्र और सेरिबैलम शामिल है, जो गति और संतुलन के लिए जिम्मेदार है। तीनों मिलकर ध्यान, कार्यकारी कार्य मोटर गतिविधि और आवेग नियंत्रण को नियंत्रित करते हैं। न्यूरोट्रांसमीटर नामक रासायनिक संदेशवाहक मस्तिष्क कोशिकाओं को एक दूसरे के साथ संवाद करने की अनुमति देते हैं। डोपामाइन और नोरेपिनेफ्राइन दो प्रमुख न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो मस्तिष्क के कार्यकारी कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डोपामाइन प्रेरणा, उत्साह और आनंद को नियंत्रित करता है। हमें खाने, शराब पीने, सेक्स करने और पुष्टि या अच्छे ग्रेड प्राप्त करने जैसी सुखद चीजों से डोपामाइन की बाढ़ आती है।

शिशुओं की त्वचा की देखभाल पर जोर

शिशुओं की त्वचा की देखभाल का ट्रस्टेड ब्रांड जॉनसन्स बेबी ने अपना सबसे नया कैम्पेन शुरू किया है जिसमें भारत केमशहूर अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री सोनम कपूर को शामिल किया गया है। बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा पिता-बेटी की जोड़ी के बीच का हंसी-मजाक देखने मिलेगा । इस फि ल्म की परिकल्पना डीडीबी मुद्रा की है। सिर्फ बेबी के लिए सुरक्षित इन्ग्रेडियेन्ट्सश् से ही बने उत्पादों के साथए पहले दिन से ही बेबी की नाजुक त्वचा की सुरक्षा करने में मदद करने के लिए ब्रांड की अटूट वायदे को इसमें रेखांकित किया गया है। जॉनसन्स बेबी की नयी फिल्म में पिता.बेटी अनिल और सोनम कपूर रील में अपने रियल.लाइफरोल्स में दिखाई दे रहे हैंए सुपर हिट फिल्म मिण् इंडिया 1987 में अनिल कपूर के रोल का ज़िक्र इसमें किया गया है। केनव्यू के बिज़नेस यूनिट हेड एसेन्शियल हेल्थ और वाईस प्रेसिडेंट मार्केटिंग मनोज गाडगील ने कहा कि पिछले कई सालों से जॉनसन्स बेबी ब्रांड माता-पिताओं का भरोसेमंद सहयोगी बना हुआ है, जो उनके शिशुओं को सर्वोत्तम देने के लिए लगातार काम कर रहा है। अनिल कपूर और सोनम कपूर के साथ मिलकर बनाया हुआ हमारा सबसे नया एडवर्टाइज़िंग कैम्पेन प्रस्तुत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

क्विक न्यूज

बांग्लादेश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल

ढाका। हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं रविवार को बहाल कर दी गईं। सरकारी नौकरियो में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर देश में हुई हिंसा के बीच सोशल मीडिया पर फर्जी खबरो के प्रसार को रोकने के लिए 10 दिन पहले मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि सेवाएं बहाल होने के बाद तीन दिन तक सभी उपयोगकर्ताओं को 5 जीबी इंटरनेट मुफ्त दिया जाएगा।स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग तीन बजे मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को फिर से शुरू कर दिया गया। खबर के अनुसार, ढाका में रॉबी, ग्रामीणफोन, बांग्ललिंक और अन्य ऑपरेटर के उपयोगकर्ताओं ने कहा कि वे अपराह्न तीन बजे के आसपास अपने मोबाइल फोन पर इंटरनेट का उपयोग कर सकते है।सरकार ने 18 जुलाई को देशभर में हिंसा बढ़ने के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया था। द डेली स्टार समाचार पत्र की खबर के अनुसार, उस समय मंत्री ने कहा था कि यह निर्णय देश में मौजूदा संकट के मद्देनजर और सोशल मीडिया पर फर्जी खबरो के प्रसार को रोकने के लिए लिया गया है। सोशल मीडिया मंचो के इस्तेमाल के संबंध में पलक ने कहा कि बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) ने फेसबुक, टिकटॉक और यूट्यूब सहित सोशल मीडिया मंचो के अधिकारियो को पत्र भेजे है। उन्होने कहा, उनके प्रतिनिधियो को स्पष्टीकरण देने के लिए 31 जुलाई तक ढाका आना होगा। फिर, उनके साथ चर्चा करने के बाद हम कोई निर्णय लेंगे। ढाका और अन्य शहरो में विश्वविद्यालय के छात्रो ने 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के लिए लड़ने वाले युद्ध नायको के रिश्तेदारो के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियो को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन किया था, जिसने हिंसक रूप ले लिया था। देशव्यापी हिंसा के बाद इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई थी। स्थानीय समाचार पत्रो की खबरो के अनुसार, हिंसा में 100 से ज्यादा लोगो की मौत हो चुकी है। हालांकि, मौतो के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नही है।

एंथे छात्रों को यूएस भेजेगा

फ्लोरिडा। अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्ष पूरे करते हुएआकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा की। एंथे 2024 के लांच के साथ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है। इस वर्ष इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा,यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण.खर्च.भुगतान यात्रा शामिल की गई है। लोकप्रिय और अत्यधिक मांग वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप और महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे चिकित्सा या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफल करियर के अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि एंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगाए 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियों के अलावाए शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। छात्र 15 अगस्त 2024 से पहले पंजीकरण शुल्क पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

चीन से बढ़ते खतरे के बीच अमेरिका और जापान की सुरक्षा वार्ता में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर जोर

तोक्यो। जापान और अमेरिका के रक्षा प्रमुख और शीर्ष राजनयिको ने चीन से बढ़ते खतरे के बीच अपने सैन्य सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को तोक्यो में एक बैठक की। इस दौरान उन्होने अमेरिकी सेना के कमान और नियंत्रण को अद्यतन करने और जापान में अमेरिका से लाइसेंस प्राप्त मिसाइल का उत्पादन बढ़ाने सहित कई मुद्दो पर चर्चा की।जापान-अमेरिका सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने जापानी समकक्षो योको कामिकावा और मिनोरू किहारा से 22 सुरक्षा वार्ता की।बैठक में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडन के अपना नाम वापस लेने के बाद गठबंधन को जारी रखने पर भी सहमति जताई गई।कामिकावा ने कहा, हम इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, क्योकि नियम-आधारित, स्वतंत्र और खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से हिल चुकी है। उन्होने कहा, यह एक ऐसा महत्वपूर्ण दौर है, जब हमारा आज का फैसला हमारे भविष्य को निर्धारित करेगा। वही ऑस्टिन ने कहा कि चीन अपना दबदबा बढ़ाने में लगा हुआ है और पूर्वी व दक्षिण चीन सागर, ताइवान के आसपास और पूरे क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने की कोशिश में जुटा हुआ है।उन्होने कहा कि उत्तर कोरिया का परमाणु कार्य

निशानेबाजों की गोलियों ने भेदा लक्ष्य, तीरंदाजों के तीर भटके

- इतिहास रचते हुए मनु ने खोला भारत का खाता, रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता भी फाइनल में
- निकहत और सिंधू ने जगाई उम्मीद
- तीरंदाज दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी हारी

भाषा। शेटराउ

ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन भारत का खाता खोला और निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद भारत को कांसा दिलाया जबकि रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता भी फाइनल में पहुंच गए। पदक की दावेदार निकहत जरीन और पी वी सिंधू ने जीत के साथ आगाज किया लेकिन अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और महिला तीरंदाजों ने निराश किया। तैराकी में भी श्रहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने से भारत की चुनौती समाप्त हो गई जबकि टेनिस में सुमित नागल पहले ही दौर में बाहर हो गए। मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला टेबिल टेनिस में अगले दौर में पहुंच गई तो नौकायन में बलराज पंवार एकल स्कल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। दूसरे दिन की स्टार निशानेबाज मनु भाकर रहीं जिन्होंने पेरिस से लगभग 300 किमी की दूरी पर स्थित निशानेबाजी रेंज में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और रजत से सिर्फ 0 .1 अंक से चूक गई। राइफल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाकर पदक की उम्मीद जगाई। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में भारत के 15 निशानेबाजों में से केवल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ही फाइनल तक पहुंच पाए थे। पेरिस में भारत के दल प्रमुख गगन नारंग के लंदन ओलंपिक 2012 में जीते कांस्य के बाद निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। पदक जीतने के बाद उन्होंने कहा, मैंने भगवत गीता काफी पढ़ी है और वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए था। बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया था। हम भाग्य से नहीं लड़ सकते। आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। रमिता ने शनिवार को बबूता के साथ मिश्रित टीम फाइनल में जगह बनाने से चूकने की निराशा को दूर करते हुए पांचवें स्थान पर रहकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं इलावेनिल वलारिवान ने 630.7 अंक बनाए और 10वें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। बबूता ने क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। पच्चीस साल के बबूता ने 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए।

शरत कमल बाहर, मनिका जीतीं



भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा ने राउंड 64 में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर अपना अभियान शुरू किया। अपना पांचवा ओलंपिक खेल रहे 42 वर्षीय शरत को 53 मिनट तक चले मैच में अपने से 86 पायदान नीचे के प्रतिद्वंद्वी स्लोवेनिया के डेनी कोजुल से 2-4 (12-10 9-11 6-11 7-11 11-8 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 41 मिनट में ब्रिटेन की अन्ना हर्से को 11-8 12-10 11-9 9-11 11-5 से मात दी। अब मनिका का सामना 31 जुलाई को राउंड 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे से होगा।

तैराकी में भारत की चुनौती खत्म

तैराकी में भारत की चुनौती रविवार को खत्म हो गई जब श्रीहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज 55 . 01 सेकंड की टाइमिंग के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रोक में अपनी हीट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे थे। ओवरआल तालिका में वह 33वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते है। नटराज का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53 . 77 सेकंड का है। पहली बार ओलंपिक में उतरी भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य 14 वर्ष की देसिंघु 200 मीटर महिला फ्रीस्टाइल हीट में अव्वल रही। पहली हीट में उन्होंने 2 : 06.96 का समय निकाला लेकिन 30 प्रतियोगियों में वह 23वें स्थान पर रही।

ओलंपिक पदक तालिका

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
आस्ट्रेलिया	3	2	0	5
चीन	3	0	1	4
कोरिया	2	2	1	5
अमेरिका	1	2	2	5
फ्रांस	1	2	1	4
बेल्जियम	1	0	1	2
जापान	1	0	1	2
कजाखस्तान	1	0	1	2
जर्मनी	1	1	0	1
हांगकांग	1	0	0	1
भारत	0	0	1	1

सिंधु

पेरिस ओलंपिक: भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

पेरिस। पेरिस ओलंपिक के तीसरे दिन सोमवार को भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है। **तीरंदाजी:** पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल: तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव - शाम 6:30 बजे ,**बैडमिंटन:** पुरुष युगल (ग्रुप चरण): सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) - दोपहर 12 बजे ,महिला युगल (ग्रुप चरण): अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारूशिदा (जापान) - दोपहर 12:50 बजे , पुरुष एकल (ग्रुप चरण): लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) - शाम 5:30 बजे ,
निशानेबाजी: 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन: मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा - दोपहर 12:45 बजे , पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन: पृथ्वीराज तोंडईमान- दोपहर1:00 बजे , 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल: रमिता जिंदल - दोपहर1:00 बजे , 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल: अर्जुन बबूता - दोपहर 3:30 बजे, **हॉकी:** पुरुष पूल बी मैच: भारत बनाम अर्जेन्टीना- शाम 4:15 बजे , **टेबल टेनिस:** महिला एकल (राउंड ऑफ 32): श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर)- रात 11:30 बजे।

इमेजिन को साम्यवाद कहने पर पत्रकार निलंबित

वारसॉ। पोलैंड के सरकारी प्रशासक ने उस टेलीविजन पत्रकार को निलंबित कर दिया है जिसने ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान जॉन लेनन के इमेजिन के प्रदर्शन को साम्यवाद का दर्शन कहकर प्रतिक्रिया दी थी। राष्ट्रीय प्रशासक टीवीपी ने बयान जारी करके कहा कि पत्रकार और खेल कमेंटेटर, प्रेज़ेमिस्लाव बाबियार्ज़ को वर्तमान ओलंपिक खेलों के दौरान काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेनन के गीत में स्वर्ग या नर्क, किसी देश या संपत्ति की कल्पना करने का आह्वान किया गया था।

नडाल पेरिस ओलंपिक में एकल में भाग लेंगे

पेरिस। रफेल नडाल के मैनेजर बेनिटो पेरेज-बेरबाडिलो ने कहा है कि 22 बार का यह ग्रैंड स्लैम चैंपियन रविवार को पेरिस ओलंपिक में टेनिस एकल स्पर्धा में खेलेगा। नडाल 38 साल के है और पिछले दो सत्र में कई चोटों से जूझ रहे है। शनिवार रात को स्पेन के लिए कार्लोस अल्काराज के साथ पहले दौर का युगल मुकाबला जीत के दौरान उनकी दाहिनी जांघ पर टेप लगी थी। नडाल ने उस मैच के बाद कहा था कि उन्होंने फैसला नहीं किया है कि वह एकल में भाग लेंगे या नहीं।नडाल ने शनिवार को कहा, कल, मुझे नहीं पता कि क्या होने वाला है। मुझे नहीं पता कि मैं खेलूंगा या नहीं। उन्होंने तब कहा था कि वह अपनी टीम से सलाह लेना चाहते है कि क्या करना है।

नाइजीरिया की मुक्केबाज डोपिंग के कारण ओलंपिक से निलंबित

पेरिस। नाइजीरिया की मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर कर दिया गया है।अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अनुसार अफ्रीकी खेलों की लाइटवेट चैंपियन ओगुनसेमिलोर का गुप्त्यार को परीक्षण किया गया था और उनके मूत्र में फ्यूरोसेमाइड पाया गया है। फ्यूरोसेमाइड एक मास्किंग एजेंट है जो अन्य दवाओं की उपस्थिति को छिपा सकता है। एजेंसी के अनुसार ओगुनसेमिलोर को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है और वह ओलंपिक में भाग नहीं ले सकती है।इस 22 वर्षीय मुक्केबाज को 60 किग्रा भार वर्ग में चौथी वरीयता दी गई थी तथा उन्हें अपना पहला मुकाबला सोमवार को खेलना था।

नागल टेनिस एकल के पहले दौर में बाहर

पेरिस। भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल रविवार को यहां ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस प्रतियोगिता के तीन सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर बाहर हो गए। भारत के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को रोलां गैरों में दो घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-2, 5-7 से हार मिली। दोनों खिलाड़ियों ने पहले दो सेट 6-2 के समान स्कोर से जीते, पर 65 मिनट तक चले निर्णायक सेट में फ्रांस के खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी की चुनौती पस्त कर दी। तोक्यो ओलंपिक में नागल दूसरे दौर में रूस के दानिल मेदवेदेव से हार कर बाहर हुए थे लेकिन यहां शुरूआती दौर में वह अपने नियंत्रण वाली चीजों पर काबू रखने में विफल रहे। नागल और मौटेट के बीच हमेशा संघर्षपूर्ण मुकाबले हुए है। उनके पिछले चार में से तीन मुकाबले तीन-सेट वाले थे और रविवार को ऐसा ही हुआ। नागल ने इस साल अप्रैल में मोरक्को के शहर

मराकेश में हसन ग्रां प्री में दोनों खिलाड़ियों के पिछले मुकाबले में मौटेट से बेहतर प्रदर्शन किया था। इस मैच में मौटेट जहां बेहतर तैयारी के साथ आए थे वही नागल के पास

स्वियातेक, अल्काराज और जोकोविच की जीत से शुरुआत, ओसाका हारी

पेरिस। इगा स्वियातेक और कार्लोस अल्काराज ने फ्रेंच ओपन जीतने के दो महीने से भी कम समय में रोला गैरां पर वापसी करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के एकल वर्ग में जीत से अपने अभियान की शुरुआत की।नोवाक जोकोविच ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की। दूसरे दौर में उनका मुकाबला राफेल नडाल से हो सकता है। नडाल ने हालांकि अल्काराज के साथ मिलकर पुरुष युगल में जीत के साथ शुरुआत की। स्पेन की इस जोड़ी ने अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6 (4), 6-4 से हराया। शनिवार को खेले गए अंतिम मैच में एंजेलिक कर्बर ने नाओमी ओसाका को 7-5, 6-3 से हराया। यह दोनों पूर्व में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी है।विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी स्वियातेक ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगू को 6-2, 7-5 से जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन अल्काराज ने लेबनान के हैडी हबीब को 6-3, 6-1 से हराया। रूस

रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

पेरिस। जीत के साथ शुरूआत करने वाली भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक पुरूष हॉकी स्पर्धा के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। भारत ने रोमांचक पहले मैच में शनिवार को आखिरी सीटी बजने से डेढ मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर न्यूजीलैंड को हराया। इस मैच में हालांकि तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका और नौ पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। न्यूजीलैंड की टीम ने पहला गोल भी जल्दी दाग दिया था और अब आगे कठिन मैचों में भारत को इस गलती से बचना होगा। अर्जेंटीना की टीम मैन टू मैन मार्किंग में मुस्तैद है और भारत को इसमें सेंध लगानी होगी। भारत को ओलंपिक में कठिन पूल बी मिला है जिसमें मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड है। भारत के लिए न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आयरलैंड के खिलाफ पहले तीनों मैच काफी अहम है जिसके बाद सामना बेल्जियम और आस्ट्रेलिया से होगा। अर्जेंटीना को हराने पर क्वार्टर फाइनल की राह पक्की हो जाएगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश एक बार फिर दीवार की तरह गोल के सामने खड़े रहे। श्रीजेश का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारत अभी पूल बी में बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन अभी सभी टीमों ने एक एक मैच ही खेला है। हर पूल से शीर्ष चार टीमें क्वार्टर फाइनल में जाएंगी।

अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए किसी वैकल्पिक योजना की कमी दिखी।

फ्रांस के खिलाड़ी ने अंडरआर्म सर्विस, ड्रॉप शॉट्स, फोरहैंड स्लाइस और बैकहैंड स्लाइस का प्रभावी इस्तेमाल कर मैच पर अपनी पकड़ बनाई। मौटेट को स्थानीय खिलाड़ी होने का भी फायदा मिला क्योंकि स्टेडियम में मौजूद दर्शक लगातार उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे।

गेंदबाजों के कप्तान हैं सूर्यकुमार यादव : अक्षर

पालेकल। भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि टी20 टीम के नव नियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव गेंदबाजों के कप्तान हैं क्योंकि वह उन्हें अपनी रणनीति के अनुसार चलने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। अक्षर ने इसके साथ ही कहा कि श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में भारतीय टीम बल्लेबाजी में अधिकतम संयोजन आजमाने की कोशिश करेगी। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 43 रन से जीत दर्ज करके शानदार शुरुआत की।अक्षर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला में सूर्या भाई (कप्तान) के साथ खेला था। मैं जानता था कि वह गेंदबाजों के कप्तान हैं। वह आपको अपनी रणनीति पर अमल करने की पूरी छूट देते हैं। जब भी आपकी गेंद पर शॉट लगता है तो वह आपके पास आकर कहते हैं कि यह अच्छी गेंद थी। वह आपको सलाह देते रहते हैं।

भारत ने सीरीज पर कब्जा किया

- दूसरे टी20 में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया

पल्लेकल। भारत और श्रीलंका के बीच जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रविवार को भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ सात विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज का तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को बारिश की दखलंदाजी का सामना करना पड़ा। पहले ओवर की सिर्फ तीनों गेंदों पर ही मैच रोक दिया गया। उस दौरान भारत का स्कोर 60 था और जायसवाल.सैमसन क्रीज पर मौजूद थे। बारिश रुकने के बाद अंपायर्स ने ओवर्स में कटौती और भारतीय टीम को नया लक्ष्य 78 रनों का मिला जो उन्हें आठ ओवरों के भीतर हासिल करना था।

तैराकी में जीशान की स्वर्णिम सफलता

लखनऊ। केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर के काजी जीशान तनवीर ने संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता बालक वर्ग में तैराकी में एक स्वर्ण व कांस्य पदक अपने नाम किया। केंद्रीय विद्यालय आईआईटी कानपुर में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए काजी जीशान तनवीर ने पहले 100 मी.फ्रीस्टाइल में स्वर्णिम सफलता हासिल की। फिर 50 मी.फ्रीस्टाइल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद कांस्य पदक जीता। काजी वर्तमान में एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस मॉडर्न अकादमीए गोमतीनगर, विनय खंड-2 की तैराकी अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। काजी की सफलता पर सेंटर निदेशक डा.आनंद किशोर पाण्डेय ने खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

अजहर ने डीएडी स्पोर्ट्स को दिलाई जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच जीशान अजहर नाबाद 46 की उपयोगी पारी से डीएडी स्पोर्ट्स ने आठवीं नीलम टी 20 कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में विंटेज वारियर्स को 8 विकेट से पराजित करते हुए पूरे अंक जुटाए। मात्र छाया ग्राउंड पर विंटेज वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 119 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज प्रवीन प्रकाश ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। मोहित पाठक ने नाबाद 35, सिद्धार्थ भूटानी ने 14 व संजय गिरि ने 12 रन जोड़े। जवाब में डीएडी स्पोर्ट्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.5 ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाकर मैच जीत लिया।सलामी बल्लेबाज अभिषेक मिश्रा 15 रन ही बना सके। हालांकि उनके जोड़ीदार सुधीर सिंह ने 38 गेंदों पर 1 चौके से नाबाद 33 और जीशान अजहर ने 17 गेंदों पर 4 चौके व 4 छक्के से नाबाद 46 रन बनाकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। उरुज अली ने 21 रन का योगदान किया।

यूनिटी कालेज को नोएडा की रीजनल एथलेटिक्स में तीन पदक

लखनऊ। नोएडा के सेंट जोजफस कालेज में 25 से 27 जुलाई तक आयोजित सीआईएससीई रीजनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लखनऊ यूनिटी कालेज के दो प्रतिभागियों ने तीन पदक जीतकर कालेज का नाम रोयान किया। यूनिटी कालेज के छात्र कायम अब्बास ने अण्डर-19 के बालक वर्ग में 100 मीटर की हीट में पहला स्थान हासिल कर फाइनल दौड़ में जगह बनायी। 100 मीटर फाइनल में कायम अब्बास जैदी को पिछले वर्ष के एसजीएफआई चैम्पियन मयंक प्रयागराज से पिछड़ना पड़ा और कांस्य पदक पर ही संतोष करना पड़ा। वहीं गोरखपुर के विजय को रजत पदक में सफलता मिली जो कि कई बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। कायम अब्बास ने 4 गुणे 100 मीटर रीले में रजत पदक जीता। वहीं कालेज के मोहम्मद फरहान ने अण्डर 14 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया। कालेज के सचिव नजमुल हसनए प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज, उपप्रधानाचार्य सचिन भारती, खेल अध्यापक व पूर्व हाकी खिलाड़ी आमिर अली कार्यालय अधीक्षक शाहीद हुसैन सहित समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं ने कायम अब्बास व मोहम्मद फरहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए पदक जीतने की मुबारकबाद दी साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी।

भारत का सपना टूटा,आठ विकेट से हारी फाइनल

- श्रीलंका बना महिला एशिया कप चैम्पियन

भाषा। दाम्बुला

हर्षिता समरविक्रमा और कप्तान चमारी अटापट्टू की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 87 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में रविवार को यहां भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। गत चैमपियन भारत को छह विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाकर यादगार जीत दर्ज की। भारतीय टीम की इस हार में खराब गेंदबाजी के साथ बेहद लचर क्षेत्ररक्षण का भी हाथ रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने समरविक्रमा का आसान कैच टपकाया जिन्होंने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाए। चमारी ने 43 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया। कप्तान के आउट होने के बाद प्लेयर ऑफ मैच समरविक्रमा ने कविशा दिलहारी के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विजई छक्का लगाने वाली दिलहारी ने 16 गेंद की नाबाद पारी में 30 रन बनाए। दिलहारी ने इससे पहले गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए 36 रन देकर दो विकेट चटकाए थे।

क्विक न्यूज

अमेरिका क्रिकेट ने पात्रता जरूरत पूरी की, जोनाथन एटकीसन को सीईओ बनाया

न्यूयॉर्क। अमेरिका क्रिकेट (यूएसएसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट देश के रूप में अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए दो महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक को पूरा करते हुए जोनाथन एटकीसन को एक अगस्त से अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)नियुक्त किया है। यूएसएसी को इस महीने की शुरुआत में आईसीसी ने दो मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस दिया था। सीईओ की नियुक्ति नहीं होना इसमें से एक कारण था जबकि दूसरा कारण यूएसएसी का अमेरिका ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) द्वारा निर्धारित संचालन नियमों को पूरा नहीं करना था। नियमों के अनुसार प्रत्येक खेल संघ के लिए राष्ट्रीय संचालन संस्था (एनजीबी) का दर्जा प्राप्त करना आवश्यक है। यह लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल किए गए सभी खेलों के लिए आवश्यक है। पिछले साल मुंबई में अपने 141वें सत्र और कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल करने को मंजूरी दे दी थी।

ओलंपिक के लिए जीवंत हो रहा है एक छोटा शहर

शेटराउ (फ्रांस)। नॉर्वे के निशानेबाजी कोच और बीजिंग ओलंपिक 2008 के रजत पदक विजेता टोर ब्रोवोल्ड को अपनी राष्ट्रीय टीम में स्कीट निशानेबाजों से दूर रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि यहां खेल गांव में पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं है।शेटराउ मध्य फ्रांस में 50,000 से कम आबादी वाला एक शांत शहर है, जो पेरिस ओलंपिक की सभी निशानेबाजी स्पर्धाओं की मेजबानी कर रहा है। पेरिस से रेलगाड़ी में ढाई घंटे का सफर करके यहां पहुंचा जा सकता है। यही वजह है कि यहां पहुंचे 340 खिलाड़ी खेलों के मुख्य केंद्र से काफी हद तक कटे हुए हैं।पेरिस से 270 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी करने के बाद सीमित सार्वजनिक परिवहन के कारण शेटराउ में आवागमन करना मुश्किल होगा, जो सभी के लिए निःशुल्क है।खेल गांव से बाहर रह रहे खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया कर्मियों के लिए खेल स्थल तक आवागमन का एकमात्र साधन आयोजन समिति द्वारा मुहैया कराई गई परिवहन सुविधा है। खिलाड़ी और कोच के रूप में चार ओलंपिक में भाग ले चुके ब्रोवोल्ड शनिवार को आयोजकों द्वारा बस के समय में परिवर्तन किए जाने के कारण अपनी टीम के साथ अभ्यास सत्र से चूक गए।

भारत दोहरे अंक में पदक जीतने के लिए तैयार: नीता

पेरिस। खेल प्रशासक और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने कहा है कि तोक्यो ओलंपिक में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतने के लिए तैयार है। ला विलेट में इंडिया हाउस के उद्घाटन के मौके पर पीटीआई से विशेष बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि वह दिन अब दूर नहीं है जब भारत ओलंपिक की मेजबानी करेगा। पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी की इच्छा की घोषणा की थी और देश के एक अरब 40 करोड़ लोगों के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने का संकल्प लिया था।नीता ने कहा, हम बहुत अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं। हमारे खिलाड़ियों में से 47 प्रतिशत लड़कियां हैं। यह सब महिला शक्ति और हमारे युवा लड़के-लड़कियों के लिए है, हम उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम पहली बार पदक की संख्या को दोहरे अंक में देख पाएंगे। आगे बढ़ो भारत, भारत को गौरवांवित करो। पेरिस ओलंपिक के शानदार उद्घाटन समारोह के पूरी दुनिया का ध्यान खींचने के एक दिन बाद ओलंपिक में पहले कंट्री हाउस इंडिया हाउस का उद्घाटन हुआ जिसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और आईओसी के अधिकारी और प्रशासक भी शामिल हुए। नीता ने कहा, भारत आ गया है। अब समय आ गया है कि एथेंस में पहली बार जलाई गई ज्योति हमारी प्राचीन भूमि भारत के आकाश को रोशन करे। वह दिन दूर नहीं जब भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। इंडिया हाउस के उद्घाटन पर यह हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा, पहली बार पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का अपना घर है। यह एक ऐसी जगह है जहां हम अपने खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे, उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे और उन्हें शुभकामनाएं देंगे। यह विचार उनके दिमाग में कैसे आया यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब मैं ब्राजील, कोरिया में शीतकालीन ओलंपिक और फिर तोक्यो गई थी तो हमारे पास इंडिया हाउस नहीं था।

गेमिंग लैपटॉप से होगा मनोरंजन

मुंबई। नए शैक्षणिक साल के शुरू होने के उपलक्ष्य में क्रोमा ने अपना सबसे मशहूर बैक टू कैंपस सेल शुरू किया है। गेमिंग के शौकीनों के लिए क्रोमा महज 49ए990 की शुरुआती कीमत पर दमदार गेमिंग लैपटॉप पेश कर रहा है। नोट लेनेए ऑनलाइन सीखने और मनोरंजन के लिए छात्र टैबलेट के विशाल रेंज का चयन करें और ?12ए000 तक के छात्र लाभों को अनलॉक करें । इसके अतिरिक्तए शियोमीए सैमसंग और वनप्लस जैसे शीर्ष ब्रांड सभी ऑफर सहितए केवल ?14ए999 से शुरू हो रहे हैं। क्रोमा के सुविधाजनक वित्तपोषण विकल्पों के साथ अपनी खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। आसान ईएमआई भुगतान का आनंद लें और चयनित क्रेडिट कार्ड पर स्टोर में तत्काल छूट सहित विशेष बैंक ऑफर का लाभ उठाएं। लैपटॉप्स, टैबलेट्स, स्मार्टफोन्स, स्मार्टवॉचेस, हेडफोन्स और इयरफोन्स पर आकर्षक ऑफर्स के साथ क्रोमा का बैक टू कैंपस सेल शैक्षणिक और मनोरंजन के प्रति उत्साही छात्रों के लिए खरीदारी की अतुलनीय खुशी लेकर आता है। क्रोमा के बैक टू कैंपस सेल का सबसे बड़ा आकर्षण होती हैं लॅपटॉप्स की डील्सएइसमें एआई लैपटॉप प्रति माह 2799 रुपये से शुरू होते हैं और चयनित लैपटॉप के साथ कीबोर्ड और माउस, स्मार्टवॉच और टीडब्ल्यूएस ईयरबड जैसे 20,490 रुपये तक के मुफ्त उपहार पाने का मौका मिलता है।

ओडिसी इलेक्ट्रिक का स्पीड स्कूटर देगा रफ़्तार

वाराणसी। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली भारत में सबसे तेजी से बढ़ रही कंपनी ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने वाराणसी में आधुनिक फीचर्स से लैस स्कूटर के नए मॉडल स्नैप हाई.स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च करने की घोषणा की। ओडिसी इलेक्ट्रिक द्वारा पेश यह स्कूटर भारत के इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्नैप हाईस्पीड स्कूटर की कीमत 79,999 रुपये है। ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के सीईओ नेमिन वोरा ने कहा कि ओडिसी स्नैप का लॉन्च गतिशालता के नएनए साधनों की दिशा में बदलाव लाने वाला कदम है। अपनी जबर्दस्त परफॉर्मेंस और शानदार डिजाइन के के साथ लॉन्च किया गया हमारा स्नैप स्कूटर यात्रियों को स्थायी परिवहन के साधन प्रदान करता है और उनकी जरूरतों को पूरा करता है। यह शहर की सड़कों पर स्मार्ट तरीके से पर्यावरण की रक्षा करते हुए यात्रा सुनिश्चित करता है। इसी तरह वाराणसी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक महत्व यहां तेजी से होते शहरीकरण और आर्थिक गतिशीलता का पूरक है जो इसे हमारी डीलरशिप के विस्तार के लिए इसे आदर्श बनाता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वार